आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 27°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज

निवेश की संभावना तलाशने जापान से यूपी आएंगे करीब ढाई सौ सीईओ
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 13 फरवरी, 2025 | पेज : 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 122 | www.janexpresslive.com/epaper



महाकुंभ भगदड़ को लेकर ममता बनर्जी...
12

# 2 करोड़ ने लगाई डुबकी



## महाकुंभ: 15 किमी तक भीड़, श्रद्धालुओं पर मुस्लिमों ने बरसाए फूल, अनिल कुंबले ने स्नान किया

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ है। शाम 6 बजे तक 2 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। एक्टर सुनील शेट्टी ने भी संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने कहा, आज वाकई मैंने गंगा नहा लिया। भीड़ को देखते हुए 13 से 15 फरवरी तक प्रयागराज में 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। लेकिन, पढ़ाई ऑनलाइन होगी। इससे पहले श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। काटजू रोड पर मस्जिद के बाहर जुटे नमाजियों ने भी श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। महाकुंभ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाए, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल महाकुंभ सेंटर को बंद रखा गया।



## महाकुम्भ की आस्था में ओतप्रोत नजर आए अनिल कुंबले

- एक्स पर लिखा, प्रयागराज महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम कर प्राप्त किया आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अनिल कुंबले ने माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उनकी पत्नी चेतना रामतीर्था भी इस आध्यात्मिक यात्रा में उनके साथ रहीं। कुंबले ने संगम स्नान के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कीं। उन्होंने अपनी तस्वीरों के साथ सिर्फ एक शब्द लिखा और वो था ब्लेस्ड (आशीर्वाद)। इससे उनका तात्पर्य यही था कि त्रिवेणी संगम में स्नान कर उन्हें भी पुण्य की प्राप्ति हुई और तीर्थराज प्रयागराज का आशीष मिला।

### बिना प्रोटोकॉल किया संगम स्नान

अपनी फिरकी से विरोधी बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाने वाले अनिल कुंबले मंगलवार को ही प्रयागराज पहुंच गए थे। हालांकि, त्रिवेणी स्नान के लिए उन्होंने माघ पूर्णिमा का पावन दिन चुना। इस दिन महाकुम्भ में वीवीआईपी प्रोटोकॉल जारी नहीं होता। इसके बावजूद वह सामान्य श्रद्धालु की तरह नाव पर सवार होकर त्रिवेणी संगम पहुंचे और संगम में स्नान किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी चेतना भी मौजूद रहीं। दोनों ने सूर्य को अर्घ्य दिया और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर पुण्य डुबकी लगाई। उन्होंने नाव पर सवार होकर सेल्फी भी अपलोड की और माघ पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रमा की छवि भी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की। इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने कुंबले महाकुम्भ की भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत नजर आए।

### संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात

संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दे रहे हैं, ताकि भीड़ न बढ़ पाए। ज्यादातर लोगों को बाकी घाटों पर स्नान के लिए भेजा जा रहा है। भीड़ कंट्रोल के लिए पहली बार मेले में 15 जिलों के डीएम, 20 आईएएस और 85 पीसीएस अफसर तैनात किए गए हैं। काटजू रोड पर अब्दुल्लाह मस्जिद में उमड़े नमाजियों ने श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए। इधर, लखनऊ में सीएम योगी सुबह 4 बजे से मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से महाकुंभ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डीजी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और कई सीनियर अफसर भी हैं। महाकुंभ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाए, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल महाकुंभ सेंटर को बंद कर दिया गया है। महाकुंभ में कल्पवास भी खत्म हो जाएगा। संगम स्नान के बाद करीब 10 लाख कल्पवासी घर लौटेंगे।

### मेला के साथ पूरे शहर की निगरानी

इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) से पूरे मेला क्षेत्र के साथ साथ पूरे शहर की भी निगरानी की जा रही है। 2750 हाई-टेक कैमरों, एंटी-ड्रोन सिस्टम और विशेष सुरक्षा टीमों के जरिए हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। महाकुम्भनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि ड्रोन से एरियल सर्विलांस के माध्यम से 24 घंटे पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। वहीं, दूसरी ओर आईसीसीसी के जरिए सुरक्षा व्यवस्था के खास इंतजाम किए गए हैं। इससे क्राउड मैनेजमेंट में बड़ी मदद मिली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ड्रोन के जरिए पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है।

### डीजीपी बोले, वॉर रूम में 2500 कैमरे एक्टिव, हम निगरानी रख रहे



उत्तर प्रदेश डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा- महाकुंभ 2025 का ये पांचवां स्नान है। महाशिवरात्रि का स्नान होना बाकी है। मौनी अमावस्या के दिन एक गलती हुई थी, उससे सीख लेते हुए हम इस पर काम कर रहे हैं कि और बेहतर प्रबंधन कैसे हो। हमने एक प्रबंधन तकनीक अपनाई, जिसका नतीजा है कि महाकुंभ में अब तक 46 से 47 करोड़ लोग आ चुके हैं। आज भी 10 बजे तक 1 करोड़ 3 लाख लोगों ने स्नान किया है। प्रयागराज के अलावा हमारा ध्यान चित्रकूट, काशी विश्वनाथ मंदिर, विंध्याचल मंदिर, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर है। हमने लखनऊ में वॉर रूम बनाया है, हमारे 2500 से ज्यादा कैमरे एक्टिव हैं, हम उन सभी से लाइव फीड ले रहे हैं। रेलवे मुख्य स्नान वाले दिन 400 से ज्यादा ट्रेनें चला रहा है और करीब 350 ट्रेनें रोजाना चलाई जा रही हैं।

## नहीं रहे राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास

लंबी बीमारी के बाद निधन, बुधवार सुबह 8 बजे उन्होंने पीजीआई में अंतिम सांस ली

- आचार्य सत्येंद्र दास को ब्रेन हेमरेज हुआ था, जिसके बाद उनको लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया था
- आज अयोध्या की सरयू नदी किनारे होगा अंतिम संस्कार
- उनका पार्थिव शरीर पीजीआई से अयोध्या लाया जा रहा



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राम भक्त और अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। बुधवार सुबह 8 बजे उन्होंने पीजीआई में अंतिम सांस ली। आचार्य सत्येंद्र के शिष्य प्रदीप दास ने उनके निधन की पुष्टि की है। उनका पार्थिव शरीर पीजीआई से अयोध्या लाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को अयोध्या की सरयू नदी किनारे उनका अंतिम संस्कार होगा। आचार्य सत्येंद्र दास को ब्रेन हेमरेज हुआ था, जिसके बाद उनको लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया था। आचार्य सत्येंद्र दास लंबे समय से बीमार चल रहे थे। तबीयत बिगड़ने के बाद कुछ दिन पहले उनको अयोध्या के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने एसजीपीजीआई के लिए रेफर किया गया।

### न्यूरोलॉजी आईसीयू में इलाज चल रहा था

वह डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों से भी पीड़ित थे। न्यूरोलॉजी आईसीयू में डॉक्टरों की गहन निगरानी में इलाज चल रहा था। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी एसजीपीजीआई पहुंचकर उनका हालचाल जाना था।

### सीएम योगी ने सामाजिक व आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति बताया

आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। उन्होने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 卐परम रामभक्त, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दुखद एवं सामाजिक व आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें

### सत्येंद्र दास ने 1992 में बाबरी विध्वंस के समय रामलला की मूर्तियां गोद में लेकर हटाई थीं

आचार्य सत्येंद्र दास का जन्म संतकबीर नगर के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। 50 के दशक के शुरू में वह अयोध्या आए और अभिरामदास के शिष्य बने थे। अभिराम दास जी वही हैं, जिन्होंने 1949 में मंदिर में रामलला की मूर्तियां स्थापित की थीं। आचार्य सत्येंद्र दास जी, राम विलास वेदांती और हनुमान गढ़ी के संत धर्मदास तीनों गुरुभाई हैं। सत्येंद्र दास ने 1992 में बाबरी विध्वंस के समय रामलला की मूर्तियां गोद में लेकर हटाई थीं। वे लंबे समय से श्रीरामजंभूमि के मुख्य पुजारी थे।

## एक्स पर 'माघ पूर्णिमा महाकुंभ' नंबर वन पर करता रहा ट्रेंड

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिव्य और भव्य नजारा सोशल मीडिया पर छाया रहा। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और आध्यात्मिक उल्लास के बीच माघ पूर्णिमा महाकुंभ एक्स (ट्विटर) पर नंबर वन पर ट्रेंड करता रहा। इस पवित्र अवसर पर आए लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे पूरे देश में उत्साह और भक्ति का माहौल बन गया। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने के लिए देश भर से श्रद्धालु पहुंचे। स्नान के दौरान 'हर हर गंगे' और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयघोष से पूरा महाकुंभ क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

## अमेठी हत्याकांड के पीड़ित ने डीजीपी से लगाई गुहार

# साहब ! भाई के हत्यारे अब केस वापस लेने को धमका रहे

- टीम गठित करके दोषियों पर की जाए सख्त कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय


भाई को षड्यंत्र रचके मौत के घाट उतारने वाले दोषी अब पीड़ित परिवार को केस वापस लेने के लिए धमका रहे हैं। जान से मारने की लगातार मिल रहीं धमकियों से परेशान मृतक पंकज कनौजिया के बड़े भाई सूरज कनौजिया ने पुलिस महानिदेशक से मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पत्र के माध्यम से डीजीपी से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### आसपास के लोगों से घटना के बारे में पता चला

नीरज कनौजिया के अनुसार आसपास के लोगों के जरिए भाई के एक्सीडेंट होने की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो पंकज रोड के किनारे खून से लटपट पड़ा था। शिवम सिंह, विकास एवं उसके साथी वहां से गायब थे। भाई को अस्पताल ले गए जहां से लखनऊ ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर किया गया। घटना के 22 दिन बाद इलाज के दौरान भाई पकंज कनौजिया जिंदगी की जंग हार गए।

### शिकायतकर्ता को जान का खतरा

पीड़ित नीरज कनौजिया ने डीजीपी से गुहार लगाते हुए सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की है। पीड़ित ने कहा कि मामले में अभी तक शिवम सिंह जिनके ऊपर कई अपराधी मामले हैं विकास सिंह हिस्ट्रीशीटर एवं बृजभान सिंह साजिशकर्ता केस वापस लेने को धमका रहे हैं। केस वापस नहीं लेने की स्थिति में जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं।




अमेठी कांड: गुहार पर गुहार

पीड़ित की नहीं सुनती सरकार!

### भाई की मौत के बाद भी दुर्घटना की लिखी तहरीर

मृतक पंकज के भाई नीरज कनौजिया ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए बताया कि अस्पताल में भाई के एडमिट रहते हुए पुलिस भाई के बयान लेने भी नहीं पहुंची थी। और पंकज की सांसें थमने के बाद उनके घर के बार भाई मात्रा में फोर्स तैनात कर दी गई थी और पुलिस ने थाने पर बुलाकर जबरन दुर्घटना की तरहरी ली थी और राजनीति दबाव में आकर हत्या को दुर्घटना में तब्दील कर दिय गया।

### पत्र पर पत्र भेजे पर नहीं जागे अफसर

न्याय की आस लगाए बैठे पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक अमेठी को 22 बार प्रार्थना पत्र जांच दोषियों पर कार्रवाई करने की आवाज उठाई, लेकिन तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। आरोप है कि पुलिस अधीक्षक ने जाति विशेष का होने के चलते गैंगस्टरों को बचाया गया।

### घर से कुछ दूर छोड़ने की कहकर भाई को साथ ले गए थे बदमाश

नीरज कन्नौजिया निवासी कल्यानपुर अमेठी ने बताया कि उसके भाई पकंज कन्नौजिया को बीते साल एक फरवरी 2024 हिस्ट्रीशीटर को शिवम सिंह, विकास सिंह और उसके साथी यह कहकर साथ ले गए कि किसी की दुर्घटना हो गई है। घर से दूर 5 किलोमीटर चौराहे तक छोड़ दो। उसके बाद बदमाशों ने भाई को पीटा। सिर में धारदार हथियार से घाव करने के बाद घटना को हादसे में तब्दील करने के लिए बीच सड़क पर फेंक दिया।

### सूचना के बाद भी पुलिस बयान लेने नहीं पहुंची थी अस्पताल

नीरज कनौजिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाई के साथ हुई घटना की जानकारी तत्कालीन अधिकारी पुलिस अधीक्षक अमेठी, सीईओ अमेठी लल्लन सिंह और थाना प्रभारी पीपरपुर संदीप राय को लिखित में दी थी। बताया था कि गैंगस्टरों ने पंकज को बुरी तरीके से मारा पीटा है, उसकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर पर है, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने मामला में कार्रवाई नहीं है।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की 60 लाख रुपये की संपत्ति जब्त, मुंबई में फ्लैट खरीदने को दी थी रकम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में सपा सरकार में खनन मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की 60 लाख रुपये की संपत्ति को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को जब्त कर लिया। ईडी ने गायत्री के खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई की है। बता दें कि ईडी ने लोकायुक्त संगठन की जांच के बाद हुई सिफारिश के बाद विजिलेंस द्वारा गायत्री के खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मुकदमे के आधार पर जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में पता चला कि गायत्री ने सपा सरकार में खनन मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया। अपने परिवार के सदस्यों और अन्य करीबी सहयोगियों एवं मित्रों के नाम पर तमाम चल-अचल संपत्तियां अर्जित की, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों के अनुरूप नहीं थीं। गायत्री और उनके परिवार के सदस्यों ने अपनी काली कमाई को विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से कई फर्जी और दिखावटी लेन-देन के माध्यम से खपाया, जिससे बाद में निजी संपत्तियों को खरीदा गया। इसके लिए उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों का भी इस्तेमाल हुआ। इससे पहले ईडी गायत्री, उनके परिजनों एवं करीबियों की 71 संपत्तियों को जब्त कर चुका है, जिनकी कीमत 50.37 करोड़ रुपये है।

## आज मिल सकतें हैं भाजपा को नए जिलाध्यक्ष

- दिल्ली विस चुनाव और मिल्कीपुर उपचुनाव के चलते टाली गईं थी जिलाध्यक्षों की नियुक्ति
- जिलाध्यक्षों की लिस्ट में कई चौंकाने वाले नाम भी आ सकते हैं सामने

संतोष कुमार दीक्षित

राज्य मुख्यालय। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव और मिल्कीपुर उपचुनाव में मिली अभूतपूर्व जीत से गदगद बीजेपी कार्यकर्ताओं को जल्द ही नए जिलाध्यक्ष मिलने जा रहे हैं। दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और यूपी के केंद्रीय चुनाव प्रेक्षक विनोद तावड़े के साथ बैठक में यह निर्णय संभवत- हो गया है। 70 जिलों में नए नामों का ऐलान गुरुवार को हो सकता है। इसके लिए तैयारियां की जा चुकी हैं।

### बैठक में लिस्ट के नामों पर लगी मुहर

भाजपा के जिलाध्यक्षों की बहुप्रतीक्षित लिस्ट लगभग तय हो चुकी है। सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसे लेकर सोमवार के मुख्यमंत्री आवास पर सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक भी हो चुकी है। बैठक में चुनाव प्रदेश चुनाव समिति की ओर से तैयार की गई सूची पर मंथन हुआ। सीएम के साथ बैठक के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह , प्रदेश के चुनाव अधिकारी डा. महेंद्रनाथ पांडेय जिलाध्यक्षों के नाम वाली सूची लेकर दिल्ली रवाना हो गए थे।



### कई चौकाने वाले नाम आ सकते हैं सामने

सूत्रों की मानें तो चौंकाने वाले नामों के लिए चर्चित भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष के मामलों में भी कुछ ऐसा करने जा रही है। नए भाजपा जिलाध्यक्षों में भी कुछ नाम ऐसे शामिल हैं जो कभी चर्चा में नहीं आए। हालांकि इसमें कितनी सच्चाई है यह एक से दो दिन में क्लीयर हो जाएगा।

### दिल्ली से मिली हरी झंडी

राजनीतिक सूत्रों की मानें तो भाजपा से शीर्ष नेतृत्व ने भूपेंद्र सिंह चौधरी और धर्मपाल सिंह की लिस्ट पर चर्चा के बाद इसे हरी झंडी दे दी है। अब महज नामों के घोषणा होना बाकी है। बाकी सारी फॉर्मलिटीज कंप्लीट कर ली गईं हैं।

### संवेदनशील 15 से 20 जिलों में नामों को लेकर मंथन जारी

भाजपा 70 जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा कभी भी कर सकती है, लेकिन अभी भी 15 से 20 जिले ऐसे हैं जो अति संवदेनीशील हैं। इन जिलों में कई दावेदार होने के चलते भाजपा लिस्ट फाइनल नहीं कर पा रही है। इन जिलों में जातिगत समीकरण साधने के साथ ही आपसी मतभेदों को दूर करने के लिए पर्द के पीछे कई दिग्गजों को लगाया है जो जिलों में जाकर वहां के कार्यकर्ताओ की नब्ज टटोल रहे हैं। संभवत- जल्द ही इन संवेदनशील जिलों में भी नए जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा हो जाए।

### विधानसभा चुनाव के चलते टाली जिलाध्यक्षों की नियुक्ति

कई राज्यों में प्रदेश इकाई का गठन भी हो चुका है। मगर यूपी में अभी जिलाध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। यह प्रक्रिया 15 से 20 जनवरी के बीच पूरी होनी थी। मगर बीते दिनों राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और यूपी की मिल्कीपुर सीट पर विस उपचुनाव होना था। संभवत- इसकी को लेकर जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को टाल दिया गया था।

# रेत के बजाए क्रशर डस्ट से किया जा रहा निर्माण, गुणवत्ता की गारंटी नहीं

## रैपुरा ग्राम पंचायत के राजापुर मार्ग में बनाया जा रहा नाला

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

सरकारी निर्माण कार्यों में धड़ल्ले से अनियमिताएं बरती जा रही है। निर्माण कार्य में सीमेंट के साथ क्रेशर धूल का प्रयोग किया जा रहा है, जो कुछ ही समय मे बिखरकर गिरने की आशंका है। लेकिन कोई देखने सुनने वाला नहीं है।

मानिकपुर विकास खण्ड के रैपुरा ग्राम पंचायत में लाखों की लागत से कराए जा रहे नाला निर्माण में जमकर धांधली की जा रही है। निर्माण कार्य में धड़ल्ले से गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। नाला निर्माण में अच्छी रेत की जगह सबसे अधिक क्रेशर की डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। लाल रेत का थोड़ा बहत भी प्रयोग नहीं किया जा रहा है। निर्माण में रेत के बजाए क्रेशर से पिसकर आने वाली डस्ट यानि धूल को मिलाकर निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में नाला कितने दिनों तक टिका रहेगा अपने आप में बड़ा सवाल है। रैपुरा ग्राम पंचायत के राजापुर मार्ग के किनारे नाले का निर्माण किया जा रहा है, जहां जमकर धांधली हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान और सचिव की साठगांठ के चलते घटिया निर्माण को अंजाम दिया जा रहा है। जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्न चिह्न लग रहे हैं।

घटिया निर्माण से नाली की लंबी उम्र का खुद अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसी हालत में इसकी उम्र ज्यादा नहीं होगी। ग्रामीणों का आरोप है कि चल रहे नाली निर्माण में प्रधान के द्वारा इतना घटिया कार्य करवाया गया है कि नाली एक वर्ष से ज्यादा नहीं टिक पाएगी।





### सीडीओ की चेतावनी बेअसर

रैपुरा ग्राम पंचायत में लाखों की लागत से बन रहे नाला निर्माण में मानक की खूब अनदेखी की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर की चेतावनी के बाद भी ग्राम प्रधान सुधरने को तैयार नहीं। सत्ता की हनक दिखा बालू की जगह प्रतिबंधित क्रेसर डस्ट का उपयोग अभी भी धड़ल्ले से जारी है। निर्माण में कहीं भी गुणवत्ता देखने को नहीं मिल रही है। कहीं डस्ट तो कहीं सीमेंट की मात्रा काफी कम है।

### संस्थाओं पर कसावट की जरूरत

अब अगर आम जनता गुणवत्ता की निगरानी करेगी तो फिर इंजीनियर, सब इंजीनियर जो कि लाखों रुपए वेतन ले रहे हैं, वे किस लिए लगाए गए हैं। अधिकारियों, कार्यदाई संस्थाओं पर कसावट न होने के कारण मनमर्जी से काम किए जा रहे हैं और काम पूरा होते ही पूरा भुगतान कर लिया जाता है। विकास कार्यों के नाम पर घटिया निर्माण कार्य गायब हो जाते हैं।

## मधुमक्खियों ने श्रद्धालुओं पर किया हमला, चार घायल

जन एक्सप्रेस/कालपी। कोतवाली क्षेत्र में ग्राम छौंक के पास खाना बनाते समय मधुमक्खियों ने श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गुजरात के करीब 1 दर्जन युवक दो कारो पर सवार होकर कुंभ स्नान करने गए थे। बुधवार को वह वापस घर जा रहे थे। तभी कालपी क्षेत्र के ग्राम छोंक के पास उन्होंने गाड़ी को किनारे लगाकर खाना बनाने की प्रक्रिया शरू कर दी। तभी अचानक मधुमक्खियों का झुंड वहा आ गया, और जिन्हें देखकर वह सभी खाना छोड़ कर वहा से भाग निकले। इसी दौरान नरेंद्र, कुणाल, पिंटू व राम को मधुमक्खी ने बुरी तरह काट लिया। इससे वह वही बेहोश हो गए और पूरे शरीर पर सूझन आ गई। झुंड के जाने के बाद दोस्तो ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पर तुंरत पहुची एम्बुलेंस से चारो घायलों को कालपी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों के साथियों ने बताया कि भगवान की कृपा रही की हाइवे पर भगदड़ के समय कोई वाहन नही निकल रहा था।

## ग्रामीण किसानों को कराया शैक्षणिक भ्रमण



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

आजीविका परियोजना के अंतर्गत द हंस फाउंडेशन ने मऊ व मानिकपुर के 20 ग्राम पंचायतों के 35 किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवा का भ्रमण कराया। साथ ही उन्हें कृषि, पशुपालन व लघु उद्योग की ट्रेनिंग प्रोग्रामों के माध्यम से आजीविका संवर्धन के तरीकों की जानकारी दी। किसानों ने कृषि विज्ञान केन्द्र के बगीचों एवं लघु उद्योग यूनिटों को देखा तथा उस विषय पर प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से किसानों ने बागवानी में कई प्रकार के प्रयोगों को देखा तथा पशुपालन में गिरी गाय, साहीवाल गाय एवं देशी गाय की किस्म को देखा। साथ ही मुर्गी पालन में कड़कनाथ, देशी किस्म एवं उसकी विशेषता के विषय में भी विज्ञान केन्द्र के प्रोफेसरों से जाना। इस मौके पर परियोजना प्रबंधक संतोष कुमार मिश्रा, विषय विशेषज्ञ डॉ श्रीकांत, इं मुकेश मंडरहा, ब्लॉक समन्वयक आसाराम सिंह, मुकेश तिवारी, फील्ड समन्वयक दुर्गेश, सफाक खातून, पवन, आशीष रजनीश, प्रिंस सहित किसान आदि मौजूद रहे।

# बीडीओ कदौरा के संरक्षण में फलफूल रहा कथित भ्रष्टाचार का बीजारोपण

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह 'बादशाह'

उरई/जालौन। भ्रष्टाचार के मामले में कदौरा विकासखंड पहले पायदान पर खड़ा नजर आता हैं। फिर चाहे मनरेगा योजना में कागजी कार्य कराने का मामला हो या फिर गांवों में कराये जाने वाले पक्के कार्यों का मामला रहा है या फिर पंचायत मित्र की तीन फर्मो के नाम करोड़ों रुपयों का भुगतान पहुंचाये जाने का मामला हो। विकासखंड के ग्रामीणांचल में विकास कार्यों पर निगरानी रखने की जिम्मेदारी मुख्यतः बीडीओ की रहती हैं। लेकिन बीडीओ के ही संरक्षण में भ्रष्टाचार का बीज अंकुरित हों तो फिर भगवान ही मालिक हो सकता हैं।

पीलीभीत जनपद में तैनाती के दौरान भ्रष्टाचार की सुर्खियां बटोरने के बाद जांच की शुरूआत होते ही उनका स्थानांतरण जनपद जालौन के लिये हो गया था। इसके बाद उन्होंने कदौरा में कार्यभार संभालने के बाद पीलीभीत जनपद में जो खेला उनके द्वारा किया गया था उसकी पुनरावृत्ति करने का माहौल बनाकर पंचायत मित्र की तीन फर्मों को अपने मुफीद समझा और फिर अपना खेला शुरू कर दिया। जबकि बीडीओ को पंचायत मित्र की तीनों कथित फार्मो से कथित तौर पर मोटी रकम का सौदा फिक्स होने के बाद उन्हें धड़ाधड़ तरीके से कार्य देना शुरू कर दिया। जिसमें एक फर्म के नाम से एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान भी किया जाना बताया जा रहा है। जबकि मवई अहीर के रोजगार सेवक के पिता और भाई के नाम से दो फर्मों का पंजीयन है, इतना ही नहीं उक्त दोनों फर्मों के नाम प्रति वर्ष 1 से पांच करोड़ रुपये का लेनेदन होता है, यह बात भी बीडीओ को अच्छी तरीके से पता है। क्षेत्र पंचायत कार्यालय के सूत्रों की मानें तो मवई अहीर के रोजगार सेवक के पिता और भाईयों के इसी ग्राम पंचायत से जॉबकार्ड भी बने हुये है उनमें भी समय-समय पर मनरेगा योजना से उनके बैंक खातों में मजूदरी का पैसा पहुंचाया जाता है जबकि हकीकत में उक्त दोनों मनरेगा में मजदूरी करते ही नहीं हैं। रोजगार सेवक की मासिक आय बमुश्किल दस हजार रुपये के आसपास होती ऐसी स्थिति में यदि वह मिलने वाले मानदेय का एक रुपया भी खर्च न करें तो उसके पास 15 से 20 लाख रुपये एकत्रित हो सकता हैं। लेकिन इससे कई गुना अधिक रोजगार सेवक ने सम्पत्ति कहां से अर्जित की है यह जांच का विषय हो सकता हैं।

### पूरनपुर ब्लाक में टेंडर फर्जीबाड़े में फंसी बीडीओ की गर्दन

उरई। कदौरा विकासखंड में पदस्थ बीडीओ इससे पहले पीलीभीत जनपद के पूरनपुर विकासखंड में तैनात थे। जहां ब्लाक प्रमुख का आकस्मिक निधन होने के बाद उन्होंने गुपचुप तरीके से 8 करोड़ के टेंडर आरईएस जेई की सांठगांठ से निकालकर अपने नजदीकी ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया था। इतना नहीं आनन फानन में बीडीओ ने कई ठेकेदारों को भुगतान भी कर दिया गया था। जब मामले की जानकारी क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान को पता चली, तो उन्होंने बीडीओ के भ्रष्ट कारनामों की शिकायत शासन से की थी। इसके बाद शासन स्तर से बीडीओ के जांच शुरू हो गयी थी, जो आज भी लंबित हैं। मजे की बात तो यह है कि बीडीओ ने जो टेंडर निकाले थे। उनमें कई काम तो क्षेत्र के बाहर के थे। इसके बाद उनका स्थानांतरण जनपद जालौन के लिये हो गया था।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने ग्रामोदय महोत्सव के समापन को बनाया यादगार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में पांच दिनों से चल रहे ग्रामोदय महोत्सव के समापन सहित स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही जंयती के अवसर पर संत रविदास को याद किया गया।

समारोह में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक समरसता, भक्ति और मानवता का संदेश दिया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कर्म, सद्भाव और प्रेम के मार्ग पर चलकर समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। उनके आदर्शों को अपनाकर एक समतामूलक समाज की स्थापना का संकल्प लें। कहा कि 12 फरवरी 1991, महाशिवरात्रि के दिन विवि की स्थापना, भारत रत्न नानाजी के प्रयास और प्रेरणा से हुई थी। स्थापना पर्व पर आयोजित ग्रामोदय महोत्सव हमारी सामूहिकता का उद्घोष है, हमारे आत्मबोध का उत्सव है। इस महोत्सव की शुरुआत ग्रामोदय से राष्ट्रोदय संगोष्ठी से हुई, खेलकूद की विभिन्न स्पर्धाओं, बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं ने छात्रों में टीम भावना और अनुशासन को बढ़ावा दिया तथा युवाओं में रचनात्मकता और तर्कशीलता को प्रेरित किया।

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन शाला विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु प्रो बैद्यनाथ लाभ ने कहा कि समर्पण और जज्बा हो तो कोई भी बाधा हमें रोक नहीं सकती। संकल्प और मेहनत से किसी भी परिस्थिति को बदला जा सकता है। कहा कि जब आप सब पढ़ लिख कर दुनिया की हलचल का हिस्सा बन जाएंगे तो यह पल बहुत याद आएंगे। इसलिये इन पलों को, इन यादों को, सहेज लीजियेगा क्योंकि यह पल दुबारा नही मिलने वाले।

स्थापना दिवस समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन डॉ विवेक फड़नीश और संचालन ललित कला के विद्यार्थियों ने किया। इस दौरान पांच दिनों तक चले ग्रामोदय महोत्सव में संपन्न विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। इस मौके पर कुलसचिव प्रो आरसी त्रिपाठी, प्रो नंदलाल मिश्रा, डॉ विवेक फड़नीस, डॉ अभय कुमार वर्मा, डॉ ललित कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## किसान ने खेत पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बोहरा में युवक ने खेत पर बने कमरे के पीछे रस्सी बांधकर खुदखुशी कर ली। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बोहरा निवासी किसान अजय कुमार खेतीकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। जो बुधवार की सुबह घर से खेत पर गया और ट्यूबवेल पर बनी कोठी की छत पर चढ़कर पीछे की दीवार पर रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान खेतों पर काम करने गए, किसानों ने जब उसका शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो खबर उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूंछतांछ शुरू कर दी। मामले में कोतवाल पप्पू सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पता लगाया जा रहा है आखिर युवक ने यह कदम क्यों उठाया है।

## पत्नी से हुए विवाद के बाद पति ने जहर खाकर दी जान

जन एक्सप्रेस/उरई। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर में पत्नी से हुए विवाद के बाद पति ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।डकोर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा बंधौली निवासी धर्मेंद्र सिंह 28 वर्ष शहर के मुहल्ला इंदिरा नगर में मकान बनाकर रहता था। उसके साथ उसकी पत्नी प्रियंका व चार वर्षीय पुत्र कार्तिकेय भी रहता था। मंगलवार की शाम को उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इससे क्षुब्ध होकर उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे वह अचेत होकर गिर गया। अचेतावस्था में पति को देखकर पत्नी ने चिल्लाना शुरू कर दिया। घर में शोर सुनकर परिजनों के अलावा आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान मोहल्ले के लोगों ने उसे मेडिकल कालेज पहुचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के भाई ओमेंद्र सिंह ने बताया कि वह गुजरात में रहकर किसी कंपनी में काम करता था, जो कई महीनो से काम पर नहीं गया था। भाई व भाभी का आए दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था। इसी कारण भाई ने खुदकुशी कर ली। फिलहाल कोतवाली के एसएसआई उदय प्रताप ने शव का पंचनामा भरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## क्रेन से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

जन एक्सप्रेस/माधौगढ़। कोतवाली क्षेत्र में ग्राम ऊंचा रोड़ राजावत ढावा के पास क्रेन से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर खड़ी क्रेन को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। माधौगढ़ कस्वा निवासी अभिषेक शर्मा 36 वर्ष पुत्र पंकज शर्मा खेती किसानी करता था। बुधवार को वह किसी काम को लेकर बाइक से गांव मढ़ा के पास जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक ग्राम ऊंचा रोड पर राजावत ढावा के पास पहुंची। तभी क्रेन से उसकी भिड़न्त हो गई। इतना ही नहीं बल्कि क्रेन के नीचे चले जाने के कारण पहिया चढ़ने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसा देखकर राहगीरों ने खबर पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मामले में कोतवाल पप्पू सिंह का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बल्कि घटना को अंजाम देने बाली क्रेन कब्जे में ले ली गई है और तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# माघ पूर्णिमा में लाखों श्रद्धालुओं ने किया मंदाकिनी स्नान, मुक्त कंठ व्यवस्थाओं की सराहना

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



धर्मनगरी में माघ मास की पूर्णमासी के अवसर पर बुधवार को पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में डुबकी लगाकर कामदगिरि परिक्रमा की। इस दौरान बेहतरीन प्रशासनिक इंतजामों के चलते श्रद्धालुओं को आवागमन में सुगमता बनी रही। साथ ही यहां आएं श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं को शानदार बताया।

बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम के साथ मेला क्षेत्र के रामघाट में नाव से भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि रामघाट व परिक्रमा मार्ग सफाई बनी रहनी चाहिए। सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को भी सतर्क होकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि मंदाकिनी नदी में बैरिकेडिंग के साथ ही साथ पोस्टर लगवाएं, जिससे श्रद्धालु नदी में गहरे पानी में न जाने पाए। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजीत यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी प्रकार पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ मेला क्षेत्र के रामघाट व परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान डीआईजी ने अधिशासी अधिकारी से कहा कि परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा लेटकर तथा पैदल परिक्रमा किया जाता है। इसको देखते हुए परिक्रमा मार्ग में सफाई का अत्यधिक ध्यान रखा जाए। साथ ही रामघाट पर भी सफाई व्यवस्था भी बनी रहनी चाहिए। उन्होंने दुकानदारों से कहा दुकानों को मार्ग के किनारे ही लगाए तथा अतिक्रमण न करें। पुलिसकर्मियों को परिक्रमा मार्ग में वाहनों को न जाने देने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला क्षेत्र के तैनात पुलिस कर्मियों से कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मेला से धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगातार रोड पर मोबाइल पार्टी व पीआरवी वाहन भ्रमण करते रहे। पुलिस कर्मियों को सतर्क होकर ड्यूटी करते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजीत यादव, चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल गुप्ता, पीआरओ प्रदीप पाल मौजूद रहे।

# बहुजन समाज पार्टी ने मनाई संत रविदास की जयंती




जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

बुधवार को जनपद में संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय में संत रविदास की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बसपा के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने कहा कि संत रविदास ने समाज में फैले जाति भेदभाव को नकारते हुए समानता का संदेश दिया। बसपा भी संत रविदास के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में समानता लाने का प्रयास कर रही है। इस मौके पर जिला संयोजक बामसेफ बृजमोहन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य जगदीश सिंह यादव, चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, विनय कुमार पाल, प्रखर सिंह पटेल, प्रिंस कुशवाहा, जीवनलाल वर्मा, चैतूराम वर्मा, राजेश कुमार रैकवार, हरिपत, राममूरत वर्मा, कमलेश कुमार वर्मा, रविकरण यादव, कामता प्रसाद पटेल, केशव प्रसाद वर्मा आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली श्री विष्णु महायज्ञ की कलश यात्रा

जन एक्सप्रेस । उरई



राठ रोड स्थित गल्ला मंडी परिसर में कलश यात्रा संग श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। पीले धोतियां पहनें महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। श्रद्धालुओं ने कलशयात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। बच्चों की मनमोहक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के बटुकों ने यज्ञाचार्य शिवसंपति द्विवेदी के निर्देशन पर पूजन करने के बाद गल्ला मंडी स्थित राधाकृष्ण मंदिर से कलशयात्रा रवाना की। कलशयात्रा राठ रोड से मौनी बाबा मंदिर, घंटाघर, मच्छर चौराहा, स्टेशन रोड होते हुए वापस गल्ला मंडी पहुंची। शोभायात्रा में दर्जन भर से अधिक बैंडबाजा, लगभग 15 स्कूलों की झांकियां, दीवारी नृत्य, तीन बहुरुपिया पार्टी, हजारों महिलाएं और आधा सैकड़ा से अधिक संस्कृत महाविद्यालय के छात्र भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल का बच्चा बैंड शोभायात्रा को भव्यता प्रदान कर रहा था। शोभायात्रा का रास्ते में कई जगह फूलों से स्वागत हुआ। शोभायात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विधायक विनोद चतुर्वेदी, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता चल रहे थे।आयोजक मंडल में प्रदीप महेश्वरी, केदार भारद्वाज, अरविंद पटैरिया, रामप्रकाश गुप्ता, शिवराम, छोटे इटैदिया, उदय सिंह, संजीव दुबे रिनियां, रवींद्र, आशीष, महावीर गुप्ता, अनूप लखौटिया, वासीराम यादव, उदय राजपूत टीमरो व रविंद्र राजपूत करमेर आदि व्यवस्था में लगे रहे। गल्ला व्यापार समिति के अध्यक्ष देवीदीन राजपूत ने बताया कि इस बार विष्णु महायज्ञ का 34 वां आयोजन है। गल्ला व्यापारियों के सहयोग से हर साल यज्ञ को लगातार भव्यता प्रदान की जा रही है।

## टैंकर में पीछे से घुसी कार चालक घायल

जन एक्सप्रेस/कालपी। आटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार आगे चल रहे टैंकर में पीछे से घुस गई। जिसमें कार पर सवार युवक घायल हो गया। जालौन निवासी अरविंद कुमार 25 वर्ष का आटा में एचपी का पम्प बना हुआ है। जो बुधवार की सुबह करीब 11 बजे अपने पम्प से काम खत्म करके कार से कालपी की तरफ जा रहा था। जैसे ही दूसरे एचपी पम्प के पास पहुचा। तभी आगे जा रहे पेट्रोल टैंकर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे स्कॉर्पियो टैंकर के पिछले हिस्से से टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर लगने के बाद राहगीरो ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर आटा थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने पहुचकर घायल को इलाज के लिए एनएचएआई की एम्बुलेंस से भर्ती करा दिया। एसओ ने बताया कि वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। घायल को इलाज के लिए भेज दिया गया है, जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# अल्लाह के नबी मोहम्मद साहब के बताएं रास्ते पर चले-यही कामयाबी का रास्ता : दानिश मियाँ

जन एक्सप्रेस । उरई



शहर के छुटकन चाट वाली गली में आराम फरमा रहे सैय्यद शफे शाह बाबा के 25 वें सालाना उर्स में ईशा की नमाज के बाद जलसे की महफिल सजी। उलमाए-इराम ने मोहम्मद साहब की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए उनके बताएं रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कहा कि यही कामयाबी का रास्ता है।

धर्मगुरु सैय्यद दानिश मियाँ ने तकरीर करते हुए कहा कि सूफिया-ए-कराम ने न सिर्फ अल्लाह और उसके रसूल से सच्ची मुहब्बत का नमूना पेश किया, बल्कि इंसानियत को बगैर किसी भेदभाव के सही रास्ता दिखाया। बताया कि किस तरह दुनिया और आखेरत में कामयाबी हासिल की जा सकती है। इससे पहले शायरे इस्लाम सैय्यद कैफ़ी अली मनकाबत पढ़ते हुए कहा कि मेरा मुर्शिद सोड़ा, मेरा मुर्शिद सोड़ा पर अक़ीदतमंदो ने गगनभेदी नारे लगाए। वही मुफ़्ती जाकिर हुसैन ने शबे बरात की फजीलत बयान करते हुए कहा कि शबे बरात की रात रहमतों की रात है। हदीस में शबेबरात की बड़ी फजीलत बतायी गयी है। हदीस के मुताबिक इस रात में रहमतों की बारिश होती है। बताया कि इस रात में अल्लाह अपने बन्दों पर बहुत मेहरबान रहता है, इसलिए इस रात में ज्यादा से ज्यादा इबादत किया करो। अपने किए गुनाहों से तौबा कर अल्लाह से सही रास्ते पर चलने की दुआ मांगनी चाहिए। सच्चे दिल से मांगी गई दुआ अल्लाह कबूल फरमाता है। बताया कि इस बाबरकत रात में भी उस शख्स की दुआ कबूल नहीं होती जो अपने बूढ़े मां-बाप की नाफरमानी करता है।अख्तर रजा सुल्तानी ने भी शबे बरात का जिक्र करते हुए कहा कि शबेबरात के दिन रोजा रखना, कसरत से नमाज पढ़ना और कुरआन ए मजीद की तिलावत करना जरूरी है। रात में जाग कर फर्ज नमाज के साथ-साथ सुन्नत, नफिल व वित्र की नमाज सहित सलातुस्तस्बीह जरूर पढ़नी चाहिए। वही आये हुए उलमाए-इराम का दरगाह ख़ादिम इरफ़ान बाबा ने बेच लगाकर फूलो की माला पहनाकर इस्तकबाल किया। इस मौके पर वकील शाह अशरफी, फैजान खान, इसरार उर्फ इशू, शाहरुख सिद्दीकी, साजिद, जीशान, समीर मंसूरी, नावेद, बबलू, नफीस आदि मौजूद रहे।




### साल भर में पांच लाख वृक्षारोपण के लक्ष्य से...

आगरा। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण के महत्व को समझते हुए किशोर शक्ति फाउंडेशन द्वारा शक्ति ऑफ फॉरेस्ट अभियान के तहत प्रतिवर्ष पांच लाख पौधे रोपने के लक्ष्य रखा गया है। बुधवार को आयोजित हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ पौधे लगने का... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# निवेश की संभावना तलाशने जापान से यूपी आएंगे करीब ढाई सौ सीईओ

- सीएम योगी से मिले जापान के यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल
- यूपी में स्थापित होगा ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस
- यूपी के बुद्धिस्ट सर्किट में जापान ने दिखाई रुचि, बढ़ेंगी पर्यटन की गतिविधियां
- प्रदेश के युवा सीखेंगे जैपनीज़ लैंग्वेज और स्किल, मिलेगी जापान में नौकरी और छात्रवृत्ति



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

जापान के यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल को ओसादा ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। सीएम योगी व यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल को ओसादा के मध्य उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं समेत चार बिंदुओं को लेकर चर्चा हुई। को-ओसादा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावना तलाशने जापान से करीब 250 सीईओ उत्तर प्रदेश आएंगे। सुदृढ़ कानून व्यवस्था, सुशासन के बलबूते आर्थिक प्रगति पर तेजी से बढ़ रहे उत्तर प्रदेश में जापान का प्रतिनिधिमंडल निवेश की संभावनाओं को देखेगा। इससे उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार में भी काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत करने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे।

### यूपी के बुद्धिस्ट सर्किट में जापान ने दिखाई रुचि

को-ओसादा ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के दृष्टि से असीमित संभावनाओं वाला राज्य है। यहां बौद्ध धर्म से जुड़े पर्यटन स्थलों पर जापानी पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए बुद्धिस्ट सर्किट की भूमिका काफी अहम है। जापान से अधिकांश श्रद्धालु व आमजन यहां बुद्धिस्ट सर्किट के अंतर्गत गौतम बुद्ध से जुड़ी जगहों (सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती आदि) पर आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यामानासी प्रांत के लोगों को बुद्धिस्ट सर्किट आने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

### यूपी में स्थापित होगा ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

सीएम व उप राज्यपाल के मध्य हुई वार्ता में ग्रीन हाइड्रोजन पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर उत्तर प्रदेश व यामानासी प्रीफेक्चर के मध्य समझौता होगा और यहां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इसमें जापानी तकनीक का उपयोग होगा। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कराने पर भी चर्चा हुई, जिसमें दुनिया भर के हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी व इसके उपयोग में रूचि रखने वाले प्रतिनिधि भी उपस्थिति रहेंगे। हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी में यामानासी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के छात्रों को औद्योगिक प्रौद्योगिकी का अध्ययन करने का अवसर प्रदान करेगा।

### युवाओं को सिखाएंगे जापानी भाषा, देंगे छात्रवृत्ति

सीएम योगी आदित्यनाथ व को ओसादा के मध्य यूपी के युवाओं के लिए जापान व यामानासी प्रांत में रोजगार की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। साथ ही जापानी भाषा का ज्ञान व अन्य ट्रेड के विषय में भी बात हुई और यह तय हुआ कि युवाओं को विभिन्न ट्रेंड्स में कौशल प्रशिक्षण कराकर वहां भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अध्ययन करने के लिए आने वाले छात्रों को यामानासी प्रीफेक्चर छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा।

# अब मकान मालिक और किराएदार में नहीं होगी तू-तू, मैं-मैं

## मकान मालिक और किराएदारों के बीच बढ़ते विवाद और कोर्ट केस को देखते हुए योगी सरकार किराएदारी अधिनियम में बदलाव करने जा रही है

- अब रेंट एग्रीमेंट के लिए अलग से पोर्टल बनाया जा रहा है
- नए पोर्टल के माध्यम से मकान मालिक और किराएदार के बीच एग्रीमेंट होगा
- इसकी एक निर्धारित फीस भी रखी जाएगी, जो वर्तमान की तुलना में काफी कम रहेगी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मकान मालिक और किराएदारों के बीच बढ़ते विवाद और कोर्ट केस को देखते हुए योगी सरकार किराएदारी अधिनियम में बदलाव करने जा रही है। अब रेंट एग्रीमेंट के लिए अलग से पोर्टल बनाया जा रहा है। मकान मालिक और किराएदार के बीच अक्सर विवाद के मामले सामने आया करते हैं। नौबत मारपीट और कोर्ट मुकदमे तक की आ जाती है। ? स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि नए पोर्टल के माध्यम से मकान मालिक और किराएदार के बीच एग्रीमेंट होगा। इसकी एक निर्धारित फीस भी रखी जाएगी। जो वर्तमान की तुलना में काफी कम रहेगी। जल्द ही नए एग्रीमेंट अधिनियम का प्रस्ताव कैबिनेट में रखने की तैयारी है।

### नए अधिनियम में स्टांप शुल्क 2 प्रतिशत रखने का प्रस्ताव

नए अधिनियम में स्टांप शुल्क 2 प्रतिशत रखने का प्रस्ताव है। न्यूनतम 500 स्टांप शुल्क रखा जा सकता है।? पोर्टल में कराए गए रजिस्टर्ड एग्रीमेंट से मकान मालिक और किराएदार दोनों के हित सुरक्षित रहेंगे एग्रीमेंट के अनुसार मकान मालिक किराएदार को सुविधा उपलब्ध कराएगी इसका प्रिंटआउट भी लिया जा सकता है।

### वर्तमान में रेंट एग्रीमेंट शुल्क है ज्यादा

वर्तमान समय में रेंट एग्रीमेंट किराया और अवधि पर निर्भर करता है। जिसके अनुसार स्टांप शुल्क लिया जाता है। जो काफी महंगा है। इसके बदले मकान मालिक और किराएदार के बीच मन मुताबिक स्टांप लेकर उस पर एग्रीमेंट कर लिया जाता है। जिसकी कोई कानूनी मान्यता भी नहीं है। यही कारण है कि आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और मामला कोर्ट कचहरी तक पहुंच जाता है।? इन सब परेशानियों से बचने के लिए रेट एग्रीमेंट अधिनियम लाया जा रहा है।

# मोहान रोड पर विकसित हो रही अवैध साइटों के खिलाफ आंख बंद कर बैठे प्राधिकरण के अधिकारी







- अधिकारियों के संरक्षण में विकसित हो रही जी0एन0 रेजिडेंसी व मैहर सिटी शांति कुंज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ विकास प्राधिकरण मोहान रोड़ पर बिना प्राधिकरण से मानक पास कराएं विकसित साइडों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहें अधिकारी। हजारों लाखों रुपए का वेतन पाने वाले अधिकारी विभाग द्वारा दी गई जिम्मेदारियां को निभाने में असफल हो रहे हैं। क्योंकि क्षेत्र में कई तैनात अधिकारी व कर्मचारियों के बाद भी मोहान रोड़ पर जी0एन0 रेजिडेंसी साइड ग्राम पान खेडा मजरा शिवरी मोहान रोड़ व मोहान रोड़ से सकरा काकोरी रोड़ जाने वाले मार्ग अंग्रेजी व देशी शराब ठेके के सामने मैहर सिटी शांति कुंज जिसका नया नाम मां शारदा शांति कुंज विकसित कर प्लाटों की खरीद फरोख्त कर मकानों का निर्माण किया जा रहा है। जबकि इन साइडों के खिलाफ उत्तर प्रदेश नगर नियोजन व विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं में मुकदमा लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्राधिकारी महोदय के न्यायालय में विचाराधीन है। फिर भी प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारियों की मेहरबानीयों पर साइड विकसित की जा रही है। इस संबंध में जब क्षेत्रीय अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो संपर्क नहीं हो पाया।

# माल थाने में तैनात सिपाही जसवीर सिंह ने इंसानियत की मिसाल की पेश, ई-रिक्शा चला कर घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



सड़क हादसे के दौरान पुलिस का मानवीय चेहरा देखने को मिला, जब माल थाने में तैनात सिपाही जसवीर सिंह ने इंसानियत की मिसाल पेश की। आपको बता दें एक ई-रिक्शा चालक सड़क हादसे का शिकार हो गया था, जिसकी सूचना पर उपनिरीक्षक राजाबाबू और आरक्षी जसवीर सिंह मौके पर पहुंचे। घायल को गंभीर अवस्था में देख सिपाही जसवीर सिंह ने बिना देर किए खुद रिक्शा चलाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार हुआ। पुलिसकर्मी द्वारा इस तरह से मानवता दिखाने की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है। स्थानीय लोग उनकी प्रशंसा कर रहे हैं और यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। जसवीर सिंह का यह कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील व्यवहार समाज के लिए प्रेरणादायक है। सिपाही जसवीर सिंह का यह मानवीय और जिम्मेदाराना कार्य वाकई सराहनीय है। आमतौर पर पुलिस के प्रति जनता की धारणा मिली जुली होती है, लेकिन जब कोई पुलिसकर्मी इस तरह से अपनी ड्यूटी से बढ़कर इंसानियत दिखाता है, तो यह समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन जाता है। उनकी त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता ने न केवल घायल व्यक्ति की जान बचाने में मदद की, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास को भी मजबूत किया है। ऐसे पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाना चाहिए ताकि अन्य पुलिसकर्मी भी इससे प्रेरित हों। सिपाही जसवीर सिंह ने यह साबित कर दिया कि खाकी सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद के लिए भी होती है। उनका यह सराहनीय कार्य अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### आचार्य सत्येन्द्र दास के निधन पर भूपेन्द्र चौधरी ने जताया शोक

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने अयोध्या में भगवान रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का पीजीआई लखनऊ में इलाज के दौरान निधन का समाचार अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है। मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद के प्रति आपका सेवा व समर्पण भाव जगत के लिए वंदनीय एवं स्मरणीय रहेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा विपदा की इस घड़ी में शोकाकुल परिजनों एवं उनके अनुयायियों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### आचार्य सत्येन्द्र दास के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दुखी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** अयोध्या में रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के ब्रेन हेमरेज के चलते पीजीआई में चल रहे इलाज के दौरान आज प्रात: निधन हो जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष,पूर्व मंत्री अजय राय ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।अयोध्या में रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ज के निधन की सूचना मिलने पर कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष एवं प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह प्रात: पीजीआई पहुंचे।

### ऑटोमेटिक वेदर गेज स्टेशन स्थापना में देरी पर कृषि मंत्री नाराज

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विंड्स कार्यक्रम अन्तर्गत स्थापित किए जाने वाले ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन एडब्ल्यूएस ऑटोमैटिक रेनगेज की प्रगति समीक्षा बैठक कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में उनके आवास 08 कालिदास मार्ग में सम्पन्न हुई।बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने विंड्स कार्यक्रम अंतर्गत विकास खंड स्तर पर 308 एडब्ल्यूएस एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 55570 एआरजी स्थापित किए जाने की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। प्रदेश में कार्यरत दोनों कंपनियों को निर्देशित किया कि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें अन्यथा अनुबंधसमाप्त कर दिया जाएगा। योजना समय से पूर्णकर किसानों को मौसम संबंधित जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया जाए जिससे किसानों को उसका लाभ मिल सके। बैठक में कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, सचिव कृषि इन्द्र विक्रम सिंह, कृषि निदेशक, निदेशक कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, प्रतिनिधि कार्यरत कंपनी ओबेल द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### दीनदयाल उपाध्याय ने उठाई जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के विरूद्व अवाज-चौधरी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब लखनऊ के तत्वावधान में पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर संस्थान प्रांगण में स्थित दीनदयाल उपाध्याय की विशाल प्रतिमा पर संस्थान के अधिकारियों कार्मिकों द्वारा माल्यापर्ण के उपरान्त संस्थान के अपर निदेशक बीडी चौधरी की अध्यक्षता में एक बैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैचारिक संगोष्ठी का संचालन संस्थान के डॉ एसके सिंह सहायक निदेशक द्वारा किया गया। संगोष्ठी के दौरान संस्थान के अधिकारियों एवं संकाय सदस्यों द्वारा उपस्थिति जनसमूह को सम्बोधित करते हुए बताया कि दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद दर्शन के एक प्रमुख प्रणेता एवं प्रचेता होने के साथ स्वत्रंतता संग्राम के आन्दोलन में1940 में ही अपनी युवा अवस्था में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना के वशीभूत अपनी अद्वितीय एवं प्रमुख भूमिका निभायी।

## योगी सरकार अब तक की सबसे अक्षम सरकार-राय

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री सीपी राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव से धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति करती रही है। महाकुम्भ में व्याप्त भारी अव्यवस्था के चलते जिस प्रकार तमाम श्रद्धालुओं की दुःखद मृत्यु हुई, एम्बुलेंस की व्यवस्था तक यह सरकार कराने में नाकाम रही, अपने खोये हुए परिजनो को लोग अभी भी बदहवाश हालत में इधर-उधर ढूंढने के लिए मजबूर हैं। मृतकों की संख्या आज तक योगी सरकार उपलब्ध नहीं करा पाई है, योगी सरकार अब तक की सबसे अक्षम और निकम्मी सरकार साबित हुई है। प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर जिस प्रकार हाईटेक व्यवस्थाओं का झूठा प्रचार-प्रसार किया गया, हाईटेक महाकुम्भ, हाईटेक खोया-पाया सेन्टर की स्थापना, हाईटेक एआई पावर कैमरा जैसे तरह-तरह के हाईटेक सुरक्षा का जनता को विश्वास दिलाया गया, जिसके चलते भारी भीड़ धर्म और आस्था के नाम पर वहां पर एकत्र हुई, किन्तु दुःखद यह है कि करोड़ों रूपये पानी की तरह बहाने के बाद भारी संख्या में श्रद्धालुओं की जिन्दगी सरकार की अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गयी।भारत के संविधान निर्माता विद्वानों ने हमारे देश के संविधान में अनुच्छेद 51 ए (एच) में उल्लेख है कि आने वाले सरकारें देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने का काम करेंगीं किन्तु आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी ठीक इसके विपरीत कार्य कर रही है।डॉ सीपी राय ने कहा कि वाराणसी में भी सरकार की इन्हीं अव्यवस्थाओं के चलते कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या जैसे तीन शहर भारी जाम और कुप्रबन्धन के चलते अस्त-व्यस्त हो गये हैं। जनता अव्यवस्था और कुप्रबंधन के चलते अपनी जान गंवा रही है।

## जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संत रविदास ने उठाई आवाज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

महान समाज सुधारक सन्त रविदास की जयन्ती माघ पूर्णिमा आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गयी। इस अवसर पर सन्त रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।इस अवसर पर मौजूद कांग्रेसजनों ने कहा कि संत रविदास एक महान भक्ति संत, समाज सुधारक और कवि थे, जिन्होंने जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। उनके द्वारा दिया गया प्रेम, एकता और भक्ति का संदेश आज भी लोगों को प्रेरित करता है। संत रविदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें समाज में समानता, प्रेम, भक्ति और सादगी का महत्व सिखाती हैं। उनके दोहे आज भी प्रासंगिक हैं और मानवता को सही दिशा दिखाते हैं। संत रविदास जयंती पर उनके संदेशों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

# ऊसर की जमीन पर कब्जा करने वालों पर दर्ज हुआ पारा थाने में मुकदमा

## नगर निगम ऊसर की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण की खबर जन एक्सप्रेस अखबार ने प्रमुखता से किया था प्रकाशित, नगर निगम अधिकारियों ने लिया संज्ञान दर्ज कराया

- लेखपाल ने हो रहें अवैध निर्माण को रोकने के लिए दिया शिकायती पत्र, नहीं रुक निर्माण, दर्ज हुआ मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



हंसखेड़ा चौकी पुलिस की शह पर प्रॉपर्टी डीलर ऊसर की जमीन पर कर रहे अवैध निर्माण

लखनऊ। बीते कई दिनों से नगर निगम ऊसर की जमीन खसरा संख्या 2755 रकबा 0.677हे0 व 2760 रकबा 0.0580हे0 पर कुछ प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध कब्जा कर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिसकी शिकायत चुन्नू खेड़ा थाना पारा निवासी शिकायतकर्ता श्रीमती जानकी देवी पत्नी स्वर्गीय गंगाराम द्वारा लखनऊ जिलाधिकारी से लिखित शिकायत की थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि हमारे गांव में खसरा संख्या 2755 व 2760 जो ऊसर की जमीन है, जिस पर प्रॉपर्टी डीलर श्रीराम यादव, जितेंद्र कुमार यादव व चंदन सिंह द्वारा कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा था, इसकी जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को हुई तो मौके पर जाकर निर्माण कार्य को रुकवाया, लेखपाल के जाने के बाद फिर से अवैध निर्माण शुरू हो गया, लगातार ऊसर की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण की खबर को नायब तहसीलदार नगर निगम रत्नेश कुमार व लेखपाल अनुपम कुमार ने लिया संज्ञान 12 फरवरी को मौके पर गए तो निर्माण कार्य हो रहा था, नायब तहसीलदार के आदेश के बाद अवैध कबजेदारों पर पारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया।

# पशुधन मंत्री पहुंचे रहमान खेड़ा, वीर्य उत्पादन केन्द्र का किया निरीक्षण

- कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य पूर्ति का फरमान, कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: धर्मपाल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र रहमानखेड़ा लखनऊ का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने केन्द्र पर पाले जा रहे उच्च आनुवंशिक गुणों के सांड़ों के रखरखाव की स्थिति देखी। केन्द्र पर वर्तमान में एचएफ, जर्सी, जर्सी संकर, साहीवाल, हरियाना, गिर एवं मुर्रा नस्ल के167 सांड पाले जा रहे हैं। यहाँ पर मुर्रा, साहीवाल, गीर, जर्सी और 80 लीटर प्रतिदिन तक दूध देने वाली एचएफ ब्रीड का वीर्य किसानों के लिए उपलब्ध है। सांडों के रखरखाव की मंत्री ने सराहना की। निर्देश दिया कि सांडों के खानपान एवं स्वास्थ्य पर निरन्तर ध्यान दिया जाये।श्री सिंह ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। मंत्री ने कृत्रिम गर्भाधान एआई के लक्ष्य प्राप्ति में अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सीईओ एलडीबी को निर्देशित किया कि कृत्रिम गर्भाधान एआई का लक्ष्य शतप्रतिशत पूरा किया जाय। मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि केन्द्र पर भण्डारित 19,97,658 अतिहिमीकृत वीर्य की स्ट्राज को पशुपालकों को अतिशीघ्र वितरित किया जाए, जिससे पशुपालकों को उनके पशुओं हेतु उच्च गुणवत्ता के वीर्य के माध्यम से उन्त नस्ल की मादा संतति प्राप्त हो सके। कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपेक्षित परिणाम न मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पशुधन मंत्री ने केंद्र के कर्मियों से भी वार्ता की उनकी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। केन्द्र पर वीर्य विधायन प्रयोगशाला व गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला के कार्यों का निरीक्षण कर प्रसन्नता व्यक्त की। नवनिर्मित होने वाली वर्गीकृत वीर्य उत्पादन प्रयोगशाला के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिया कि वर्गीकृत वीर्य उत्पादन प्रयोगशाला को शीघ्र शुरू किया जाये, जिससे पशुपालकों एवं किसानों को उच्च गुणवत्ता की मादा संतति प्राप्त हो सके। छुट्टा जानवरों की समस्या से किसानों को छुटकारा मिल सकेगा। पशुपालकों और किसानों को पशु बीमा का क्लेम मिलने में कठिनाई न हो। यदि समस्या आई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, बीमा कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करेंगे। बीते वर्ष बीमा का कार्य बीच में छोड़ देने वाली बीमा कंपनियों के विरूद्व आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिये।केन्द्र पर निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डा योगेन्द्र सिंह पवार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा नीरज गुप्ता, अपर निदेशक गोधन डा मेमपाल सिंह, अपर निदेशक लखनऊ मण्डल डा गोपेश श्रीवास्तव, अपर निदेशक डा ओपी सोनकर, संयुक्त निदेशक डीएफएस डा नीरज कुमार वर्मा एवं केन्द्र के पशु चिकित्सा अधिकारी डा सीपीसिंह, डा सर्वेन्द्र कुमार गुप्ता, डा दीप्ति वर्मा एवं अन्य कार्यकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने जापान के प्रतिनिधिमंडल के साथ किया विचार-विमर्श

- उत्तर प्रदेश में जापानी विश्वविद्यालयों की स्थापना की संभावनाओं पर हुई चर्चा
- उत्तर प्रदेश और यामानाशी प्रांत के बीच उच्च शिक्षा में सहयोग की संभावनाएं-योगेंद्र उपाध्याय

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा को वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इस प्रयास के तहत प्रदेश में विश्वस्तरीय संस्थानों की स्थापना तथा युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विदेशी तकनीकी विशेषज्ञता सुलभ कराने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री रंजनी तिवारी ने जापान के यामानाशी प्रांत के प्रतिनिधिमंडल के साथ विचार-विमर्श किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यामानाशी प्रांत के उप-गवर्नर को ओसादा कर रहे थे, जिनके साथ अंतरराष्ट्रीय रणनीति प्रभाग के निदेशक कोइची फुरुया और यामानाशी सरकार के सलाहकार नीरेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग , अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय संस्थानों की स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्य रूप से छात्र विनिमय कार्यक्रम, छात्रवृत्तियां और अकादमिक साझेदारियों पर विचार किया गया।योगेंद्र उपाध्याय ने 'उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024' पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश में शिक्षा के अनुकूल वातावरण और अधोसंरचनात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। हम यामानाशी प्रांत के साथ छात्र विनिमय कार्यक्रमों और अकादमिक साझेदारी को सक्रिय रूप से बढ़ावा देंगे।

# दीन दयाल उपाध्याय अर्न्तप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 4 का भव्य उद्घघाटन

■ कैबिनेट मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने प्रतियोगिता का फीता काटकर किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



सतांव ग्रामीण क्षेत्रों मे दबी-छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने में ऐसी प्रतियोगितायें ही माध्यम बनती है। इस भव्य प्रतियोगिता से ऐसे खिलाड़ियों का उदय हो, जो भविष्य में प्रदेश और देश के लिए खेलकर अपना और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जल शक्ति स्वतंत्र देव सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठनकर्ता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य स्मृति में सतांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह द्वारा आयोजित की जाने वाली पं. दीनदयाल उपाध्याय अर्न्तप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 4 के उद्घघाटन के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर एकत्र खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों को सम्बोधित करते हुये स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि निश्चित तौर पर उमेश प्रताप सिंह द्वारा आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता से क्षेत्र के होनहार खिलाड़ियों के भविष्य को संरक्षित करने में मील का पत्थर साबित होगा। स्वतंत्र देव सिंह ने इस प्रतियोगिता को भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से आरम्भ करने के लिए उमेश प्रताप सिंह एवं उनकी टीम की सराहना की। कैबिनेट मंत्री ने कामना की इस भव्य प्रतियोगिता से ऐसे खिलाड़ियों का उदय हो जो भविष्य में प्रदेश और देश के लिए खेलकर अपना और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच उन्नाव व रायबरेली की टीमों के मध्य निर्धारित 12-12 ओवरों का खेला गया। टॉस जीत कर उन्नाव की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी रायबरेली की टीम ने आर्शीवाद की 53 रनों की विष्फोटक पारी की मदद से 149 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उन्नाव की टीम आयुष और विशाल की तीखी गेंदबाजी के आगे निर्धारित 12 ओवरों में 6 विकेट खोकर 127 रन ही बना सकी। बेहतरीन गेंदबाजी 3 ओवरों में 23 रन देकर चार विकेट लेने वाले आयुष को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

## आचार्य सत्येंद्र दास के निधन से अयोध्या के संत धर्माचार्य शोकाकुल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

श्री रामजन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के निधन पर अयोध्या के संत धर्माचार्यों ने शोक व्यक्त किया है। बुधवार सुबह लखनऊ पीजीआई में उनका निधन हो गया।

श्री रामजन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास जी महाराज का साकेतवास हो गया। आज माघ पूर्णिमा के पवित्र दिन बुधवार प्रातः सात बजे के लगभग उन्होंने पीजीआई लखनऊ में अंतिम सांस ली। वे वर्ष 1992 से रामलला की सेवा पूजा कर रहे थे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सहित अयोध्या धाम के संत धर्माचार्यों ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया और कहा कि पुजारी जी ने लगभग 32 वर्ष के सेवाकाल में अनेक उतार चढ़ाव देखे हैं और प्रशासनिक व्यवस्था में मंदिर के अर्चक होने के कारण सहयोगी बने रहे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास महाराज ने सत्येंद्र दास के निधन पर कहा कि यह नश्वर संसार है।

## अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने अमेठी अयोध्या बॉर्डर पर यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बुधवार को अपर जिला अधिकारी अर्पित गुप्ता एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने जनपद के भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र अंतर्गत थौरी बॉर्डर पर पहुंचकर यातायात संचालन, सुरक्षा उपायों और भारी वाहनों की आवाजाही का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क के किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को हटाया जाए, अतिक्रमण पर सख्ती बरती जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए।उन्होंने कहा कि भारी वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जाए।जनपद में थौरी बॉर्डर एक महत्वपूर्ण ट्रांजिट पॉइंट होने के कारण यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन की प्राथमिकता में है।बताते चले कि महाकुंभ के दृष्टिगत काफी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज व अयोध्या आ जा रहे हैं।जिसके चलते जनपद अमेठी में थाना क्षेत्र पीपरपुर अंतर्गत दुर्गापुर चौराहा प्रयागराज सुल्तानपुर मार्ग तथा थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक अंतर्गत थोरी बॉर्डर अयोध्या रायबरेली मार्ग पर यातायात नियंत्रण एवं सुचारु व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि ट्रैफिकजाम जैसी स्थितियां न बनने पाए।इसके लिए नियमित निगरानी और प्रभावी प्रबंधन किया जाए।अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में यातायात सामान्य है।और सड़क पर वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से जारी है।प्रशासनिक स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और यात्रियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात मिले।अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने नागरिकों से भी अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें,जिससे सड़क सुरक्षा और सुगम यातायात की व्यवस्था बनी रहे।

## संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में मनाई गई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती मनाई गई सबसे पहले उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया संत परंपरा के महान योगी परम ज्ञानी संत श्री रविदास जी की समानता और मानव अधिकारों की शिक्षा दिया करते थे वह रविदास नाम से प्रसिद्ध संत रविदास जी की भक्ति आंदोलन के प्रसिद्ध संत थे उनके अनमोल वचन मन चंगा तो कठौती में गंगा आज सच्चे हृदय और प्रेम भक्ति को परिभाषित करने के लिए बोला जाता है इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री ने बताया की संत रविदास जी के उपदेशों को अपने जीवन में उतरने की आवश्यकता है ऐसा चाहू राज्य में जहां मिले सबुन को अन्न छोट बड़ों सब सम बसें रविदास रहे प्रसन्न जैसे दोहों से उनकी सामान्य और जाति पात का प्रहार विचारों का पता चलता है इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्मल शुक्ला सईदुल हसन राजकुमार दीक्षित रामखेलावन पासी सुमित्रा रावत ज्योति प्रसाद पासी राहुल वाजपेई श्रीमती शैलजा सिंह आशीष द्विवेदी सूर्यकुमार बाजपेई मनोज मिश्रा अलका सिंह राजपूत सोनी कुमारी सहित कांग्रेस जन्म उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का डॉ बी आर अम्बेडकर स्टेडियम में हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




नेहरू युवा केंद्र द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि दिनेश कुमार मिश्र एडीएम न्यायायिक अमेठी और विशिष्ट अतिथि मो शमीम वरिष्ठ उपक्रीड़ा अधिकारी को दिनेश मणि ओझा सेवा निवृत्ति लेखा एवं कार्यक्रम अधिकारी,इंजी लालमणि कश्यप सदस्य,जिला युवा कार्यक्रम परामर्श दात्री समिति और रघुवेंद्र प्रताप सिंह ने बैच व टोपी लगाकर स्वागत किया।खेल का शुभारम्भ मुख्य अतिथि दिनेश कुमार मिश्र एडीएम न्यायायिक अमेठी और विशिष्ट अतिथि मो शमीम क्रीड़ा अधिकारी अमेठी ने 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग को हरी झंडी दिखाकर किया। इसमें बालक वर्ग और बालिका वर्ग के लिए एकल विधा खेलों का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़ में मो इबरार प्रथम,रोहित चौहान द्वितीय और सूबेदार तृतीय स्थान पर रहे। कुश्ती बालकवर्ग में प्रथम दिलशाद, द्वितीय विनय यादव,तृतीय कुलदीप बालिका वर्ग में स्लो साइक्लिंग रेस में प्रथम रोशनी पठान,द्वितीय पायल तृतीय आंशिक मिश्रा रही।बैडमिंटन प्रथम आयुषी यादव,द्वितीय तैयबा खातून,तृतीय ब्राह्मणी रही।

प्रतियोगिता में जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र एवं स्पोर्ट्स किट प्रदान किए गए।प्रतियोगिता में कोच प्रेमचंद यादव चंद्रपाल यादव,डॉ एस पी सिंह,संगम मौर्य,कीर्तिपाल सिंह का निर्णायक के रूप में योगदान रहा।सभी ने खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन किया।और प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को प्रेरित किया।एकल विधा प्रतियोगिता का समापन जिला उप क्रीड़ा अधिकारी ने किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा की खेल में हार-जीत तो होती रहती है,लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि आप कैसे खेलते हैं।खेल एक समर्पण और मेहनत का परिणाम है।और उसका फल आपके प्रयासों का परिणाम होता है।÷ खेल का महत्वपूर्ण होना उसकी महत्वपूर्णता के कारण है,न कि उसके परिणाम के कारण। उन्होंने बताया कि कल सामूहिक विधा के खेल कराए जाएंगे।जिला उपक्रीड़ा अधिकारी मो मुशर्रफ ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है।स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।खेल कई प्रकार के होते हैं,जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं।लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है।इस मौके पर पवन कुमार वर्मा अधिशासी अधिकारी, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षासंस्थान आकाश गुप्ता और अभय शर्मा पूर्व राष्ट्रीय स्वयं सेवक नेहरू युवा केंद्र सहित सैकड़ो बच्चे मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कुंभ मेला यात्रियों को भोजन करा कर किया विदा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बछरावां होर्डिंग एरिया,ढ्डष्ठञ्जक्र होर्डिंग एरिया हरचंदपुर,ढ्डञ्जढ्ढ होर्डिंग एरिया, और मुंशीगंज बाईपास पर महाकुंभ जाते समय श्रद्धालुओं,यात्रियों हेतु शिविर लगाकर भंडारे के आयोजन किया यात्रियों को भोजन करा कर सम्मान सहित विदा किया द्य भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली की सीमा में महाकुंभ श्रद्धालु/यात्रियों की सेवा में कोई कमी न रह जाए सभी अस्थाई आश्रय स्थलों में भोजन,पानी बिस्तर,शौचालय और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे इस उद्देश्य से सभी आश्रय स्थलों का प्रशासनिक अधिकारियों भारतीय जनता पार्टी के साथियों के साथ निरीक्षण किया सभी पार्टी कार्यकर्ता,व्यापार मंडल अन्य सामाजिक संगठन से भी अपील की सभी सतर्क रहें जिस समय भी महाकुंभ यात्रियों को हम रायबरेली वासियों की सेवा की आवश्यकता पड़े हम लोग तुरंत सक्रिय हो जाए द्य बछरावां होर्डिंग एरिया, ढ्डष्ठञ्जक्रहार्डिंग एरिया हरचंदपुर,ढ्डञ्जढ्ढ होर्डिंग एरिया का निरीक्षण किया सभी अधिकारी और सामाजिक संगठन पूरी तरह सतर्क मिले एक-एक होर्डिंग एरिया में 10/10 हजार लोगों को किसी समय हर सेवा उपलब्ध हो सके ऐसी तैयारी पूरी है. श्रद्धालुओं से आग्रह है कि उनकी यात्रा के दौरान रायबरेली सीमा के भीतर बनाए गए अस्थाई आश्रय स्थलों में बिना किसी संकोच के रुके आराम करें खाए पिए और जब औचित्य प्रतीत हो तो आगे की यात्रा प्रारंभ करें. उत्तर प्रदेश सरकार और भारतीय जनता पार्टी आपकी सेवा में तत्पर है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी,पूर्व प्रदेश संयोजक वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह दाढ़ी,जिला उपाध्यक्ष, देवेंद्र सिंह,पूर्व नगर अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, जिला मंत्री, विजय सिंह टप्पू, श्रीमती संगीता पासवान, मुकेश श्रीवास्तव पुष्पेंद्र सिंह, विजय रस्तोगी, कार्यकर्ता पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## जन्मदिन पर याद किए गए सेवा और कर्म को सर्वोपरि मानने वाले संत रविदास




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संत रविदास की जयंती पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किएश्री प्रजापति ने बताया कि संत रविदास जी भक्ति आंदोलन के एक रहस्यवादी कवि और संत थे ,उन्होंने जाति का भेद भाव मिटाकर लोगों को एकजुट होने के लिए प्रोत्साहित किया और कर्म को सर्वोपरि माना , अपने समर्पण, सेवा, और कर्मनिष्ठा के बल पर उन्होंने जो आदर्श स्थापित किया वह चिरकाल तक समाज के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा, उन्होंने मन की पवित्रता और सत्यनिष्ठा को ही अपने जीवन का आधार बनाया संत रविदास जी का कथन विश्व प्रसिद्ध है कि-'मन चंगा तो कठौती में गंगा', उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का अवलोकन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन पथ पर अग्रसर रहना चाहिए इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, बीएस त्रिवेदी, धर्मेंद्र शुक्ल, पूजा सिंह, रामकिशोर, शशेंद्र श्रीवास्तव, शशी कनौजिया, रश्मी साहू, मंजरी श्रीवास्तव , सोनी पांडेय, रश्मी सिंह, राममिलन, अजय राज सिंह, विवेक सिंह, सुनील सिंह, चन्दन तिवारी, देवेंद्र तिवारी, अतुल पांडेय, संकल्प मिश्रा, अभिषेक भारद्वाज, वेद मिश्रा, सूर्य प्रताप सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी के विधायक राहुल लोधी ने कहा पुलिस के बल पर बीजेपी नेताओं का आतंक

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर के बथुआ ख़ास देदौर एवं रमवापुर दुबई गाँवों में पीडीए चर्चा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक हरचंदपुर राहुल लोधी ने कहा कि पुलिस प्रशासन के बल पर बीजेपी नेताओं द्वारा हरचंदपुर क्षेत्र में पिछड़ों दलितों पर दबाव बनाकर आतंक फैलाया जा रहा है झूठे मुक़दमें लिखवाकर प्रताड़ित किया जा रहा है बीजेपी के नेताओं को क्षेत्र के थानाध्यक्षों द्वारा भारी पुलिस फ़ोर्स के साथ क्षेत्र भ्रमण कराया जा रहा है जिससे ग़रीबों पिछड़ों दलितों पर भय व्याप्त होता है सामान्य व्यक्ति अपनी फ़रियाद भी पुलिस से करने में डरता है।क्षेत्र में घटनाएँ होती रहती हैं परन्तु थानेदार बीजेपी के नेता के आगे चलकर उनकी शान में मुस्तैद रहते है बीजेपी राज में आम लोगों की सुरक्षा नहीं बल्कि पुलिस सत्ता के झूठे मुक़दमें लिखवाकर प्रताड़ित किया जा रहा है बीजेपी के नेताओं को क्षेत्र के थानाध्यक्षों द्वारा भारी पुलिस फ़ोर्स के साथ क्षेत्र भ्रमण कराया जा रहा है जिससे ग़रीबों पिछड़ों दलितों पर भय व्याप्त होता है सामान्य व्यक्ति अपनी फ़रियाद भी पुलिस से करने में डरता है।क्षेत्र में घटनाएँ होती रहती हैं परन्तु थानेदार बीजेपी के नेता के आगे चलकर उनकी शान में मुस्तैद रहते है बीजेपी राज में आम लोगों की सुरक्षा नहीं बल्कि पुलिस सत्ता के नेता की परिक्रमा करती है।विधायक ने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने एवं विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की आवाज उठाई जा रही है जिसका साथ सभी को मज़बूती से देना है बीजेपी के नेता सिर्फ़ पुलिस के सहारे लोगों में भय एवं आतंक व्याप्त कर रहें हैविधायक बछरावा श्याम सुन्दर भारती ने असहन जगतपुर गाँव में पीडीए बैठक में कहा कि बछरावा विधानसभा क्षेत्र में घरेलू बिजली बिलों में कर्मचारियों द्वारा भारी हेराफेरी की जा रही ग़लत रीडिंग लिखकर कई गुना अधिक बिजली बिल की धनराशि उपभोक्ताओं से वसूली जा रही है बिल ठीक करने के नाम पर रिश्वत माँगी जा रही है।उन्होंने कहा कि यदि इसमें सुधार नहीं हुआ तो आगामी विधानसभा सत्र में मामला सदन में उठाया जायेगाजनपद के कई गाँवों में पीडीए चर्चा कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इ.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि पीडीए कार्यक्रम की सफलता ही आगामी विधानसभा में समाजवादी पार्टी को जनपद में और अधिक मज़बूती देगी।कार्यक्रमों को वरिष्ठ नेता चन्द्रप्रकाश आज़ाद,राजेंद्र यादव मुनेश्वर पासी,चौधरी सुरेश निर्मल,कृपा शंकर यादव,बबलू लोधी जगदेव प्रसादशिवकरन चौधरी,देवतादीन कुशवाहा,डा.जावेद आदि ने संबोधित कर देश के संविधान,बाबा साहब के जीवन दर्शन एवं नेता जी मुलायम सिंह यादव के द्वारा किए गये जन कल्याणकारी ऐतिहासिक कार्यों पर विचार व्यक्त किया सभी ने पीडीए की एकजुटता पर बल दिया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 203 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत मिनी स्टेडिम सलोन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस भव्य आयोजन का शुभारंभ मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा किया गया इसके पश्चात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 203 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड डीह 93, छतोह55सलोन40 ,न0प0सलोन 01, न0प0 नसीराबाद 05,न0प0 परशदेपुर 09 जोड़े सम्मिलित रहे सामूहिक विवाह के दौरान मा0 विधायक, मुख्य विकास अधिकारी ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, आभूषण आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि इस आयोजन में 203 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है। इस योजना के तहत प्रति जोड़ों के लिए 51000 की धनराशि अनुमन्य है, जिसके अंतर्गत 35000 रुपए कन्या के खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, 10000 रूपए से नव विवाहित जोड़ों को घरेलू व व्यक्तिगत रूप से प्रयोग करने हेतु सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाती है तथा 6000 रूपए कार्यक्रम आयोजन एवं अन्य व्यवस्था पर व्यय किए जाते हैं इस मौके एस0डी0एम0 सलोन मिथिलेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा के एजेंडे पर कार्य कर रही सभी सरकारी मशीनरी–इं.वीरेन्द्र यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर विधानसभा क्षेत्र ऊँचाहार के कन्दरावा एवं खरौली गाँवों में पीडीए चर्चा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इ.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि योगीराज में जनपद का किसान,मज़दूर दुःखी एवं बेबस है महँगी खाद,बीज ख़रीदकर रवी की फसल की बुवाई तो कर दिया परन्तु सरकार की मनमानी से आवारा जानवर किसानों की हरी भरी फसल चरकर नष्ट कर रहें है सरकार की ग्रामीण योजनाएँ अवरुद्ध हैं रोज़गार सृजन नहीं होने के कारण स्थानीय मज़दूर दूसरे प्रांतों को पलायन पर मजबूर है।सरकारी अधिकारियों द्वारा भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को सरकारी कार्यक्रमों के मंच पर बैठाकर धार्मिक भाषण कराया जाता है दूसरे दलों के कार्यक्र्ताओं को अपमानित किया जाता है सरकारी मशीनरी बीजेपी के एजेंडे पर कार्य करती है।बचरावा विधायक श्याम सुंदर भारती ने पीडीए चर्चा करते हुए तिलेंडा गाँव में कहा कि पिछड़ों दलितों एवं अल्पसंख्यकों की एकजुटता ही किसानों,मज़लूमों को हित और अधिकार दिलाएगीकार्यक्रमों को वरिष्ठ नेता आफ़ताब अहमद रज्जू ख़ान,अनुराग वर्मा राजेश मौर्यारवींद्र यादव,बबलू लोधी,विजय बहादुर यादव,ब्रजेंद्र चौधरी,राकेश यादव,जगदेव प्रसाद,विन्देश्वरी पासी, हशनैन ख़ान रेहान काजियाना, कमलेश मौर्य,देवनाथ पाल आदि ने संबोधित कर देश के संविधान,बाबा साहब के जीवन दर्शन एवं नेता जी मुलायम सिंह यादव के द्वारा किए गये जन कल्याणकारी ऐतिहासिक कार्यों पर विचार व्यक्त किया सभी ने पीडीए की एकजुटता पर बल दिया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही।





रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 13.02.2025 (वीरवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 18:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं ज़फराबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 04015 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04018 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04024 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 01823 | वीरांगना लक्ष्मीबाई | 17:50 | आनन्द विहार (ट.) | 13:45 | निवाड़ी, मऊरानीपुर, हरपालपुर, महोबा जं., बांदा जं., अतर्रा, चित्रकुट धाम कर्वी, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, नैनी जंक्शन, सूबेदारगंज, फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, अलीगढ़ एवं चिपयाना बुजुर्ग स्टेशन |

**दिनांक 14.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04601 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना जंक्शन, अंबालाकैंट जं., सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड, गढ़मुक्तेसर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जंक्शन, आगरा किला, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फ़तेहपुर एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 07383 | हुबली जं. | 08:00 | वाराणसी | 05:30 | धारवाड, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावी, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुदाची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड्या, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जं., गुना, अशोक नगर, मुंगावली, मालखेडी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 07081 | गुंटूर जं. | 23:00 | आज़मगढ़ | 17:15 | विजयवाड़ा जं., खम्मम, दोर्नाकल जं., महबुबाबाद, वारंगल, रामागुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर, कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर महाराष्ट्र, नागपुर, बैतूल, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04023 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:15 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई | 15:00 | चिपयाना बुजुर्ग, अलीगढ़, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकुट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 06221 | मैसूरू जं. | 07:30 | लखनऊ जं. | 16:00 | मंड्या, केंगेरि, बेंगलुरु सिटी जं., यशवंतपुर जं., तुमकूर, अरसीकेरे जं., कडूल जं., चिक्कजाजूरु जं., दावणगेरे, हरिहर, राणिबेन्नूरु, हावेरि, हुबली जं., धारवाड़, लोंडा जं., खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घटप्रभा, रायबाग, कुड्ची, मिराज जं., सांगली, कराड, पुणे जं., दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड जं., भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., कटनी जं., सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं. एवं वाराणसी जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें




# एसएनके पान मसाला समेत चार जगह पर आईटी की बड़ी छापेमारी





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में आयकर विभाग और डीजीजीआई की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कानपुर में एसएनके पान मसाला और उससे जुड़े कारोबारी पर बड़ी छापेमारी की है। प्रदेश के 47 ठिकानों पर आयकर विभाग में एक साथ छापेमारी की। कानपुर में भी तीन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी जारी है। प्रदेश में कन्नौज बरेली नोएडा समेत अन्य ठिकानों पर सुबह 6.30 बजे से लेकर अब तक लगातार छापेमारी चल रही है।

इन सभी जगहों से बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी पकड़ी गई है।

सूत्रों के मुताबिक किदवई नगर स्थित सुपारी कारोबारी, स्वरूप नगर, ग्वालटोली स्थित कत्था कारोबारी और एक सुगंध कारोबारी के प्रतिष्ठानों पर एक साथ कार्रवाई की गई है। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक बड़ी संख्या में कर चोरी का मामला पकड़ा गया है।

### कई ठिकानों पर शुरू हुई कार्रवाई की मिल रही जानकारी

एसएनके ग्रुप पर चार माह पहले भी आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की थी। बुधवार को पनकी स्थित दो फैक्ट्री, रतनलाल नगर स्थित आवास, स्वरूप नगर स्थित आवास के अलावा विवेक अग्रवाल के किदवई नगर स्थित आवास, प्रवीण जैन के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गोदाम, और कोहना थाना क्षेत्र स्थित आवास पर कार्रवाई की गई है। सूत्रों ने यह भी बताया कि आयकर विभाग के इनपुट पर डीजीजीआई की टीम भी कई स्थानों पर कार्रवाई कर रही है।

### सुबह शुरू हुई इन ठिकानों पर कार्रवाई

टीमों ने करीब सुबह 6ः30 बजे छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। छापेमारी के दौरान अफसर को बड़े पैमाने पर कर छोरी के दस्तावेज मिले हैं। अफसर ने सभी के मोबाइल जप्त कर लिए। किसी को आने जाने नहीं दिया जा रहा है। पूरे प्रदेश में छापेमारी के दौरान करीब 300 से ज्यादा अफसर शामिल है। छापेमारी में दिल्ली मुंबई और लखनऊ की टीम में भी शामिल है।

### मालिक को पहले किया जा चुका है गिरफ्तार

विवादों में रहने वाले इस ग्रुप के मालिक पहले ही अरेस्ट हो चुके हैं। मेरठ कमिश्नरेट की डीजीजीआई की टीम ने एसएनके पान मसाला के मालिक नवीन कुरेले और डायरेक्टर अविनाश मोदी को जीएसटी चोरी के मामले में गिरफ्तार भी किया था। यह मामला करीब 50 करोड रुपए की जीएसटी चोरी से जुड़ा हुआ था।

### एसएनके मलिक ने 100 करोड़ का मकान बनवाया

एसएनके के मालिक नवीन कुरेले ने हाल ही में स्वरूप नगर स्थित आलीशान कोठी बनवाई है। यहां टीम ने दोबारा छापेमारी की है। आधुनिक तरीके से बनाए गए घर में करीब 100 करोड रुपए से अधिक की रकम खर्च की गई है। इस ग्रुप पर जून 2021 में भी इनकम टैक्स में छापेमारी की थी। आईटी रेड में बड़े पैमाने पर फर्जी कंपनियों से फंड ट्रांसफर को लेकर जानकारी सामने आई थी। बोगस कंपनियों की आड़ में बड़े पैमाने पर ब्लैक मनी को खाने को लेकर यह जांच की गई थी। लखनऊ कानपुर दिल्ली में कुरेदे ग्रुप के कई ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। यह भी बताया जा रहा है कि वर्ष 2020 में भी जुलाई माह में एसएनके पान मसाला निर्माता के ठिकानों पर आयकर विभाग में छापा मारा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे वक्त तकरीबन 50 करोड रुपए से ज्यादा की हेरा फेरी पकड़ी गई थी। कार्रवाई में पाया था कि कंपनी के ही फंड को बोगस कंपनियों को देखकर ऋण के रूप में वापस लिया था।

### इन प्रमुख तीन लोगों पर केंद्रित है पूरी छापेमारी

1–एसएनके पान मसाला स्वरूप नगर कानपुर
2–गणपति ट्रांसपोर्ट किदवई नगर कानपुर
3–चंद्रबली और संत सराय मीरा कन्नौज रोड कन्नौज

# शादी के बाद प्रेमी जोड़ा पहुंचा गांव, खूनी संघर्ष छह घायल




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में प्रेम विवाह के करीब 3 महीने बाद गांव लौटने पर एक जोड़े को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस झड़प में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गढ़वा मोहसिनपुर गांव की है। जहां घनश्याम की बेटी ने पड़ोस के युवक विजय से 21 अक्टूबर को प्रेम विवाह कर लिया था। विवाह के बाद दंपती इटावा में विनय की बहन के घर रह रहे थे। जब वह गांव वापस लौटे तो लड़की के परिजनों को इसकी जानकारी मिल गई। परिवार वाले विनय के घर पहुंचे और अपनी इज्जत का हमारा देते हुए बेटी को वापस ले जाने की बात कहने लगे। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और देखते ही देखते कहां सुनी खूनी संघर्ष में बदल गई। करीब आधे घंटे तक चले इस खूनी संघर्ष में लाठी डंडे और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया। खूनी संघर्ष में लड़की के भाई विमल उम्र 26 वर्ष के सिर पर विनय और उसके साथियों के ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस दौरान विमल की पत्नी सरस्वती उम्र 22 वर्ष और मां ममता उम्र 55 वर्ष भी घायल हो गए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से विनय उम्र 20 वर्ष इसके पिता नरेश उम्र 51 वर्ष और दादा रक्खी लाल उम्र 75 वर्ष घायल हुए हैं। क्षेत्रीय लोगों द्वारा 112 नंबर पर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और 108 नंबर एंबुलेंस और पीआरबी से घायलों को विधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को हैलेट रेफर कर दिया गया। विमल और रक्खी लाल की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। थाना प्रभारी केपी सिंह के अनुसार शरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## केडीए की कीमती जमीन पर हुए कब्जे, कब्जा मुक्त करने को लेकर विधायक से हुई शिकायत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** जूही कलां योजना के डब्ल्यू ब्लॉक केशव नगर में केडीए की कीमती जमीन पर हुए कब्जों को खाली करने को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने विधायक महेश त्रिवेदी से मुलाकात कर क्षेत्र को कब्जा मुक्त कराया जाने की अपील की है। इस दौरान उन्होंने डब्ल्यू ब्लॉक जूही कला स्कीम द्वितीय में भूखंड संख्या 439, 439बी और 440 में हुए कब्जों को खाली करने की मांग की है। इससे पहले स्थानीय लोगों ने केडीए सचिव अभय कुमार पांडे को भी कब्जा मुक्त करने के लिए ज्ञापन सौपा था।

क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि करिए 5 हजार वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा है। खाली करने की जगह केवल नोटिस दिया जा रहा है। आखिर जमीन क्यों खड़ी नहीं कराई जा रही। बस्ती की जगह से आसपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी को बताया गया कि लाखों रुपए देकर भूखंड खरीदा था। खाली पड़े जग में पार्क विकसित करने की बात केडीए ने कही थी। लेकिन जमीन पर लोगों ने कब्जा करके झोपड़ियां बना दी। यह भी बताया जा रहा है कि डब्ल्यू ब्लॉक जूही कला स्कीम द्वितीय 439 ,439 बी में भूखंड संख्या और 440 में जमीन प्राधिकरण की है। जोन–2 के अधिशासी अभियंता ने बताया कि 4 दिसंबर 2024 को पत्र भी जारी किया गया लेकिन जनवरी बीत जाने के बाद भी अभी तक क्षेत्र में दोस्तीकरण अभियान नहीं चलाया गया है।

# माघी पूर्णिमा के पावन पर्व पर बिठूर के प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर। माघी पूर्णिमा के पावन पर्व पर खासकर बिठूर के आधा दर्शन कच्चे पक्के घाटों पर कानपुर के अलावा अन्य शहरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भोर से ही गंगा की पवित्र एवं निर्मल धारा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान करने के उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने दीपदान, एवं गंगा किनारे बैठे पुरोहितों को दान पुण्य ने किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कानपुर कमिश्नर रेट पुलिस की ओर से गहरें घाटों पर कड़े इंतजाम किए गए थे। समस्त गहरें घाटों को बैरिकेड किया गया था। इसके अलावा जल पुलिस मोटर बोर्ड के माध्यम से सभी घाटों पर पेट्रोलिंग कर रही थी।



यातायात को लेकर तीर्थ पर आने वाले यात्रियों को किसी पर प्रकार के दिक्कत ना हो इसके लिए बिठूर के प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस की तैनाती की गई थी। बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा स्वयं मेला क्षेत्र का जायजा लेते हुए नजर आए।

### माघी पूर्णिमा का महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माघ पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान करने से साधक के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। जीवन में सुख–समृद्धि और खुशहाली आती है। माघ पूर्णिमा के दिन गंगा नदी में स्नान करना अत्यंत शुभ माना गया है। इसलिए इस दिन सुबह जल्दी उठकर ब्रह्म मुहूर्त में पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए। मान्यता है कि इससे आध्यात्मिक उन्नति, पुण्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है। माघ पूर्णिमा के दिन अन्न–धन,तिल, गुड़ और घी का दान करना भी बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन पितरों की आत्माशांति के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान भी किया जाता है। साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन खिलाना चाहिए।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# आखिर तीसरे मोर्चे के सियासी तीरंदाजों का राजनीतिक भविष्य अब क्या होगा?

**कुछ यही सोचकर आप ने दिल्ली में एकला चलने का निर्णय लिया और इंडिया गठबंधन के क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस विरोध के नाम पर अपने पाले में कर लिया। हालांकि, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने इस मामले में कांग्रेस-आप समेत इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों को समय रहते ही आगाह कर दिया था, लेकिन उनकी दूरदर्शितापूर्ण सलाह की सबने अनदेखी की। यही वजह है कि आप व कांग्रेस की उम्मीदों के विपरीत चुनाव परिणाम मिलने पर उन्होंने सटीक टिप्पणी की कि जी भरकर लड़ो, खत्म कर दो एक दूसरे को।**

*दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान भाजपा और कांग्रेस विरोधी क्षेत्रीय दलों ने जो पारस्परिक एकजुटता दिखाई, उससे भी यहां पिछले 12 वर्षों तक सत्तारूढ़ रही आम आदमी पार्टी यानी आप की सियासी भलाई संभव नहीं हो पाई और भाजपा नीत एनडीए के हाथों आप को करारी चुनावी मात मिली। इस चुनाव में 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा की 48 सीटों पर जहां भाजपा ने बाजी मारी, वहीं आप को उसने महज 22 सीटों पर ही समेट दिया। वहीं, दिल्ली पर सत्तारूढ़ रही इंडिया गठबंधन की सहयोगी आप की रणनीति ही ऐसी मारक रही कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस का यहां तीसरी बार भी खाता नहीं खुलने दिया, जिससे उसके रणनीतिकारों की राजनीतिक पेशानी पर बल पड़ना स्वाभाविक है। बता दें कि 2015, 2020 और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट पर चुनावी सफलता नहीं मिल पाई है, जबकि उसकी शीला दीक्षित सरकार ने डेढ़ दशक तक यहां शासन किया है और दिल्ली के बहुमुखी विकास में उल्लेखनीय भूमिका अदा की है। दरअसल, यह सब कुछ अनायास नहीं हुआ बल्कि भाजपा की एक सोची-समझी गुप्त रणनीति के तहत किया गया, जिसे अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन बनाने के चक्कर में आप और कांग्रेस नहीं समझ पाई। साथ ही, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों ने भी आप और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के आए परिणामों के बाद से दिल्ली-पंजाब में चौड़ी हो रही सियासी खाई को पाटने में दिलचस्पी नहीं दिखाई, बल्कि आप की खुली तरफदारी करके कांग्रेस को नीचा दिखाने का काम किया। इससे भी बात बनते बनते बिगड़ गई। बता दें कि दिल्ली के पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश की प्रमुख विपक्षी समाजवादी पार्टी यानी सपा के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृण मूल कांग्रेस यानी टीएमसी की सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टी शिवसेना यूबीटी के आलाकमान उद्धव भाऊ ठाकरे, एनसीपी शरद पवार के प्रमुख शरद पवार आदि ने अपने-अपने सूबे में जारी कांग्रेस के सियासी दांवपेचों से खार खाते हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की खुली तरफदारी की, जिससे कांग्रेस का मुस्लिम-दलित वोट बैंक आप के साथ जुड़ा रहा। इससे दिल्ली में कांग्रेस को तीसरी बार भी जीरो पर समेटने में आप सफल रही। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबंधन में आप भले ही दिल्ली में शामिल रही, लेकिन पंजाब में उसने दोस्ताना मुकाबला किया। फलाफल यह निकला कि दिल्ली की कुल 7 लोकसभा सीटों में से आप के हिस्से वाली 3 सीटों पर और कांग्रेस के हिस्से वाली 4 सीटों पर भाजपा ने दोनों पार्टियों को जबरदस्त शिकस्त दी। वहीं, पंजाब में हुए दोस्ताना टक्कर के दौरान वहां सत्तारूढ़ आप पर कांग्रेस भारी पड़ी, क्योंकि पंजाब के 14 लोकसभा सीटों में से आप को जहां मात्र 3 सीटों पर जीत मिली, वहीं कांग्रेस ने 7 सीटों पर अपना कब्जा जमा लिया। जो आप नेताओं को नागवार गुजरा। जबकि कांग्रेस ने अपनी सूबाई नेतृत्व की पीठ थपथपाई, जिसने अड़ियल रूख दिखलाकर आप-कांग्रेस में आत्मघाती राजनीतिक समझौता नहीं होने दिया और आप पर दुगुनी से ज्यादा बढ़त हासिल करके दिखला दिया। समझा जाता है कि यहीं से कांग्रेस और आप में पुनः राजनीतिक दूरी बननी शुरू हो गई, क्योंकि पंजाब में कांग्रेस की रीति-नीति ही वहां पर सत्तारूढ़ आप की भगवंत मान सिंह सरकार के लिए गम्भीर खतरा बन सकती है। चूंकि कांग्रेस ही पंजाब में मुख्य विपक्षी पार्टी है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**अगर ऐसे विकृत मानसिकता के लोगों की विकृति प्रसार की घटनाओं को नजरअंदाज किया गया तो अगली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। भारतीय संस्कृति को बचाने और लोगों को अच्छी चीजों के लिए प्रेरित करने के लिये सोशल मीडिया सशक्त माध्यम बन सकता है, लेकिन ऐसे रणवीर इलाहाबादिया से सोशल मीडिया को मुक्त करके ही यह संभव है। सोशल मीडिया को नैतिक, मर्यादित एवं शालीन बनाने की जरूरत है। नैतिक मूल्यों का ह्रास होना नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत की एक बड़ी बाधा है। क्योंकि अधिकांश युवा पीढ़ी धीरे-धीरे नैतिक मूल्यों की अवहेलना कर रही हैं। यही कारण आप अपने माता-पिता के बारे में किस तरह की बातें शेयर कर रहे हैं?**


# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया



ललित गर्ग

**तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था।**

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है। तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थित भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को धूमिल कर रहे हैं। स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नका रात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में हैय उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है। दरअसल, साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था। इस दौरान उन्हें लोगों ने बुरी तरह से ट्रोल किया था। उन्होंने एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि कुर्ती पहनने वाली महिलाएं, पुरुषों को घुटने टेकने पर मजबूर कर देती हैं। रणवीर की इस पोस्ट के कारण उन्हें महिलाओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। बावजूद इसके वे नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों में लगातार संलग्न रहे हैं। जो व्यक्ति सनातन धर्म और आध्यात्मिकता की बात करता है और बड़ी हस्तियों को अपने शो में बुलाता है, वह ऐसी विकृत मानसिकता कैसे रख सकता है? शर्म जब बिकाऊ हो जाती है तब शर्म नहीं रहती, व्यापार हो जाती है। अभी तराजू के एक पलड़े में रुपया है और दूसरे पलड़े में नैतिकता, लज्जा, शालीनता, मूल्य और संस्कृति है। देह से जो पवित्र अभिव्यक्ति होती है, वह गायब है। देह को केवल चर्म मान लिया जाता है और चर्म का प्रदर्शन चर्म तक पहुंच गया है। बड़ी-बड़ी कम्पनियां इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म के सहारे अपना अश्लील उत्पाद बेच रही हैं और यूट्यूब जैसे कार्यक्रमों को प्रायोजित कर रही हैं। उनके लिए सब कुछ रुपया है। जीवन मूल्यों एवं संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। बहुत विस्फोटक स्थित हिो गई है।



**क्या ये कॉमेडी है? ये बिल्कुल भी कॉमेडी नहीं है। ये स्टैंड-अप कॉमेडी नहीं हो सकती। लोगों को गाली देना सिखाना, अश्लीलता परोसना, नारी की अस्मिता को कुचलना एवं माता-पिता की छवि को धुंधलाना ऐसी विकृतियां हैं जो देश को संस्कृति-विहीन बनाती है, कमजोर करती है।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | प्रतिपदा 20:22 तक |
| नक्षत्र: | मघा 21:07 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | शोभन, 07:30 |
| सूर्योदय: | 07:01 |
| सूर्यास्त: | 18:09 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 13:58-15:22 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:13-12:57 |

## जन एक्सप्रेस

### क्या देते संदेश ?

*कर रहा कानून जब।*
*अपन कोई काम ।।*
*ठीक नहीं ये अड़चनें।*
*डाले जो तमाम ।।*
*हाथ में कानून लेकर।*
*क्या देते संदेश ?*
*अराजकता ठीक नहीं।*
*बनना यदि विशेष ।।*
*बेवजह हो हल्ले से।*
*है होता नुकसान ।।*
*होती छवि धूमिल।*
*गिरता है सम्मान ।।*
*हर पल का आक्रोश।*
*बन जाती बीमारी ।।*
*मर्यादा में रह कर ही।*
*आगे की तैयारी ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है वीरभद्रासन

**आज** के समय में हेल्दी रहने के लिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियां करते रहे। खुद को फिट और सेहतमंद रखने के लिए लोग एक्सरसाइज, वॉक और योग जैसी फिजिकल एक्टिविटी करते हैं। योग का अभ्यास भी आपके शरीर को स्वस्थ रखने और कई बीमारियों से बचाव करने में मदद करता है। ऐसा माना जाता है कि जो लोग योग करते हैं, वे योग न करने वालों के मुकाबले ज्यादा स्वस्थ रहते हैं। इसलिए, योगासनों का अभ्यास आपके सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। ऐसे में खुद को स्वस्थ रखने के लिए आप वीरभद्रासन का अभ्यास कर सकते हैं।



**वीरभद्रासन करने का सही तरीका क्या है?:** वीरभद्रासन करने के लिए सबसे पहले अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई के बराबर दूरी पर रखकर खड़े हो जाए और अपने हाथों को हिप्स पर रखें। इसके बाद अपने दाहिने पैर को आगे बढ़ाएं और घुटने को मोड़ें, ताकि आपका घुटना आपके एंकल के ऊपर आ जाए। अब अपने बाएं पैर को पीछे बढ़ाएं और घुटने को सीधा रखें। इसके साथ ही, अपने हाथों को ऊपर उठाते हुए अपनी उंगलियों को आपस में जोड़ लें। इस मुद्रा में बने रहे और गहरी सांस लेते रहे और फोकस बनाए रखें। फिर धीरे-धीरे अपने पैरों को वापस लाएं और हाथों को नीचे रखें। आप 2 से 3 बार इस मुद्रा को दोनों तरफ दोहरा सकते हैं।

**वीरभद्रासन के क्या फायदे हैं?:** योग थेरेपिस्ट प्रवीण गौतम के अनुसार वीरभद्रासन आपके शरीर के निचले हिस्से के लिए सबसे ज्याद फायदेमंद होता है। इसके साथ ही यह अन्य शारीरिक फायदे पहुंचाने में भी मदद करता है। मांसपेशियों को मजबूत बनाएं- वीरभद्रासन करने से आपके पैरों, हिप्स और जांघों की मांसपेशियां मजबूत बनाती है और मसल्स गेन में मदद मिलती है। लचीलापन बढ़ाता है- इस आसन का नियमित अभ्यास आपके पैरों, जांघों और हिप्स का लचीलापन बढ़ाने में मदद कर सकता है। संतुलन में सुधार- वीरभद्रासन का नियमित अभ्यास आपके शरीर के संतुलन को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे चोट लगने का जोखिम कम होता है। मानसिक तनाव कम करता है- यह आसन आपके शरीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि इसे करने से मानसिक तनाव और चिंता को कम करने में मदद मिल सकती है। पाचन तंत्र को मजबूत बनाएं- वीरभद्रासन का नियमित अभ्यास आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद करता है, जिससे पाचन से जुड़ी समस्याओं से राहत मिल सकती है।

**वीरभद्रासन करते समय किन बातों का ध्यान रखें?:** अगर आपको घुटने से जुड़ी किसी तरह की समस्या है तो वीरभद्रासन करने से बचें या फिर अपने डॉक्टर से कंसल्ट कर लें। पीठ में अकड़न या पीठ से जुड़ी अन्य समस्याएं होने पर भी वीरभद्रासन करने से बचना चाहिए, क्योंकि ये पीठ की समस्या को बदतर बना सकता है। प्रेग्नेंसी के दौरान भी महिलाओं को वीरभद्रासन का अभ्यास न करने की सलाह दी जाती है। अगर आप दिल से जुड़ी बीमारियों के शिकार हैं तो भी वीरभद्रासन आपके स्वास्थ्य के लिए सही नहीं माना जाता है।

**निष्कर्ष:** वीरभद्रासन करने से आपके शरीर के निचले हिस्से से जुड़ी समस्याओं को दूर किया जा सकता है। लेकिन, इसे सही तरीके से करना बेहद जरूरी है। साथ ही, दिल से जुड़ी बीमारी, घुटने में दिक्कत, पीठ से जुड़ी समस्या या प्रेग्नेंसी के दौरान इस आसन को करने से बचना चाहिए या फिर आप हमेशा अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ही इस आसन को अपने फिटनेस रूटीन में शामिल करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# प्रतिस्पर्धा नहीं बालमन को चाहिए मोटिवेशन



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**24 घंटे का समय सभी के पास होता है, इस समय को किस प्रकार से उपयोग करना है इस पर फोकस हो तो निश्चित रूप से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। कहने का अर्थ यह है कि बच्चों का मनोबल बढ़ाने उनमें सकारात्मकता विकसित करने की दिशा में हमें काम करना होगा।**

**इसी तरह से पैरेंट्स को भी नसीहत देने में मोदी जी पीछे नहीं रहे। पैरेंट्स को बच्चों की लगन, रुचि को समझना होगा। अपनी अपेक्षाएं उस पर लादने के स्थान पर दिशा देने के प्रयास करने होंगे। बच्चों के साथ बैठकर खुलकर बात करें। उनकी इच्छा, लगन और कोई परेशानी है तो उसे समझने का प्रयास करें। बच्चों में परस्पर तुलना कर बालक मन को कुंठित नहीं करना चाहिए।**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर परीक्षाओं से पहले देश के परीक्षार्थी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों से मन की बात के माध्यम से संवाद कायम कर मोटिवेट करने की बड़ी पहल की है। मन की बात में परीक्षा पर चर्चा के आठवें संस्करण का महत्व इसलिए महत्वपूर्ण और सामयिक हो जाता है कि आने वाले दिनों में सीबीएसई और राज्यों के बोर्डों की परीक्षाएं होने जा रही है। प्रधानमंत्री की संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था और इसके साइड इफेक्ट को समझते हुए संवाद कायम करना अपने आप में महत्व रखता है। देश के लगभग सभी कोनों से तनाव, शिक्षकों और अभिभावकों की अति महत्वाकांक्षा के चलते बच्चों द्वारा डिप्रेशन में जाने और अपनी जीवनलीला समाप्त करने के समाचार आम होते जा रहे हैं। कोचिंग हब कोटा बच्चों की आत्महत्या के लिए बदनाम है पर कोटा से अधिक आत्महत्या देश के अन्य हिस्सों में भी हो रही है। कोटा को आत्महत्याओं के दाग को धोने के लिए सार्थक प्रयास करने होंगे। खैर, प्रधानमंत्री मोदी ने जिम्मेदार अभिभावक की भूमिका निभाते हुये ना केवल परीक्षार्थियों की हौसला अफजाई की है अपितु अध्यापकों को भी स्पष्ट संदेश दिया है। इसमें दो राय नहीं होनी चाहिए कि बच्चों के कोमल मन को प्रतिस्पर्धा के बोझ तले दबाने में आज घर, परिवार, समाज, शिक्षा केन्द्र और सोशल मीडिया प्रमुखता से नकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। पता नहीं शिक्षा व्यवस्था में भी यह किस तरह का बदलाव है कि कुछ दशक पहले तक दसवीं पास करना बड़ी बात माना जाता था तो परीक्षा देने वाले लाखों बच्चों में से फर्स्ट डिविजन कुछ हजार तक रहते थे, उसके बाद लगभग दोगुने द्वितीय श्रेणी व बाकी तीसरी श्रेणी पाकर संतोष कर लेते थे। आज हालात यह है कि परीक्षा देने वाले अधिकांश बच्चों के मार्क्स तो 90 प्रतिशत या इससे अधिक ही होते हैं। यहां सवाल परीक्षा प्रणाली को लेकर हो जाता है तो दूसरी और प्रतिस्पर्धा की यह खिचड़ी 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों और खासतौर से उनके पैरेंटस में होने लगी है। अब तो हो यह गया है कि पैरेंट्स की प्रतिष्ठा के लिए बच्चों की बलि चढ़ाई जाने लगी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सही कहा है कि कूकर के प्रेशर की तरह बच्चों को प्रेशर में रखना ही अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका में आ गया है। अब अभिभावक दिशा देने वाले के स्थान पर अपनी कुंठा को बच्चों से पूरा कराने में जुटे हैं। यह वास्तविकता है। बच्चे की लगन किसी और दिशा में होती है और उससे अपेक्षा कुछ और करने या बनाने की होने लगती है। कुछ बच्चों का कोमल मन यह प्रेशर सहन नहीं कर पाता है और डिप्रेशन या मौत को गले लगा लेते हैं और फिर पैरेंट्स आंसू पूछते रह जाते हैं। परीक्षा पर चर्चा की अच्छी बात यह है कि देश के 3.30 करोड़ बच्चों, 20 लाख शिक्षकों और साढ़े पांच लाख से अधिक अभिभावक इससे जुड़े। मोदी जी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए क्रिकेट का उदाहरण देते हुए बैटिंग करने वाले खिलाड़ी की भूमिका निभाने का संदेश दिया तो टाइम मैनेजमेंट पर फोकस करने, लिखने की आदत डालने, खुल कर अपनी बात कहने, मन को शांत रखने, केवल किताबी कीड़ा नहीं बनने, रोबोट नहीं इंसान बनने और पूरी नींद लेने के लिए मोटिवेट किया। सबसे खास बात यह कि बच्चों को स्वयं से प्रतिस्पर्धा करने का संदेश दिया। हमें दूसरे के स्थान पर स्वयं से प्रतिस्पर्धा करनी है। स्वयं से प्रतिस्पर्धा करेंगे तो आत्मविश्वास बढ़ेगा। दरअसल होता यह है कि दूसरे से प्रतिस्पर्धा के चक्कर में नकारात्मकता अधिक आती है। होना यह चाहिए कि अपनी कमियों को ही सबक बनाकर बहुत कुछ सीखा जा सकता है। आज बच्चों को खुला आसमान चाहिए। जहां वह अपनी क्षमता का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। मोदीजी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा है कि विफलताओं से निराश न होकर उससे सबक लेना चाहिए। जीवन में सफल होने के लिए बहुत कुछ होता है। मोदीजी ने मन की बात में बच्चों, परिजनों और टीचर्स तीनों को संदेश देने का प्रयास किया है। होता यह है कि जो बच्चे होशियार होते हैं या प्रभावशाली परिवार के हैं, उनपर टीचर्स का विशेष ध्यान होता है और जो बच्चे कमजोर होते उनके मामले में पीटी मीटिंग के माध्यम से पैरेंट्स को नीचा दिखा कर इतिश्री कर लेते हैं। बच्चों की नाकामी पर कभी किसी स्कूल या टीचर ने जिम्मेदारी ली हो, यह आज तो लगभग असंभव है। चाहे आप पढ़ाई के नाम पर स्कूल को कितनी ही फीस देते हो आप पर बच्चे को ट्यूशन कराने का दबाव आ ही जाता है।

# देवर के आतंक से आहत पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** कहते हैं की परेशान करने वाला परेशान करता रहे पीड़ित प्रताड़ना सहते सहते एक दिन यह सोच लेता है जो भी हो देखा जाएगा वह अच्छे बुरे की चिंता किए बगैर जुल्म के खिलाफ आवाज यह सोचकर उठा देता है अंजाम कुछ हो मौत भले आ जाए शांत नहीं बैठूगा जह स्थिति आती है एक दिन जैसा की देवर के आतंक से तंग आकर पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बेवा सेठानी पत्नी स्वर्गीय मेवा लाल ग्राम कटकुशुमा चौकी नकहा थाना खीरी ने बताया। की देवर राम औतार पुत्र छोटकऊ के पुत्र विनोद, प्रमोद, सर्वेश, सानूं, मोनू रानू पीड़िता का जीना मुहाल किए हुए हैं। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर वाद विवाद करते हैं। पति की मृत्यु से पहले विपक्षियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई जो मामले अदालत में विचाराधीन है पीड़िता ने बताया उक्त मामले पीड़िता की कोई जानकारी नहीं थी।उसमें पेशी पर न जाने के कारण विपक्षियों के विरुद्ध वारंट जारी हुआ राम औतार

> पुलिस की एकपक्षीय कार्रवाई से आहत पीड़िता आत्महत्या के लिए मजबूर 21 वर्षों से देवर कर रहा जुल्म अब उसके पुत्र ढा रहे सितम

जेल गया उसके बाद पुनः वारंट जारी होने पर जमानत कराकर आए राम औतार ने व पीड़िता की पुत्री तथा पुत्रों को बड़ी बेरहमी से पीटा विपक्षी का बड़ा पुत्र लालू जिसका एक्सीडेंट में शरीर पूरा खराब हो चुका है जो किसी काम का नहीं उसे भी जान से मारने की धमकी दी जिसकी शिकायत पीड़िता ने नकहा चौकी दिया लेकिन विपक्षी पुलिस को अपने पाले में कर प्रताड़ित कर रहा है। जिसका परिणाम घटना 11. फ़रवरी.2025 सुबह लगभग 8 बजे पीड़िता घर से निकलीं तो राम औतार ने कहा पुलिस में शिकायत कर मेरा क्या कर लिया उस पर पीड़िता ने कहा पुलिस नहीं कुछ कर रही भगवान करेगा कोई पानी देने वाला नहीं मिलेगा भगवान के घर देर है अंधेर नहीं इतना सुनते ही राम औतार ने पीड़िता को लातो घूसों से मार पीट कर गिरा दिया।पीड़िता चिखती रही सोनू और प्रमोद ने भी आकर कहा मारो पापा और मारो शोर शराबा सुनकर पास में रहने वाले पंकज गौतम पुत्र राम धार मिश्रीलाल पुत्र बाबू राम आए बीच बचाव किया तब पीड़िता की जान बची विपक्षी पंकज और मिश्रीलाल को भी विपक्षियों ने खूब गालियां दी पीड़िता के अंदुरूनी चोटे आई है। विपक्षी खुलेआम कह रहे हैं पूरे परिवार को जान से मार देंगे पुलिस लाश तक नहीं ढूंढ पाएगी। पुलिस की एकपक्षीय कार्यशैली से पीड़िता आत्महत्या के लिए मजबूर है एक बेवा वृद्ध के साथ ऐसा नकहा पुलिस द्वारा किया जा रहा है।

## बजाज चीनी मिल गोला द्वारा वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी




बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला के मिल गेट क्षेत्र के ग्राम दतेली में एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में चीनी मिल के वरिष्ठ महा प्रबन्धक गन्ना पी एस चतुर्वेदी,ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति गोला बलवन्त चौधरी एवं मिल पारिक्षेत्र के लगभग 150 कृषकों ने भाग लिया। वरिष्ठ महा प्रबन्धक गन्ना ने कृषकों से अपील की, कि अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0 0118, को0 15023, कोशा0 13235, कोलख0 14201 तथा जल भराव वाले क्षेत्रो के लिए को0 98014 एवं कोलख 94184 का चयन कर ट्रेंच विधि से गन्ना बुआई करे। तथा पेड़ी गन्ने की अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए गन्ना कटाई के तुरन्त बाद सिचाई करके 75 किग्रा0 यूरिया प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करे। साथ ही उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा कृषकों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है तथा मृदा उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा व बीज उपचार हेतु फफूंदीनाशक थायोफिनेट मिथाइल भी मिल द्वारा कृषकों को अनुदान पर उपलब्ध कराई जा रही है और ये भी बताया कि अपना बेसिक कोटा मजबूत बनाए रखने के लिए सारा गन्ना मिल को ही आपूर्ति करें। इसी क्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला ने विभिन्न विभागीय योजनाओं तथा उनमे देय अनुदान के बारे में तथा बसंत कालीन बुवाई में ध्यान देने योग्य आवश्यक बातें, प्रजातियों, ड्रिप सिंचाई महिला स्वयं सहायता समूह से उत्पादित सीडलिंग के लगाने के लाभ बताये तथा सचिव गोला ने फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध यंत्रों के सदुपयोग किफायती दरों में किराये पर ले जाकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने तथा समिति द्वारा दी जाने वाली नैनो यूरिया तथा अन्य दवाइयां आदि के बारे में विस्तार से बताया इस मौके पर वरिष्ठ गन्ना अधिकारी इंद्रपाल सिंह यादव, कृषक रजीउल्ला खान, बनवारी लाल, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र कुमार, महिपाल सिंह, मोरध्वज, गन्ना समिति के गन्ना पर्यवेक्षक व चीनी मिल के मोटिवेटर/कामदार सहित सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।

## दीवार गिराए जाने का विरोध पुलिस ने रुकवाया निर्माण कार्य

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज मे साझे की दीवार गिराए जाने को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया। पुलिस ने एसडीएम के आदेश के बाद काम रुकवा दिया है। मुन्नूगंज निवासी हितेंद्र गुप्ता का कहना है कि उनके मकान के उत्तर दो मन्जिला एक दीवार बनी है जो अत्यन्त जर्जर है। जिसमे पड़ोसी राजकुमार शर्मा तुडवा रहे हैं और नया निर्माण करा रहे हैं। यह दीवार इन दोनों पक्षो की सम्मिलित है। उनके दीवार तोड़ने से मकान में काफी क्षति हो सकती है। यदि जबरन विपक्षी उक्त दीवार को तोड़ते है और उसमे कोई नुकसान होता है तो उन्हें समस्त हर्जे-खर्चे की भरपाई दिलायी जाई।

एसडीएम ने पुलिस को कार्यवाही का आदेश दिया।

हितेंद्र का कहना है कि उसके बाद भी दीवार गिरना रुका नहीं तो उन्होंने ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर दीवार गिराने का काम रुकवा दिया है।

# अगर बांके में धार होती तो मेरा पति इस दुनिया में नहीं होता साहब

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



एक कहावत है चोरी के चोरी उपर से सीना चोरी वाली कहा यहां बिल्कुल सटीक बैठती है।तेज गाड़ी से बच्चे के साथ होने वाली अनहोनी से मना करना मना करने पर ड्राइवर को पीड़िता के लिए बना जी का जंजाल पीड़िता का पति मौत के मुंह से निकला पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कोतवाली सदर चौकी मिश्राना क्षेत्र के मोहल्ला बेगमबाग की रहने वाली पीड़िता कमरुन्न जहां ने बताया घटना 10. फ़रवरी.2025 को दोपहर समय दोपहर 1 बजे पीड़िता के घर के पास रहने वाले लाल खान के पुत्र की शादी थी।उक्त शादी में दूल्हे के लिए सजी तेज रफ्तार गाड़ी यूपी 31 सीएच 6898 घर के सामने खेल रही नाती बाल बाल बच गया। पीड़िता के पति ने जब विरोध किया तो ड्राइवर मोहम्मद अहमद पुत्र लाल मोहम्मद गालियां देने लगा बीच बचाव की जगह लाल खान का भाई जमाल खान पुत्र हसनू मौलवीगंज सेठघाट चौकी कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी ने उमर खान पुत्र लाल खान रफीक पुत्र महबूब, लाल खान पुत्र अज्ञात समीर खान पुत्र हनीफ खां उर्फ बुंदा खां मोहम्मद अहमद पुत्र मोहम्मद हसन के साथ अज्ञात आदि साथियों साथ लाठी डंडों अवैध तमंचों से लैस होकर पीड़िता के पति पर प्राण घातक हमलाकर दिया।लहू लुहान पति जान बचाकर घर में घुसा तो विपक्षियों ने घर से खीचकर बाहर निकाल कर मारा पीटा अहमद ने पीड़िता के पति के सरपर वार कर दिया अगर बाके में धार होती तो पति की मौत हो जाती पुलिस ने मेडिकल तो करा दिया है लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं किया जमाल के कहने पर विपक्षियों ने इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया पूरे मामले का मास्टरमाइंड जमाल है जो दलाली कर के लोगों को आपस में लड़ाना रूपए कमाना और अपने को ऊंची पहुंच वाला नेता बता रूपए ऐंठना जिसकी दिनचर्या में शामिल पूरे मामले में जमाल ने आग में घी डालने का काम किया जिसके सह पर इतनी बड़ी घटना घटी।

## सेठ रामगुलाम पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट में संत रविदास जी की जयंती मनाई गई




जन एक्सप्रेस । श्रीश रस्तोगी

**महमूदाबाद/सीतापुर।** सेठ रामगुलाम पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधतंत्र से जुड़े पदाधिकारियों व शिक्षकों ने संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। संस्था के चेयरमैन डॉ.हरिश्चंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि यह पावन दिवस हमें संत रविदास के समता, प्रेम, भाईचारे और सामाजिक न्याय के संदेश की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि संत रविदास का प्रसिद्ध संदेश मन चंगा तो कठौती में गंगा हमें यह सिखाता है कि यदि मन पवित्र और निष्कलंक है, तो हर स्थान तीर्थ के समान पवित्र हो जाता है। उन्होंने कर्म और भक्ति को जीवन की सच्ची राह बताया और संपूर्ण मानव जाति को समानता का संदेश दिया। संस्थान के डायरेक्टर इंजी. क्षितिज चंद्रा ने कहा कि संत रविदास के विचार और आदर्श हमें समाज में प्रेम, शांति और एकता बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना चाहिए और एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना करनी चाहिए।

इस अवसर पर सेठ रामगुलाम पटेल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार, उप प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, एनसीसी के एसोसिएट ऑफिसर दुर्गेश कुमार, कोऑर्डिनेटर उमेश चंद्र, कार्यालय अधीक्षक वीरेंद्र कुमार, वाहन प्रभारी सुनील कुमार, सुपरवाइजर चौधरी विभोर सिंह सहित सेठ रामगुलाम मुनेश्वर प्रसाद आईटीआई, सेठ रामगुलाम डिग्री कॉलेज के प्रभारी, रीता चिकित्सा सेवा केंद्र, मनोज छात्र कल्याण अकादमी, दया विद्या कल्याणम करोति मिशन, वेदांता मोशन पिक्चर्स एंड एडवरटाइजिंग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और संत रविदास के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## कैसरगंज हादसे के बाद सक्रिय हुआ प्रशासन, बैठक में अनुपस्थित एनएचएआई अधिकारी से आख्या तलब

जन एक्सप्रेस । बहराइच

कैसरगंज हादसे के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले दिनों हुई भीषण मार्ग दुर्घटना स्थलों को सुयंक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों तथा दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिए सुधारात्मक/सुरक्षात्मक उपायों के सम्बन्ध में विस्तृत आख्या प्रस्तुत करें। बैठक में एनएचएआई के जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति का डीएम ने कड़ा संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि हाईवे पर रोड़ के किनारे बेतरतीब खड़े होने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों, ट्रकों, बसों व अन्य वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाय। डीएम ने बहराइच-लखनऊ मार्ग व बहराइच-लखीमपुर मार्ग पर दुर्घटना बाहूल्य क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट्स) के सुधारात्मक/सुरक्षात्मक कार्य अन्तर्गत मानक के अनुसार सुरक्षा संकेतक बोर्ड, हाईमास्ट लाईट व रिफ्लेक्टर बोर्ड लगवाए जाने के भी निर्देश दिये। पुलिस विभाग को निर्देश दिया गया कि गश्त के दौरान हाईवे पर खड़े वाहनों का संज्ञान अवश्य लें। डीएम ने कहा कि कभी कभी रोड पर बने आधे अधूरे रम्बल्स भी दुर्घटना का कारण बन जाते हैं। इसलिए सभी सम्बन्धित विभाग ये सुनिश्चित कर लें मार्गों पर बने रम्बल्स दुर्घटना का कारण न बने।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में नो हेल्मेट-नो फ्यूल रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जाय। डीएम ने स्पष्ट कहा कि नो हेल्मेट-नो फ्यूल रणनीति पर अमल न करने वाले पेट्रोल पम्प स्वामियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाय। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि पेट्रोल पम्प के स्वामियों, प्रबन्धकों एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति करने वाली एजेन्सियों के जिम्मेदारान को आगाह कर दें कि रणनीति के अनुपालन में किसी प्रकार शिथिलता अक्षम्य होगी। डीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में वृद्धि के प्रति भारत सरकार द्वारा गम्भीर चिंता व्यक्त की गयी है। साथ ही राज्य सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए ज़िलों में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बेहतर समन्वय के साथ व्यापक स्तर पर सम्पूर्ण जनपद में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाये ताकि आमजन विशेषकर युवा वर्ग स्वयं से यातायात नियमों का पालन करने तथा टू-व्हील बाईक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेल्मेट का प्रयोग करें। डीएम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर के शिक्षण संस्थाओं में यातायात नियमों तथा नो हेल्मेट नो फ्यूल रणनीति की जागरूकता हेतु रैली, निबन्ध, भाषण, नाटक व स्लोगन राईटिंग जैसी गतिविधियों को संचालित कराते रहें तथा ऐसे आयोजनों में अभिभावकों को भी सहभागी बनाया जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि मार्ग दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तत्काल हरकत में आकर घटना स्थल पर घायलों की मदद के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मार्ग दुर्घटना होने पर घटना स्थल पर एम्बुलेन्स की उपलब्धता के साथ-साथ घायलों के भती होने वाले चिकित्सालयों में आवश्यक दवा व इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। नगर क्षेत्र में जाम की समस्या के समाधान हेतु नगर पालिका परिषद बहराइच को पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थल का चयन करने तथा विद्युत विभाग को सड़कों के नज़दीक स्थापित ट्रांसफार्मर्स को उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक का संचालन जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/अधि.अभि. लोनिवि प्रदीप कुमार ने किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीएमओ डॉ संजय कुमार, सम्बन्धित एसडीएम, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओपी सिंह, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## बेलरायां से तिकुनिया जा रही बस पलटने से मची अफरा तफरी



जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

सिंगाही थाना क्षेत्र के बेलरायां तिकुनिया मार्ग नए पुरवा के पास बस का स्टेरिंग फेल होने के कारण बस खाई में पलट गई बस में बैठे कई पैसेंजर घायल हो गए। बस पलटने से मौके पर अफरा तफरी मची रही। सुचना पर तुरंत पहुंचे पुलिस फोर्स के साथ सिंगाही थाना प्रभारी अजीत सिंह। व एक सौ बारह पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में बैठे पैसेंजर को निकाला गया जिसमें दो महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं जिनको सिंगाही थाना प्रभारी अजीत सिंह उपचार हेतु सीएचसी निघासन भेजवाया है जहा दोनों महिलाओं का इलाज किया जा रहा है। बस में बैठे पैसेंजरो ने बताया कि बस बेलरायां से तिकुनिया जा रही थी तभी नए पुरवा के पास स्टेरिंग फेल हो गई और बस जाकर खाही में पलट गई जिसमें दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है बाकी लोग सुरक्षित बस से निकाल लिए गए हैं। सिंगाही थाना प्रभारी अजीत सिंह ने मौके पर पहुंच कर तुरंत घायलों को उपचार हेतु सीएचसी निघासन भेजवाया है। इस घटना से मौके पर अफरा तफरी मची रही वही बस चालक गाड़ी छोड़कर रफू चक्कर हो गया है। मौके पर पुलिस मौजूद रही।

## किशोरी से छेड़छाड़ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है।आरोप है कि एक 12 वर्षीय किशोरी गांव में ही जा रही थी तभी भैठियां निवासी युसूफ अली ने गन्दी नियत से अपने बग्गर में हाथ पकड़ खीच कर अश्लील हरकतें करने लगा। किशोरी ने घर जा कर अपनी भाभी को घटना की जानकारी दी। किशोरी की माँ का कहना है कि वह गाँव में काम करने के लिए गई थी। वापस आने पर देर रात उनकी पुत्री और मेरी बहू ने पूरी घटना बताई। महिला का कहना है जब वह शिकायत करने युसूफ के घर गई तब वह जान से मारने की धमकी देने लगा।पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर यूसुफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच मे जुट गयी है।

## बसन्तकालीन गन्ना बुवाई अभियान वर्ष-2025 के अन्तर्गत चीनी मिल कुम्भी द्वारा निकाली जन जागरूकता मोटर साईकिल रैली

जन एक्सप्रेस । अमीरनगर खीरी

बसन्तकालीन गन्ना बुवाई अभियान वर्ष 2025 के अन्तर्गत चीनी मिल कुम्भी द्वारा अपने सभी अधिकारियों कर्मचारियों के साथ क्षेत्र के किसानों को बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में कृषको को जागरूक करनें, बसन्तकालीन गन्ना बुवाई से गन्ना क्षेत्र को बढ़ाने के लिए तथा कृषकों को चीनी मिल द्वारा चलाई जा रही आकर्षक एंव लाभकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु मोटरसाईकिल रैली चीनी मिल परिसर से निकाली गयी। इस अवसर पर चीनी मिल के इकाई प्रमुख डा. सुनील कुमार यादव




द्वारा फीता काटकर हरी झंण्डी दिखाते हुए रैली दल को रवाना किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के इकाई प्रमुख के साथ-साथ चीनी मिल के गन्ना प्रमुख चन्द्रहास, यांत्रिकी प्रमुख प्रशान्त चौधरी, उत्पादन प्रमुख प्रदीप कुमार, वाणिज्य प्रमुख राजीव कुमार श्रीवास्तव, मानव संसाधन प्रमुख-सर्वेश मिश्रा, सी.ओ.ई.सी टीम के सदस्य देवेन्द्र पवांर, रीजनल हेड-जगपाल सिंह, श्री पुष्पेन्द्र सिंह, आर.के. सिंह, मनीष सिंह आदि उपस्थित रहें। इस रैली के समन्वय में मुख्य भूमिका ए.पी. कुशवाहा, उप गन्ना प्रबन्धक की रही। इस रैली में कुल 57 केन फील्ड असिसटेन्ट एंव 16 जोनल हेड अपने मोटरसाईकिल के साथ शमिल हुए।

## सैनिक सम्मान के बाद सुपुर्द ए खाक हो गया हादसे का शिकार सेना का जवान

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले के मटेरा चौराहा निवासी सेना के जवान, उनके माता-पिता और बेटी समेत पांच लोगों की मंगलवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई थी। बुधवार को सेना के जवान को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम सलामी दी गई। इसके अलावा अन्य लोगों का अंतिम संस्कार किया गया। मटेरा थाना क्षेत्र के मटेरा चौराहा निवासी अबरार पुत्र गुलाम हजरत राजस्थान के उदयपुर में सेना में जवान थे। मंगलवार सुबह वह अपने पिता गुलाम हजरत (60), मां फातिमा बेगम (56), पत्नी रुकैया बेगम (22) और बेटी हानिया (18) के साथ लखनऊ इलाज के लिए जा रहे थे। कार चांद मोहम्मद पुत्र लाल साहब चला रहा था। लखनऊ-बहराइच मार्ग पर कैसरगंज थाना क्षेत्र के करीम बेहड़ गांव के निकट डंपर की टक्कर से कार सवार सेना के जवान, माता-पिता, बेटी और चालक की मौत हो गई थी। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। बुधवार को सेना के जवान को राजपूत रेजिमेंट के जवानों ने अंतिम सलामी दी। गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सेना के जवान का अंतिम संस्कार किया गया।

## खैराबाद में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती, अभिषेक गुप्ता ने किया संत रविदास के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




खैराबाद। शनिवार को माखुपुर नगर मे संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मोहल्ला माखूपुर स्थित संत रविदास महाराज के मंदिर पर पूजा अर्चना कर शोभ यात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा नगरपालिका गेट के सामने पहुचने पर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने माला पहनाकर पुष्प वर्षा किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि पूज्य संत रविदास जी द्वारा समाज में किए गए जन जागरण के कार्य आज भी हम सबके ज़हन में है। इसके साथ ही उनके द्वारा जातिभेद को समाप्त कर शिक्षा के प्रसार में उनकी विशेष भूमिका पर भी अभिषेक गुप्ता ने विस्तार से चर्चा की कहा कि संत रविदास सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। उन्होंने पूरे विश्व में सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित किया। जिसके बाद स्थानीय वार्ड के सभासद विष्णु कुमार गौतम व मंदिर की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों और उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, मनोज राणा, पुनीत सिंह, गौरव अग्रवाल, संदीप गुप्ता, धुर्व शुक्ल, आशुतोष शुक्ल, गौरव गुप्ता, रोमिल गुप्ता, बलराम पांडेय, अंकित मिश्र, संतोष शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## दून पब्लिक स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

कस्बा के दून पब्लिक स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं में साथियों के साथ बीते हुए पहलुओं उनको याद कर भावुक हो गए उन्होंने अपने जूनियरों को और गुरुजनों के प्रति आदर की भावना हृदय में रखकर शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम गढ़ने की बात कही कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य कविता शर्मा ने किया है।बुधवार को आयोजित कार्यक्रम प्रबंधक डॉ गुरमेजर सिंह, वार्डन निर्देशिका सुरेंद्र कौर के निर्देशन में पार्टी का आयोजन किया गया जूनियर छात्र छात्राओं ने अपने सीनियर को भावभीनी विदाई देते हुए उपहार



स्वरूप पुष्प भेंट कर उनके सम्मान में भोज का आयोजन किया है। छात्राओं ने बीते हुए लम्हों की कसक साथ तो होगी समेत कई गीतों की प्रस्तुत दी। प्रबंधक छात्र-छात्राओं को विद्यालय से विदा करते समय भावुक हो गए थे। सहायक प्रबंधक गुरप्रीत सिंह और व्यवस्थापक विमल अवस्थी ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उपहार भेंट किए हैं।

## चीनी मिल खंभारखेडा में स्थित श्री तिरूपति बालाजी मंदिर का 11वां वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम के साथ गया मनाया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

खंभारखेडा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेडा में स्थित श्री तिरूपति बालाजी मंदिर का 11 वाँ वार्षिकोत्सव आज बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी विपीन बैंकटेश शुक्ला ने मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से धर्मेन्द्र सिंह, अरुण प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र ढाका, आशीष श्रीवास्तव, राजेश दूवे, योगेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, अतुल मिश्रा, अतुल सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, संजय शुक्ला, राजेश पांडेय, सहित



गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

हवन पूजन एवं आरती के उपरांत सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों एवं ब्राह्मणों को वस्त्र व दक्षिणा देकर भोजन कराया गया।

इस मौके पर कन्या भोज के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में लिखा, 'माफ कर देना मम्मी-पापा'

- जेईई मेंस की तैयारी कर रही थी संतकबीरनगर जिले की अदिति
- कमरे में साथ रहने वाली छात्रा ने हॉस्टल प्रशासन को दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



> गर्ल्स हॉस्टल के कमरे में छात्रा का फंदे से लटकता शव मिला है। छानबीन में सुसाइड नोट बरामद हुआ। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच चल रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थिति साफ हो जाएगी।
> – अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

गोरखपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना में जेईई-मेन की तैयारी कर रही अदिति मिश्रा नाम की एक छात्रा ने अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और एक सुसाइड नोट बरामद किया जिसमें अदिति ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है। पुलिस अब पढ़ाई के दबाव और निजी कारणों सहित कई एंगल से जांच कर रही है।

बेतियाहाता स्थित सत्यदीप गर्ल्स हॉस्टल में मंगलवार की दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जेईई-मेन की तैयारी कर रही अदिति मिश्रा नाम की छात्रा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। संतकबीरनगर जिले के मिश्रौलिया गांव की रहने वाली अदिति गोरखपुर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। घटना की सूचना मिलने के बाद कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें अदिति ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है।

अदिति की रूममेट किसी काम से बाहर गई थी। दोपहर 12ः30 बजे जब वह वापस लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई बार आवाज देने और खटखटाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं आया, तो हॉस्टल स्टाफ को सूचना दी गई।

स्टाफ ने दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो मजबूरन दरवाजा तोड़ना पड़ा। दरवाजा खुलते ही जो नजारा सामने आया, उसने सभी को झकझोर दिया। अदिति का शव पंखे से फंदे से लटका हुआ था।

हॉस्टल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और कमरे की तलाशी ली, जहां एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें अदिति ने लिखा है कि ÷मम्मी-पापा, मुझे माफ कर देना। मैंने बहुत कोशिश की, लेकिन अब और नहीं सह सकती। आप हमेशा खुश रहना। यह मत सोचना कि आपकी वजह से मैंने ऐसा किया। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं।÷

इस नोट ने हर किसी की आंखें नम कर दीं। अदिति ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को भी संबोधित किया और लिखा कि वह अब थक चुकी है और शांति चाहती है।

**कोचिंग का दबाव या कोई और वजह? पुलिस जांच में जुटी**

अब सवाल उठता है कि अदिति ने ऐसा कदम क्यों उठाया? क्या वह पढ़ाई के दबाव में थी या फिर कोई और वजह थी? पुलिस इस मामले में कई एंगल से जांच कर रही है।

पढ़ाई का दबावः अदिति जेईई-मेन की तैयारी कर रही थी, जो कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है।

निजी कारणः पुलिस अदिति के दोस्तों और परिवारवालों से पूछताछ कर रही है कि क्या वह किसी व्यक्तिगत परेशानी से जूझ रही थी?उसके मोबाइल फोन और इंटरनेट मीडिया अकाउंट की छानबीन चल रही है।

# गोरखपुर में 35 हजार जमा करने से चूके अब एक करोड़ से अधिक हो गई देनदारी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




गोरखपुर जिले में गोरखपुर विकास प्राधिकरण ( जीडीए ) की संपत्तियों का समय से किराया या सिक्योरिटी राशि नहीं जमा करना कितनी बड़ी मुसीबत बन सकता है इसका उदाहरण इंदिरा बाल विहार के दो कियोस्क हैं। करीब 35 हजार रुपये के बकाए ने एक करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। अब राहत पाने के लिए आवंटी कोर्ट की शरण में हैं।

क्च4ऽ ह्लह्ठ ष्द्बड्डठ्ठस्र श्चस्त्रद्बह्लद्गस्र क्च4ऽ ड्ड्ड1द्दद्म स्द्बह्वद्मद्यड्ड श्चस्त्रड्डह्लद्गस्त्रऽ ड्ड्डद्गस्त्र, 12 स्नद्गड्ड 2025 01ऽ29 क्करू (ढ्डस्ज्ञ)

गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की संपत्तियों का समय से किराया या सिक्योरिटी राशि नहीं जमा करना कितनी बड़ी मुसीबत बन सकता है, इंदिरा बाल विहार के दो कियोस्क इसकी बानगी है। करीब साढ़े तीन दशक पहले हुई छोटी सी चूक की वजह से दोनों आवंटियों को अपने पिता के समय की जमी-जमायी दुकान से हाथ, धो बैठने की नौबत आ गई है।

प्राधिकरण ने दोनों कियोस्क का आवंटन निरस्त करने के साथ ही इन्हें खाली करने का नोटिस दिया है, जबकि दोनों आवंटियों की हैसियत के आगे बकाये की मूल रकम बहुत मामूली है, लेकिन थोड़ी सी चूक की वजह से उन्हें बड़ा झटका झेलना पड़ रहा है। दोनों आवंटियों का करीब 35 हजार रुपये तक का बकाया एक करोड़ पार कर गया। अब राहत पाने के लिए आवंटी कोर्ट की शरण में हैं।

इंदिरा बाल विहार पार्क के फूड जोन में प्राधिकरण की 14 कियोस्क हैं। 1988 में अलग-अलग लोगों ने ये कियोस्क आवंटित कराए। उस समय प्रीमियम शुल्क के रूप में आवंटियों को 50 हजार रुपये एवं किराए के रूप में 200 रुपये प्रतिमाह जीडीए को देना था।

आवंटन के समय कुछ लोगों ने पूरा प्रीमियम शुल्क तो कुछ ने 15 हजार रुपये जमा किए। जिन आवंटियों का 35 हजार बकाया रह गया था, उन्हें 16 प्रतिशत ब्याज के साथ तीन साल में यह धनराशि जमा करनी थी।

कुछ आवंटियों ने समय से पैसा जमा कर दिया, लेकिन कुछ ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसी बीच कुछ आवंटियों के बेटों ने कियोस्क संभाल ली। आवंटित दुकान के बदले प्रीमियम शुल्क नहीं जमा करने पर अब ब्याज और जुर्माना लगाकर एक आवंटी पर 1.26 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया हो गया है। दूसरे आवंटी पर भी इसी के आस-पास बकाया है।

दोनों ने न्यायालय में वाद दाखिल कर रखा है। उधर, जीडीए ने दोनों कियोस्क का आवंटन निरस्त करने के साथ ही आठ जनवरी तक इसे खाली करने की चेतावनी दी थी।

# बेटी की मौत पर पिता के नहीं रुक रहे आंसू, बोले-दहेज की मांग, तानों और मारपीट से तंग आकर मां ने बच्चों संग दी जान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

दहेज की मांग तानों और मारपीट से तंग आकर एक मां ने अपने बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली। गोरखपुर के मानीराम रेलवे पुल के पास सोमवार शाम को ट्रेन के आगे कूदकर जान देने वाली पूजा (30) और उसके मासूम बच्चों अमन (07) व अनुराधा (04) की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मंगलवार को सामने आई जिसने सबको झकझोर कर रख दिया।

मानीराम रेलवे पुल के पास सोमवार शाम को ट्रेन के आगे कूदकर जान देने वाली पूजा (30) और उसके मासूम बच्चों अमन (07) व अनुराधा (04) की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मंगलवार को सामने आई, जिसने सबको झकझोर कर रख दिया। बेटे अमन का शव दो हिस्सों में कट चुका था, जबकि झटके से पूजा और राधा की सिर और सीने की हड्डियां टूट गई थीं।

बीआरडी मेडिकल कालेज के पोस्टमार्टम हाउस में जब पूजा के पिता ने अपनी बेटी और नाती-नातिन के शव देखे, तो बिलख पड़े। उनका दर्द, उनकी चीखें वहां मौजूद हर शख्स को भीतर तक हिला गईं।पुलिस ने इस मामले में पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है।

पिता छट्ठू प्रसाद की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। वे बेसुध होकर अपनी बेटी के शरीर से लिपट गए और रोते हुए बोले, बेटी को ससुराल वालों ने मार डाला।अपनी नतिनी राधा के ठंडे पड़ चुके माथे को चूमते और फिर अमन के चिथड़े हो चुके शरीर को देख-देख कर फफक पड़ते। पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी भी यह दृश्य देखकर कांप उठे।

चिलुआताल थानेदार को छट्ठू प्रसाद ने बताया कि आठ साल पहले उन्होंने पूजा की शादी डोहरिया बाजार के डबलू चौहान से की थी।अपने सामर्थ्य से बढ़कर दहेज और उपहार दिए, लेकिन ससुरालवालों की मांगें खत्म नहीं हुईं। डेढ़ वर्ष पहले जब डबलू के घर वाले मकान बना रहे थे, तब उन्होंने दो लाख रुपये मांगे।मांग पूरी न होने पर पूजा को बेरहमी से मारपीट कर मायके भेज दिया गया। चार महीने तक वह अपने मायके में रही, फिर पंचायत के बाद उसे ससुराल भेजा गया।लेकिन वहां की प्रताड़ना खत्म नहीं हुई। पति डबलू, ससुर रामनारायण, सास बुटका देवी और देवर अमित आए दिन उसे ताने देते, पीटते और और अधिक दहेज की मांग करते। सोमवार को पूजा जब बच्चों को स्कूल से लेकर घर लौटी, तो फिर से उसे अपमानित किया गया। पति डबलू से फोन पर बात की तो उसने भी गाली-गलौज की। गुस्से में सास बुटका देवी ने उसे घर से निकाल दिया। इसी अपमान और प्रताड़ना से तंग आकर पूजा ने बच्चों का हाथ पकड़ा और घर से निकल पड़ी और शाम को मानीराम रेलवे पुल पर बच्चों संग ट्रेन के आगे कूद गई।घटना के बाद पूजा के घर पर सन्नाटा पसरा है।

# नेपाल में 23 भारतीय नागरिक गिरफ्तार

- भारतीय युवकों पर नेपाल राष्ट्र में ऑनलाइन जुआ रैकेट संचालित करने का है आरोप
- पुलिस की छापें में महराजगंज, कुशीनगर सहित विभिन्न स्थानों के 23 व्यक्ति गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




भारतीय सीमा क्षेत्र से सटे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल प्रशासन ने मुखबिर की सूचना पर बुधनीलकांठा नगरपालिका में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक घर पर छापेमारी कर 23 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। नेपाली पुलिस के मुताबिक दो-मंजिला घर में अवैध तरीके से लोटस नामक ऑनलाइन गेम साइट के माध्यम से युवकों द्वारा जुआ रैकेट संचालित किया जा रहा था। इसके आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर मौके से 23 भारतीय नागरिकों को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस रेंज काठमांडू व बुधनीलकांठा पुलिस डिवीजन संयुक्त रूप से बुधनीलकांठा नगरपालिका में स्थित एक दो मंजिला इमारत दोर्जे शेरपा के घर ऑनलाइन गेमिंग साइट के माध्यम से भारतीय युवकों द्वारा जुआ रैकेट संचालित करने का आरोप है। छापेमारी के दौरान पुलिस 23 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में यूपी के महराजगंज, कुशीनगर व बिहार, छत्तीसगढ़ प्रान्त सहित विभिन्न जिले के युवक पकड़े गए है। नेपाली पुलिस की कार्रवाई में 81,000 हजार रूपए नेपाली मुद्रा, 88 मोबाइल फोन, 10 लैपटॉप, आधार कार्ड, भारतीय व नेपाली सिम कार्ड को बरामद किया है। पुलिस ने जुआ रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार भारतीय नागरिकों पर नेपाल के जुआ रोधी अधिनियम के तहत मामला भी दर्ज किया गया है। बताते चले की मित्र राष्ट्र नेपाल में यह पहली बार नहीं है जब भारतीय नागरिकों को अवैध जुआ जैसे मामलों में गिरफ्तार किया गया हो। बीते दिन करीब एक हफ्ते पहले भी नेपाल पुलिस ने तीन अरब रुपए से अधिक के ऑनलाइन सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ किया था। इस दौरान 10 भारतीय नागरिकों सहित 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार किए गए अधिकतर भारतीय नागरिक उत्तर प्रदेश से हैं। वे ललितपुर के सानेपा इलाके में किराए के मकानों से अवैध ऑनलाइन सट्टा चला रहे थे। नेपाल पुलिस के उपाधीक्षक अपिल राज बोहरा ने बताया कि अवैध गतिविधियों की और नेपाल में बढ़ते ऑनलाइन जुआ, सट्टे को रोकने के लिए विशेष जांच दल को तैनात किया गया है। गिरफ्तार भारतीय नागरिकों से पूछताछ जारी है। अगर आरोप साबित होते हैं, तो इन्हें नेपाल के कानून के तहत सजा का सामना करना पड़ सकता है। हालाकि नेपाल सरकार ऑनलाइन जुआ और सट्टे पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठा रही है। पिछले कुछ महीनों में पुलिस ने कई छापेमारी कर इस तरह के रैकेट का पर्दाफाश भी किया है।

# एनईआर की 1719 ट्रेनों ने करा दिया 31 लाख श्रद्धालुओं को महाकुंभ स्नान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



महाकुंभ 2025 में 12 जनवरी से 11 फरवरी तक प्रयागराज के रामबाग और झूसी स्टेशन पर पूर्वोत्तर रेलवे की 1719 ट्रेनों ने लगभग 31 लाख श्रद्धालुओं को महाकुंभ स्नान कराया। इनमें से 816 ट्रेनें श्रद्धालुओं को लेकर रामबाग और झूसी स्टेशन पहुंचीं जबकि 903 ट्रेनें श्रद्धालुओं को वापस ले गईं। महाशिवरात्रि स्नान तक महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचालन जारी रहेगा।

महाकुंभ के दौरान 12 जनवरी से 11 फरवरी तक प्रयागराज रामबाग और झूसी स्टेशन पहुंची पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) की 1719 ट्रेनों ने लगभग 31 लाख श्रद्धालुओं को महाकुंभ स्नान कर दिया है। झूसी में लगभग 23 लाख और प्रयागराज रामबाग में करीब आठ लाख श्रद्धालुओं ने आवागमन किया है।

इनमें 816 ट्रेनें श्रद्धालुओं को लेकर रामबाग और झूसी स्टेशन पहुंची हैं। इन स्टेशनों से श्रद्धालुओं को लेकर 903 ट्रेनें वापस हुई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गोरखपुर समेत पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख स्टेशनों से प्रयागराज रामबाग और झूसी के बीच महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचालन जारी है। महाशिवरात्रि स्नान तक महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन चलता रहेगा।

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज ही नहीं गोरखपुर समेत पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) के स्टेशनों और ट्रेनों में भी आस्था का ज्वार दिखा है। मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और माघी पूर्णिमा स्नान के पूर्व तो स्टेशनों पर ही कुंभ लग गया। रेलवे प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की श्रद्धा का सम्मान करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ा है।

जानकारों के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय गोरखपुर जंक्शन से ही 12 जनवरी से 11 फरवरी तक प्रयागराज रामबाग और झूसी के लिए 149 ट्रेनें चलाई गईं। इन ट्रेनों से पहुंचे करीब दो लाख 17 हजार श्रद्धालुओं में महाकुंभ में डुबकी लगाई है। रेलवे प्रशासन ने 25 फरवरी तक गोरखपुर जंक्शन से महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा कर दी है। जानकारों का कहना है कि भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार हुआ कि पूर्वोत्तर रेलवे ने दो दिन (29 और 30 जनवरी) को महाकुंभ से श्रद्धालुओं को बुलाने के लिए अघोषित 71 स्पेशल ट्रेन चलाकर नया रिकार्ड बना दिया है। यह तो सिर्फ स्पेशल ट्रेनों के आकड़े हैं। नियमित ट्रेनें तो पहले से चल रही थीं, लेकिन स्पेशल ट्रेनों को संचालित करने के लिए रेलवे प्रशासन को अलग से रेक तैयार करनी पड़ी। रेक बनाने में ही लगभग अतिरिक्त 6880 कोच की व्यवस्था करनी पड़ी। श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना पर रेलवे प्रशासन ने पहले से ही प्रयागराज और बनारस के आसपास वाले छोटे स्टेशनों पर 56 खाली रेक खड़ी कर दी थी। इसके अलावा पूर्व रेलवे सहित दूसरे जोन से भी रेक और कोच की मांग की थी। श्रद्धालुओं को महाकुंभ से वापस लाने में ट्रेनों में लगे डबल इंजन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ट्रेनों के आगे और पीछे दोनों तरफ इंजन लगने से प्रयागराज रामबाग और झूसी जैसे छोटे स्टेशनों पर भी विशेष गाड़ियों को वापस संचालित करने में इंजन नहीं बदलना पड़ा। इन स्टेशनों पर पहुंची ट्रेनें कम समय में ही श्रद्धालुओं को लेकर वापस हो जा रही है। ऐसे में रेलवे प्रशासन ने लगभग हर 25 मिनट में एक स्पेशल ट्रेन चलाकर लाखों श्रद्धालुओं को प्रयागराज से बाहर निकालने में सफल रहा है। महाकुंभ में डबल रेल लाइन और गंगा नदी पर बने नए पुल ने बनारस से प्रयागराज के बीच ट्रेनों की रफ्तार बढ़ा दी। बनारस से प्रयागराज के बीच डबल लाइन के खुल जाने से ट्रेनों का परिचालन ठप नहीं हुआ। ट्रेनें लगातार चती रहीं।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह बताते हैं कि वाराणसी मंडल के बनारस-माधोसिंह-प्रयागराज रेलमार्ग के दोहरीकरण तथा गंगा नदी पर बने पुल के चलते पर्याप्त संख्या में ट्रेनों का संचालन संभव हो पाया है।

# पुलिस की बर्बरता : तख्ता नहीं दिया तो थाने में बंद कर पीटा, दारोगा सहित तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




उत्तर-प्रदेश के कुसमौल में पुलिसकर्मियों की बर्बरता का मामला सामने आया है। आरोप है कि लकड़ी का तख्ता न देने पर दुकानदार को आधी रात में पुलिसकर्मी जबरन घर से उठा ले आए और थाने में बंद करके बेरहमी से पीटा। पीड़ित दुकानदार कुंदन भारती ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर अपना दर्द बयां किया। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं और तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां बेलीपार थाने के पुलिसकर्मियों की बर्बरता का मामला सामने आया है। आरोप है कि लकड़ी का तख्ता न देने पर दुकानदार को आधी रात में पुलिसकर्मी जबरन घर से उठा ले आए, थाने के कमरे में बंद करके बेरहमी से पीटा। पीड़ित दुकानदार कुंदन भारती ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर अपना दर्द बयां किया।

बेल्ट और डंडों से पिटाई के निशान दिखाए। मामला तूल पकड़ने के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने जांच के आदेश दिए।देर रात एसपी दक्षिणी की रिपोर्ट पर दारोगा सुधांशु यादव, सिपाही रामपुकार गिरि और राजीव गौड़ को निलंबित कर दिया।

जंगल दीर्घन सिंह निवासी कुंदन भारती बेलीपार थाने के पास फर्नीचर की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात करीब एकबजे दो दारोगा और चार सिपाही उनके घर पहुंचे और बिना कोई कारण बताए उन्हें जबरन उठा ले गए। थाने में उन्हें एक ऐसे कमरे में ले जाया गया जहां सीसी कैमरा नहीं था।

इसके बाद दरवाजा बंद कर डेढ़ घंटे तक बेल्ट और डंडों से पीटा गया। पीड़ित ने बताया कि दो महीने पहले भी पुलिसवालों ने उनकी दुकान से लकड़ी का एक तख्ता ले लिया था। जब इस बार दोबारा मांग की गई और उन्होंने मना कर दिया, तो रातभर यातना देने के बाद सोमवार सुबह शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने न केवल पिटाई की, बल्कि धमकी भी दी कि अगर उसने इस बारे में किसी से कुछ कहा तो अंजाम बुरा होगा।

# सेमीफाइनल मुकाबले में कुशीनगर, मऊ, बलिया और आजमगढ़ ने बनाई जगह

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिला स्टेडियम में खेल निदेशालय उप्र, लखनऊ एवं जिला खेल कार्यालय की संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ओपन स्टेट आमंत्रण पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। इसमें कुशीनगर, मऊ, बलिया और आजमगढ़ की टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी टीम को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहला क्वार्टर फाइनल मैच का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी श्रीकृष्णा गौतम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद आमने सामने हुई मऊ व मिर्जापुर की टीम ने जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। इसमें मऊ 1-0 विजेता बनी। टीम के जर्सी नं. 16 ने 17वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को जीत दिलाई। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच का शुभारंभ जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता ने की। आमने-सामने हुई देवरिया व बलिया की टीम खेल के अंत तक एक-दूसरे पर भारी दिखे। देवरिया की टीम के जर्सी नंबर सात के खिलाड़ी ने 10वें मिनट में पहला गोल कर दबाव बनाने का प्रयास किया। लेकिन 15वें मिनट में ही बलिया की टीम के जर्सी नंबर सात ने एक गोल दागकर 1-1 की बराबरी कर ली। 19वें मिनट में बलिया के जर्सी नंबर-9 ने दूसरा गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। 23वें मिनट में देवरिया के जर्सी नंबर-12 ने अपनी टीम की तरफ से दूसरा गोल मारकर टीम को 2-2 की बराबरी पर पहुंचा दिया। अंत में मैच का निर्णय टाईब्रेकर से किया गया, जिसमें 5-4 गोल के अंतर से बलिया विजयी रही। इसके बाद वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार यादव ने तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच का उद्घाटन किया। आजमगढ़ व गाजीपुर के बीच हुई मैच के 58वें मिनट में जर्सी नंबर-14 ने गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। उसके तुरंत बाद 60वें मिनट में आजमगढ़ के जर्सी नंबर-9 ने गोल करके अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इस मैच का फैसला भी टाईब्रेकर के जरिए हुआ, जिसमें आजमगढ़ की टीम 3-1 से विजयी रही। चौथा क्वार्टर फाईनल मैच कुशीनगर व बस्ती के बीच हुआ। इसमें कुशीनगर की टीम 2-0 से विजयी रही। मैच के 21वें मिनट में जर्सी नंबर -17 के आसिफ ने पहला और 52वें मिनट में जर्सी नंबर-7 ने दूसरा गोल कर जीत सुनिश्चित की।

## महाकुंभ मेले से उत्साह लेकर लौटे...रास्ते में जाम ने थकाया

**कुशीनगर।** प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कुंभ मेला स्पेशल बसें चलाई जा रही हैं। महाकुंभ के लिए पडरौना डिपो की तरफ से मंगलवार को 14 बसें भेजी गईं। वहीं पांच बसें महाकुंभ से लौट रही हैं। आते ही उन्हें भी रवाना कर दिया जा रहा है। इस समय महाकुंभ के लिए निगम की 27 बसें और अनुबंधित की सात बसें मिलाकर कुल 34 बसें चल रही हैं। स्नान करने के बाद लोग खुद को धन्य समझ रहे हैं। उनका कहना है कि डुबकी लगाकर सुकून मिला है। यात्रियों के लिए इस समय सबसे बड़ी मुसीबत प्रयागराज में लगा वाहनों का जाम बना है। महाकुंभ से लौटने वाले लोगों का कहना है कि महाकुंभ में स्नान करने के लिए फिर से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। गाड़ियों को दूर ही रोक दिए जाने से 30 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है, लेकिन गंगा जी में स्नान करने के बाद लोग खुद को धन्य समझ रहे हैं।

# तीन सुपर जोनल, छह जोनल, 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में होगी बोर्ड परीक्षा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जिले में तीन सुपर जोनल, छह जोनल, 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में यूपी बोर्ड की परीक्षा संपन्न होगी। सुपर जोनल में सीडीओ, एडीएम वित्त व राजस्व, मुख्य राजस्व अधिकारी शामिल किए गए हैं। जबकि जोनल मजिस्ट्रेट में पांचों तहसीलों के एसडीएम व तहसीलदार सदर तैनात किए गए हैं । वहीं 179 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की सूची भी मंगलवार की शाम को जारी कर दी गई। जिला प्रशासन की ओर से भी इस सूची को मंजूरी दे दी गई। सभी को बोर्ड परीक्षा के दौरान इसकी शुचिता व शांतिपूर्ण ढंग से कराने की जिम्ममेदारी सौपी गई है।

24 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित होने वाले बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के तहत मंगलवार को जिला प्रशासन की अनुमति के बाद जनपद स्तर पर मानीटरिंग करने के लिए तैनात होने वाले अधिकारियों की सूची जारी कर दी गई। इसके अंतर्गत जिले में तीन सुपर जोनल, छह जोनल, 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं, जबकि हर केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की सूची भी जारी कर दी गई है। डीआईओएस शिव नारायण सिंह ने मंगलवार को बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित कर दिए गए हैं। समस्त नामित मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केंद्रों का परीक्षा अवधि में सघन निरीक्षण करते हुए नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करेंगे। इसके अंतर्गत जिले में तीन सुपर जोनल, छह जोनल, 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं, जबकि हर केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की सूची भी जारी कर दी गई है। डीआईओएस शिव नारायण सिंह ने मंगलवार को बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित कर दिए गए हैं। समस्त नामित मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केंद्रों का परीक्षा अवधि में सघन निरीक्षण करते हुए नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करेंगे। समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट आवंटित सेक्टर में स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण प्रथम व द्वितीय पाली में करेंगे तथा इसे सुचारु रुप से संपन्न कराएंगे। साथ ही प्रतिदिन की निरीक्षण रिपोर्ट भी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रुम को लिखित रुप से उपलब्ध कराएंगे। प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग हुई तो इसके जिम्मेदार भी वहीं होंगे।

## मुजफ्फरनगर के दो पशु तस्करों को पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** तमकुहीराज। तस्करी कर वध के लिए बिहार लें जा रहे तीन गोवंश के साथ पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गोवंश को पुलिस ने गोशाला पहुंचाया। मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। तमकुहीराज पुलिस को मंगलवार को सूचना मिली कि तस्कर पिकअप से गोवंश को लेकर वध के लिए बिहार लेकर जा रहे है। सूचना के आधार पर सक्रिय हुई पुलिस की दो टीमों हाईवे पर घेराबंदी कर वाहनों की जांच करने लगी। दोपहर करीब 12 बजे हाईवे के रास्ते एक पिकअप आता दिखाई दिया। पुलिस ने पिकअप में सवार मुजफ्फरनगर जिले के जौली निवासी नईम अहमद व वसीम के रूप में की। पूछताछ में पशु तस्करों ने बताया कि गोवंश वध के बिहार लेकर जा रहे थे।

# माघ महीने की पूर्णिमा के साथ कल्पवास की हुई समाप्ति...

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ मेला में शाही स्नान की श्रृंखलाओं में बुधवार को कल्पवासियों का विशेष स्नान माघ महीने की पूर्णिमा को संपन्न हुआ। विश्व विख्यात महाकुम्भ में व्रत, नियम,संयम और सत्संग के साथ कल्पवास का विशिष्ट विधान है। इस वर्ष महाकुम्भ में 10 लाख से अधिक लोगों ने विधिपूर्वक कल्पवास किया है। पौराणिक मान्यता है कि माघ मास पर्यंत प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास करने से सहस्त्र वर्षों के तप का फल मिलता है। महाकुम्भ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। वैदिक ज्योतिष संस्थान के तत्वावधान में सेक्टर 16 स्थित संगम लोअर मार्ग एवं सेक्टर 9 स्थित बजरंग दास मार्ग पर पर चल रहे हरिग्रह साधना शिविर में कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार बुधवार माघ पूर्णिमा के अवसर पर संगम स्नान कर एक महीने कल्पवास की अवधि को समाप्त किया। शिविर का मार्ग दर्शन कर रहे शहर के धर्मगुरु स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने कल्पवास के महत्व और उसकी आस्था के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि पद्मपुराण के अनुसार पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक एक माह संगम तट पर कल्पवास व्रत एवं सत्संग का विधान है। कुछ लोग पौष माह की एकादशी से माघ माह में द्वादशी के दिन तक भी कल्पवास करते हैं। आस्था और आध्यात्म के महापर्व, महाकुम्भ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। इस वर्ष महाकुम्भ में देश के कोने-कोने से आये लोग संगम तट पर कल्पवास कर रहे हैं।शास्त्रों के अनुसार कल्पवासी माघ पूर्णिमा के दिन संगम स्नान कर, व्रत रखते हैं। इसके बाद अपने कल्पवास की कुटीरों में आकर सत्यनारायण कथा सुनने और हवन पूजन करने का विधान है। कल्पवास का संकल्प पूरा कर कल्पवासी अपने तीर्थपुरोहितों को यथाशक्ति दान करते हैं। साथ ही कल्पवास के प्रारंभ में बोये गये जौं को गंगा जी में विसर्जित करेंगे और तुलसी जी के पौधे को साथ घर ले जायेंगे। तुलसी जी के पौधे को सनातन परंपरा में मां लक्ष्मी का रूप माना जाता है। महाकुम्भ में बारह वर्ष तक नियमित कल्पवास करने का चक्र पूरा होता है। यहां से लौट कर गांव में भोज कराने का विधान, इसके बाद ही कल्पवास पूर्ण माना जाता है। इसके साथ ही हरिग्रह साधना शिविर में चल रहे महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियाँ दीं। अन्नपूर्णा रसोई में निर्मित पकवानों का भोग लगाकर सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर मेला में आए शरणार्थी को भी भोजन करवाया।स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने माघ पूर्णिमा पर बजरंगदास मार्ग स्थित शिविर के समापन की घोषणा भी की। शिविर संयोजक आचार्य गौरव शास्त्री ने बताया कि जनपद के पहले शिविर आयोजन में वैदिक ज्योतिष संस्थान एवं विश्व कल्याण सेवा संस्थान के सदस्यों की मेहनत और तप का फल मिला हमें अलीगढ से आने वाले भक्तों की सेवा का अवसर मिला आगे भी इसी प्रकार हमारी संस्था सेवा भाव का कार्य करती रहेगी। सांय कालीन गंगा आरती में आचार्य गौरव शास्त्री,अंकित शास्त्री,ओम शास्त्री,नवीन चौधरी,सौरभ शर्मा,राजेश्री शर्मा,आभा शर्मा,राजा शर्मा,वाणी शर्मा,विराट शर्मा,अजीत चौहान,निपुण उपाध्याय,सौरभ रावत आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# बिरजू महाराज कल्चरल क्लब द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित पंडित बिरजू महाराज कल्चरल क्लब की ओर से मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मेनका ने बाजी मारी। जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को आयोजित रंगोली प्रतियोगिताका प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कल्चरल क्लब के अध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय ने करते हुए कहा कि रंगोली धार्मिक, सांस्कृतिक आस्थाओं की प्रतीक रही है। इसको आध्यात्मिक प्रक्रिया का एक महत्त्वपूर्ण अंग माना गया है। रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन बच्चों और छात्रों को अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ने, उनकी कलात्मक क्षमताओं को विकसित करने, और रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए किया जाता है। क्लब की प्रभारी प्रो0 रेखा विश्वकर्मा व समन्वयक डॉ अनामिका सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए क्लब के गठन के उद्देश्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। क्लब के कोषाध्यक्ष डॉ स्वदेश भट्ट ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। क्लब के सचिव व सह प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता प्रतिभागियों की कल्पना का आधार तो है ही, नित-नवीन सृजन करने की भावना का प्रतीक भी है।इस प्रकार ये हमारी सांस्कृतिक भावनाओं को साकार करने में महत्वपूर्ण साधन माने जाते हैं। हर्ष और प्रसन्नता का प्रतीक रंगोली रंगमयी अभिव्यक्ति है। निर्णायक डॉ वंदना सिंह,मणिका मिश्रा व सीमा पाण्डेय ने एम ए प्रथम वर्ष की मेनका को पहला,बीए 6वें सेमेस्टर के सुरेन्द्र को दूसरे तथा बीए 6वें सेमेस्टर की शगुन पाठक को तीसरे स्थान के लिए चुना इस अवसर पर महाविद्यालय के कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मैक्स अस्पताल के सहयोग से बीसीएम में लगाया स्वास्थ शिविर

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 में मैक्स अस्पताल, लखनऊ के सहयोग से मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ परीक्षण का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को 2025 को मैक्स हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया । शिविर में ब्लड प्रेशर ई.सी.जी. ब्लड, शुगर, ऑक्सीजन लेबल, नाड़ी परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण की जॉच की गई । साथ ही साथ मैक्स अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा जॉच कराने आये लोगों को चिकित्सकीय परार्मश (जनरल फिजीशियन, हृदय, मस्तिक रोग एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों) द्वारा दिया गया । शिविर का शुभारंभ चीनी मिल के अपर प्रधान प्रबंधक (वाणिज्य) बी.एन. ठाकुर उनकी धर्मपत्नी दीपिका ठाकुर एवं मैक्स अस्पताल से आये डॉ0 अजय कुमार यादव एवं स्टॉफद्वारा फीता काटकर किया गया । चीनी मिल के उप-प्रधान प्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) डी.के. सिंह ने बताया कि चीनी मिल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके पारिवारिक सदस्यों का स्वास्थ परीक्षण कैम्प में करवाया गया।

# संत रविदास मंदिर से रविदास जयंती अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय पर संत रविदास जयंती अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई । आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह ने भगवान रविदास की मूर्ति भेंट की। जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को आदर्श नगरपालिका परिषद अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने रविदास जयंती के पावन अवसर पर संत रविदास जी की मूर्ति मंदिर पर भेंट किया। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ कराया । इस अवसर पर डॉ तुलसीश दुबे, गौरव मिश्रा, सभासद नंदलाल तिवारी, संदीप मिश्रा मनीष तिवारी, रामू कश्यप, अक्षय शुक्ला,अम्बरीष शुक्ला, अंकित त्रिपाठी, अजीत ओझा ने माल्यार्पण किया।

# राज्य स्तरीय कुश्ती में विजयी महिला खिलाड़ियों को एमएलसी ने किया पुरस्कृत



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय महिला कुश्ती प्रतियोगिता का बहुत ही भव्य समापन हुआ,खिलाड़ियों को विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे द्वारा ट्रैक शूट और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए एमएलसी ने कहा कि यह बड़े ही सौभाग्य का विषय है कि यहां कुश्ती प्रतियोगिता हो रही है यही खिलाड़ी आगे आगे चलकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम का संचालन सचिव जिला ओलंपिक संघ डा हनुमान प्रताप सिंह ने किया।

### वाराणसी से आए इंटरनेशनल कोच ने किया डीएम के निर्णय का स्वागत

खेल संपन्न कराने वाराणसी से आए इंटरनेशनल कोच राम सजन यादव ने कहा हमारे 20 वर्षों के खेल के इतिहास में पहली बार किसी जिलाधिकारी द्वारा खिलाड़ियों को इतना सम्मान दिया जा रहा है जिसकी चर्चा पूरे प्रदेश के कुश्ती जगत में हो रही है हम सभी बार बार यहां आना चाहेंगे खासकर कमजोर अर्थ व्यवस्था वाली खिलाड़ी आयशा की मदद किए जाने से पूरा खेल विभाग अभिभूत हुआ।

### खेल हित में जिलाधिकारी अविनाश ने रचा इतिहास

प्रदेश के 10 मंडलों से आए कुश्ती खिलाड़ियों के खुशी का ठिकाना तब नहीं रहा जब जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा विजेता उपविजेता 36 खिलाड़ियों को 1 लाख 62 हजार के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ,जिलाधिकारी ने सभी विजेता खिलाड़ियों से एक एक कर बात करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया गया जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच है कि खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिले और यही कारण है कि हमारे प्रदेश और देश के खिलाड़ी पूरी दुनिया में नाम रोशन कर रह है।

### अम्बेडकरनगर की गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी के आंखों से छलक पड़े खुशी के आसू

जनपद की गोल्डमेडलिस्ट खिलाड़ी आयशा से बात करते करते जिलाधिकारी उस समय भावुक हो गए जब खिलाड़ी ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर है तो जिलाधिकारी ने उसे स्कूटी देने की घोषणा की और योग्यतानुसार नौकरी दिलाए जाने का भी आश्वासन दिया जिससे खुशी के मारे आयशा रोने लगी डीएम ने उससे कहा हम आपके गार्जियन को कोई भी समस्या नहीं आने देंगे डीएम के इस निर्णय का कुश्ती सभागार में मौजूद खिलाड़ियों ने तालियों के गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

### खेल विभाग के आयोजन और ओलंपिक संघ के संयोजन में संपन्न हुआ कार्यक्रम

खेल निदेशालय यूपी के तत्वावधान में जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ओपन महिला कुश्ती प्रतियोगिता का संयोजन जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ हनुमान प्रताप सिंह द्वारा बड़े ही बेहतरीन तरीके से किया गया यही कारण रहा खिलाड़ियों और निर्णायकों ने खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया डा हनुमान प्रताप सिंह ने बताया कि शीघ्र ही 2 राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं वॉलीबॉल और हैंडबॉल और कराई जाएंगी जिलाधिकारी द्वारा खेल हित में किए। जा रहे कार्य से खिलाड़ी यहां खेलने को लेकर काफी उत्साहित है।

### निर्णायकों को भी मिला सम्मान

विभिन्न जनपदों से आए हुए निर्णयों को भी डीएम द्वारा सम्मानित किया गए जिसमें रामआशीष यादव, प्रदीप कुमार, संगीता सिंह, बेबी सिंह, अंशिका यादव, सत्यवान यादव, अंकित तिवारी, विशाल यादव, अभिषेक उपाध्याय, स्मिता यादव, विभा मौर्या।

### सीडीओ ने किया खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद मुख्य अधिकारी आनंद शुक्ल ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए आगे के लिए शुभकामनाएं और कहा खिलाड़ियों का उत्साह देखकर यह निश्चित है कि खिलाड़ी आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक नाम रोशन करेंगे।

# देवीपाटन मंदिर के महंत की अध्यक्षता में चैत्र नवरात्रि मेला की तैयारियों की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



आगामी 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि का मेला शुरू होना है। जिसको सकुशल , सुचारू रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डेढ़ माह पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी की अध्यक्षता एवं डीएम पवन अग्रवाल , पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मौजूदगी में देवीपाटन मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था , साफ सफाई की व्यवस्था ,विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए शुलभ शौचालय की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था,जल निकासी की व्यवस्था, देवीपाटन मंदिर को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों की मरम्मत , रैन बसेरा, मेले के दौरान बसों एवं ट्रेन की सुलभ उपलब्धता , पार्किंग व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा,कूड़ा प्रबंधन आदि पर गहन चर्चा की गई तथा महंत देवीपाटन मंदिर श्री योगी मिथलेश जी द्वारा अहम सुझाव दिए गए। एसडीएम तुलसीपुर मेला मजिस्ट्रेट होंगे। मेले में साफ सफाई की दृष्टि से पंचायती राज विभाग द्वारा 400 से अधिक सफाई कर्मी लगाए जाएंगे इसके अलावा नगर पंचायत तुलसीपुर द्वारा भी सफाई कर्मी लगाए जाएंगे , डीएम ने सभी सफाई कर्मियों की ड्यूटी रोस्टर वाइज लगाए जाने का निर्देश दिया। मेला प्रारंभ होने से 14 दिन पूर्व से ही नियमित फोगिंग का निर्देश दिया। मेले में मेडिकल टीम लगाई जाएगी , डीएम ने सभी एम्बुलेंस में मेडिकल ऑफिसर तैनात किए जाने के निर्देश दिए। पेयजल के लिए पर्याप्त टैंकर लगाए, जाएंगे। डीएम ने मेला क्षेत्र में लगे सभी हैंडपंप की मरम्मत कर लिए जाने एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था का निर्देश दिया ।मेले में पर्याप्त संख्या में मोबाइल शौचालय ,रैन बसेरा की व्यवस्था की जाएगी।

## 11 से 15 तक चलेगा दुर्घटना बीमा अभियान

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** भारतीय डाक विभाग गोरखपुर डाक परिक्षेत्र द्वारा 11 से 15 फरवरी, 2025 तक आम-जन को दुर्घटना बीमा से आच्छादित करने के लिए पुनः अभियान चलाया जाएगा । गोरखपुर के पोस्टमास्टर जनरल गौरव श्रीवास्तव ने 12 फरवरी को बताया कि पिछली बार डाक विभाग द्वारा दुर्घटना बीमा अभियान का आयोजन किया गया था, जिसमे अप्रत्याशित सफलता मिली। उन्होंने बताया कि 11 से 15 फरवरी, 2025 को गोरखपुर क्षेत्र द्वारा पुनः पाँच दिवसीय विशेष अभियान चलाया जायेगा और जो लोग पिछले अभियान में इस योजना का लाभ उठाने से वंचित रह गए थे उनको दुर्घटना बीमा कराने का अवसर प्रदान किया जायेगा। साथ ही साथ ऐसे बीमा धारक जिनकी एक साल की बीमा की अवधि पूर्ण हो चुकी है वह अपने दुर्घटना बीमा का नवीनीकरण भी करा सकते है।

## पुरस्कार वितरण समारोह एवं वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड रन कॉलेज में बुधवार को वार्षिकोत्सव समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को को नगर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में पुरस्कार वितरण व वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी, संस्था के अध्यक्ष डा0 पी0एन0 तिवारी, कोषाध्यक्ष मीता तिवारी, ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। जिसमें पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पल्टू राम विधान सभा सदस्य उत्तर प्रदेश एवं वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा पूर्व सांसद श्रावस्ती ने माँ सरस्वती के चरणों में द्वीप प्रज्वलित करके पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक मुख्य अतिथि को बुके देकर, बैज लगाकर व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। इसी क्रम में पुरस्कार वितरण समारोह तथा वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के सम्मानित अतिथियों में राकेश यादव विधान सभा सदस्य उत्तर प्रदेश, हेमन्त तिवारी प्रवक्ता मार्डन इंटर कालेज बलरामपुर, श्याम मनोहर तिवारी प्रतिनिधि जिला पंचायत बलरामपुर, महेन्द्र दास जी हनुमान गढ़ी महन्त बलरामपुर, नरेश सहरावत हनुमान गढ़ी मन्दिर बलरामपुर, जे0पी0 तिवारी पूर्व एसो0 प्रोफे0 वनस्पति विज्ञान विभाग, एमएलके0 पी0जी0 कालेज, विद्यालय के सचिव डा0 राजीव रंजन बलरामपुर, डॉ0 सुनील कुमार मिश्रा, एसो0प्रोफे0 रसायन विज्ञान, डा0

## एएमए हर्बल ने लॉन्च किया वेजीबैक्ट-एन (ओडर कंट्रोल एजेंट)

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

गंध नियंत्रण में प्राकृतिक और टिकाऊ समाधान की तलाश पूरी करते हुए एएमए हर्बल ने एक अनूठा उत्पाद वेजीबैक्ट-एन (ओडर कंट्रोल एजेंट) लॉन्च किया है, जो गंध नियंत्रण के क्षेत्र का अत्यंत क्रांतिकारी और प्राकृतिक समाधान है। यह उत्पाद सूक्ष्म जीवों के विकास को रोककर कपड़ों की सतह पर गंध और हानिकारक बैक्टीरिया को 99 प्रतिशत तक समाप्त करता है। इसके प्राकृतिक एंजाइम-आधारित तत्व पारंपरिक धातु-आधारित फिनिशिंग का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प देता है। वेजीबैक्ट-एनटीएम अस्पतालों में मरीजों के कपड़ों पर स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करने में बहुत असरदार रहता है। रेलवे के बिस्तरों की किट्स की बेहतरीन सफ़ाई के कारण लम्बी यात्राओं के दौरान भी इससे स्वच्छ और बेहतर हाइजीनिक विकल्प मिलते हैं। जिम, स्पा और सैलून में प्रयोग होने वाले तौलियों और अन्य कपड़ों को भी स्वच्छता बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में भी बेडशीट्स, तौलियों और गाउन के लिए गंधरहित सफ़ाई में वेजीबैक्ट-एनटीएम काफ़ी प्रभावी है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता है कि ये गंध नियंत्रण और बैक्टीरिया रोधी सुरक्षा भी प्रदान करता है। वेजीबैक्ट-एन (ओडर कंट्रोल एजेंट) के उपयोग से कपड़ों को बार-बार धोने की आवश्यकता नहीं होती।

## एयरटेल ने किया नोकिया के साथ 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस डिवाइसेज़ के विस्तार के लिए अनुबंध

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारती एयरटेल ने पूरे भारत में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) और वाई-फाई सल्यूशन के विस्तार हेतु नोकिया और क्वालकॉम के साथ एक अनुबंध किया है। इस समझौते के तहत, नोकिया एयरटेल को अपने 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) आउटडोर गेटवे रिसीवर और वाई-फाई 6 एक्सेस पॉइंट की आपूर्ति करेगा, जो क्वालकॉम मॉडेम-आरएफ और वाई-फाई 6 चिपसेट्स पर आधारित होंगे। इस पहल का उद्देश्य उन क्षेत्रों में बेहतर ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करना है, जहां फाइबर कनेक्टिविटी या तो सीमित है या उसे लागू करना चुनौतीपूर्ण है। भारत में फाइबर कनेक्टिविटी की सीमित पहुंच और डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग के कारण, 5जी नेटवर्क के माध्यम से फिक्स्ड वायरलेस ब्रॉडबैंड एक्सेस का उपयोग एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। एयरटेल नोकिया के फ़ास्टमाइल 5जी आउटडोर रिसीवर का उपयोग करेगा, जो मल्टी-ड्वेलिंग यूनिट्स (बहु-आवासीय भवनों) के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हैं और एक साथ दो घरों को सेवा देने में सक्षम हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-रोशनगढ़, विकास खंड-अकबरपुर, जनपद-अम्बेडकर नगर

पत्रांक: मेमो/पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 12.02.2025

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

**ग्राम पंचायत रोशनगढ़, विकास खंड अकबरपुर में** राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना वर्ष 24-25 के निम्नलिखित परियोजनाओं के निर्माण कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म के लेटर पैड पर मुहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें **दिनांक 13-02-2025 से 17-02-2025 तक प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें दिनांक 17-02-2025 **को सायं 4 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा के नियम व शर्तें पत्र में अंकित हैं:-

| क्र. | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री का ब्यौरा |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में पिच रोड से मगन के घर होते हुए रामकरन के घर तक मिटटी एवं खड़ंजा निर्माण कार्य। | 3 लाख | मिट्टी, गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट व अन्य सामग्री |

**नियम व शर्तों का विवरण:-**

1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु सूचित किया जायेगा।
2- आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए ग्राम पंचायत स्वतंत्र होगी।
3- फर्म जी0 एस0 टी0 पंजीकृत हो व आयकर दाखिल करने की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
4- जो दरें प्रस्तुत की जायें, वह दरें जी0एस0टी0 तथा ढुलाई, लदाई, उतरवाई तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
5- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेंगी।
6- प्रस्तुत दरें PWD द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए।
7- स्वीकृत आपूर्ति कर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मांग के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवता खराब होने पर आपूर्ति कर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।
8- बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

**रंजना मौर्य**
ग्राम प्रधान

**नदीम रजा**
ग्राम पंचायत सचिव


## इंडियावुड 2025 : लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडिया वुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर , ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। 2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62 प्रतिशत हिस्सा बनाते है, और यह उद्योग नवाचार और स्थिरता द्वारा प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है । इसका अधिकांश हिस्सा इंडिया वुड में मिलने वाले अवसरों द्वारा प्रेरित है, सोनिया प्रशर, प्रबंध निदेशक, नूर्नबर्ग मेसे इंडिया ने कहा। इस अवसर पर, यूमाबोइस(यूरोपीय लकड़ी कार्य मशीनरी निर्माताओं की महासंघ) के अध्यक्ष फ्रेडरिक मेयर ने कार्यक्रम और भारत के लकड़ी कार्य और फर्नीचर उद्योग की निरंतर वृद्धि के बारे में अपनी खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम के वैश्विक महत्व को दोहराते हुए, शिवकुमार वेणुगोपाल, ग्रुप डायरेक्टर, नूर्नबर्ग मेसे इंडिया ने कहा, इंडिया वुड की यात्रा कांतिरवा स्टेडियम में अपनी साधारण शुरुआत से लेकर दुनिया के सबसे बड़े लकड़ी के काम और फर्नीचर निर्माण प्रदर्शनों में से एक बनने तक, एक अद्वितीय है। पिछले 25 वर्षों में, हमने उद्योग को विकसित होते हुए देखा है - मैन्युअल कारीगरी से लेकर स्वचालन, पारंपरिक सामग्रियों से लेकर स्थायी नवाचारों तक - इंडिया वुड इस परिवर्तन के अग्रणी रहा है।

# सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी द्वारा मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा वर्ती क्षेत्र में बुधवार को 9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर द्वारा सीमा क्षेत्र की विषेस कर मातृ शक्ति के कौशल संवर्धन हेतु मधु मक्खी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को मनोरंजन कुमार पाण्डेय (कमाण्डेंट) 9वीं सशस्त्र सीमा बल के मार्गदर्शन में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमा चौकी गुरंगनाका के बघेलखंड एवं चोहत्तर कला गांव के स्थानीय युवा एवं महिलाओं के लिए मधुमक्खी कोर्स की औपचारिक शुरुआत की गई । इस कार्यक्रम की अवधि कुल 15 दिनों की है जिसमें ग्रामीण पृष्ठभूमि की 30 ग्रामीण युवा एवं महिलाओं को शामिल किया गया है । डॉ.रवि शंकर सिंह (कुलपति मां पटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय,बलरामपुर तथा कमांडेंट मनोरंजन कुमार पांडे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों एवं मंच पर उपस्थित सभी सम्मानित लोगों का स्वागत किया । कमांडेंट मनोरंजन कुमार पांडेय ने बताया कि सीमा क्षेत्र में नवीं वाहिनी द्वारा केंद्र सरकार के नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न कराये जाते हैं । प्रशिक्षण कार्यक्रम की सीमावर्ती क्षेत्रों में उपयोगिता एवं उद्देश्यों के बारे में सभी को बताया गया, जिसमें मुख्यतः मोहदय द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर महिलाएं कौशल विकास प्राप्त कर स्वरोजगार द्वारा आर्थिक उपार्जन करेंगी और खुद को आत्मनिर्भर बनायेंगी।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल अंक पत्र वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2761816 तथा इंटरमीडिएट अंक पत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2227001569 कहीं खो गया है ।

मो0 समीर पुत्र शफीक
निवासी ग्राम शंकरपुर
थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर
उत्तर प्रदेश
9005599376

# गांधी स्टेडियम में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल सीतापुर ने पीलीभीत को 1-0 से हराया







**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

खेल निदेशालय के निर्देश पर गांधी स्टेडियम में बुधवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने शिरकत की और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह का स्वागत जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कपिल देव एवं सह सचिव असित शुक्ला ने बैज एवं बुके भेंट कर किया। जिलाधिकारी ने फाइनल में पहुंची सीतापुर और पीलीभीत की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लिया और मैच की शुरुआत कराई।

### सीतापुर ने अंतिम मिनट में किया गोल, बना विजेता

फाइनल मुकाबला सीतापुर और पीलीभीत के बीच खेला गया। पूरे मैच के दौरान दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन सीतापुर के खिलाड़ी आलम कुरैशी ने सेकंड हाफ में आखिरी मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 से विजेता बना दिया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह सहित ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय गंगवार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, एआर कोऑपरेटिव प्रदीप सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता पंकज भारती समेत अन्य अतिथियों ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### निर्णायक समिति और अन्य गणमान्य लोग रहे मौजूद

निर्णायक समिति में प्रदीप कुमार पांडे, महेश चंद्र, मोहम्मद अकूब, अतुल कुमार, कौशल किशोर, संजीव कुमार सिंह, अजय यादव, विशाल कुमार, अयूब शाह, धीरज कुमार पटेल, रजा अल्लाह शामिल रहे।

वहीं इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार नीरज मिश्रा, डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री, अध्यक्ष कपिल देव सिंह, सचिव सुरेश कौशल, सह सचिव असित शुक्ला, उपाध्यक्ष देव सिंह, मसूद हसन,

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चेतन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार संदीप सिंह, निर्मल कांत शुक्ला, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल महेंद्रु, राजेश शुक्ला, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव मिश्रा, व्यायाम शिक्षिका विभा मिश्रा, कबड्डी संघ के सचिव गुरमेज सिंह, संजय पांडे, अविनाश, महेश चंद्र, प्रगति सिंह, सचिन पांडे, दीपक बिष्ट, गीता देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ट्रैकसूट और स्मृति चिन्ह का हुआ वितरण

खेल निदेशालय एवं खेल कार्यालय पीलीभीत द्वारा विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रैकसूट वितरित किए गए। साथ ही पीलीभीत डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से मुख्य अतिथियों, खिलाड़ियों और मैच ऑफिशियल्स को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। अपने संबोधन में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने क्रीड़ाधिकारी जयवीर सिंह, फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल देव, सह सचिव असित शुक्ला समेत पूरी टीम की सराहना की और आयोजन की भव्यता और सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का समापन





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल, जंगरोली कैंपस में पाँच दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह एवं सम्मानित अतिथि राजीव अग्रवाल थे। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों का स्वागत स्कूल बैंड के माध्यम से किया। समाजसेवी अखिलेश शर्मा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और छात्रों को आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएँ दीं।

पाँच दिनों तक चले इस आयोजन में एथलेटिक्स, दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज, डार्ट्स आदि खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। फाइनल मुकाबलों में छात्रों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह की शुरुआत सरस्वती एवं गणेश वंदना से हुई। इसके बाद छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें गीत, नृत्य, गत्का और नाटक शामिल थे। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

### मुख्य विजेता टीमें एवं खिलाड़ी....

पास दी बाल (विक्टर क्लब) – प्रथम स्थान
सुप्रीम क्लब – द्वितीय स्थान
टग ऑफ वार (बॉयज – एलीट्स क्लब) विजेता–
नितिन गंगवार, दीपक पटेल, निशांत पटेल, मयंक गंगवार, अर्श अंसारी, आदित्य गंगवार, गौरव लोधी, आर्यन पटेल, प्रतीक गंगवार, मोहम्मद फरदीन रहें।

### टग ऑफ वार (गर्ल्स – लीजेंड क्लब) विजेता–

अस्मिता सक्सेना, अनुष्का जौहरी, आराध्या, श्रिस्ति सिंह, ज़ैबा फातिमा, महिमा सिंह, खुशी, कंगना शर्मा, वैशाली तिवारी रहीं।

### रिले रेस (बॉयज – सुप्रीम विजेता)

उत्कर्ष सिंह, जितिन यादव, उमंग पंडित, वदियुल मदार रहें।

### रिले रेस (गर्ल्स – विक्टर विजेता)

दिव्यांशी शर्मा, जानवी सागर, रिधिमा अग्रवाल, अंकिता कश्यप रहीं।

- मुख्य अतिथि जयवीर सिंह ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को खेल भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। सम्मानित अतिथि राजीव अग्रवाल ने विद्यालय द्वारा खेलों को प्रोत्साहित करने की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही।
- विद्यालय की चेयरपर्सन सोनिया गोस्वामी के निर्देशन में संपूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन विश्नुप्रिया एवं भावेश पांडे ने किया, जबकि अभिभावकों का स्वागत ऋतिक, काव्यांजली, अपाला, आयुष, रजत, निधि, अनुज ने किया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में कृपांशी, सुमित, प्रियंका, विनोद एवं स्तुति ने विशेष योगदान दिया।
- इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और यह खेल दिवस सभी के लिए यादगार अनुभव बना रहेगा।

# बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के कारण जनता त्रस्त है, लेकिन सरकार झूठे विकास के दावे कर रही है- राजकुमार राजू




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में ग्राम नवदिया धनेश में संत रविदास जयंती के अवसर पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार किसानों और नौजवानों के विरोध में काम कर रही है। बेरोजगारी बढ़ रही है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही। किसान खाद और बीज के लिए परेशान हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही।

पूर्व विधायक अरशद खां ने कार्यकर्ताओं से पीडीए को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की अपील की।

पूर्व शिक्षक ओम शर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही जनता की समस्याओं का समाधान कर सकती है।

समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के कारण जनता त्रस्त है, लेकिन सरकार झूठे विकास के दावे कर रही है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति अजय भारती ने कहा कि किसानों और नौजवानों के हक की लड़ाई को कार्यकर्ताओं को मजबूती से लड़ना होगा। जरूरत पड़ी तो सड़क से सदन तक संघर्ष किया जाएगा।

पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव ओम प्रकाश यादव ने कहा कि गरीबों, किसानों और मजदूरों के हितों की अनदेखी की जा रही है।

समाजवादी महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार ने महिलाओं की समस्याओं को उठाया और उनके अधिकारों के लिए एकजुट होने की अपील की।

समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी ने पीडीए मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने की बात कही।

कार्यक्रम में अमनदीप सिंह संधु, संजय खान, नाबीर अली मंसूरी, मीता सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पंचायत की अध्यक्षता एवं संचालन के दौरान यह साफ जाहिर हुआ कि जनता मौजूदा हालात से असंतुष्ट है और बदलाव की अपेक्षा रखती है।

# ट्रांस शारदा क्षेत्र में संत शिरोमणि रविदास जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

**हजारा।** ट्रांस शारदा क्षेत्र में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती के मौके पर कार्यक्रम आयोजित कर रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए कार्यक्रम मनाया है। ट्रांस शारदा क्षेत्र में बुधवार को शारदा नदी से प्रभावित गांव राणा प्रताप नगर के रविदास मंदिर को भव्य तरीके से सजाकर संत शिरोमणि श्री रविदास जयंती कार्यक्रम का आयोजन कर संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर महिला एवं पुरुषों ने बारी-बारी से माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए जयंती मनाया है। जयंती कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संत शिरोमणि रविदास जी के बारे में सभी को विस्तार से बताया और उनके बताये राह पर चलते हुए मानव हित की बात कही है। इस कार्यक्रम के दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया था।रविदास जयंती कार्यक्रम में ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर कबीरगंज श्रीनगर मुरैना गांधीनगर आजाद नगर अशोकनगर सिध्दनगर रामनगर विजयनगर कुठिया गुदिया सहित अन्य गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए।इतना ही नहीं ट्रांस शारदा क्षेत्र के अन्य गांव में भी जयंती मनाया गया है।

राणा प्रताप नगर में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रमावती देवी, गणेश गौतम, सुरेश भारती, कन्हैया लाल, मुनीव गौतम, राजेश कुमार, भीमल प्रसाद, रामवृक्ष, यदुनंदन मदेशिया, रामपति राजभर, फिरतू, चमेली देवी, सुशीला देवी, रामानंद, भग्गन कनौजिया, मनोज कुमार, अनिल कुमार, धनेश कुमार, हरिलाल, कमरुद्दीन अंसारी, कमला देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष एवं बच्चे मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंदा, घटनास्थल पर दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

यह दुर्घटना पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के असम हाईवे स्थित छीना पैलेस के पास हुई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है, लेकिन अब तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

पुलिस ने अज्ञात वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और आरोपी चालक की पहचान हो सके। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी को युवक की पहचान के बारे में जानकारी हो तो वे तत्काल कोतवाली में सूचित करें।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय में संत शिरोमणि रविदास जयंती का भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कार्यालय के पत्र के अनुपालन में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर भव्य रूप से मनाई गई।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष सरदार जगदेव सिंह जग्गा ने की, जबकि संचालन जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट ने किया। पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बालक रामसागर ने संत रविदास जी के विचारों एवं दर्शन की व्याख्या करते हुए कहा कि संत रविदास जी ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक सद्भाव और समरसता को समर्पित किया। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाकर एकता का संदेश दिया।

मध्यकालीन भारत में उन्होंने समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया।

वहीं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सरदार जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि संत रविदास जी को संत शिरोमणि की उपाधि दी गई, क्योंकि उन्होंने सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने 'रविदासिया पंथ' चलाकर भेदभाव से मुक्त समाज की परिकल्पना प्रस्तुत की। गुरु ग्रंथ साहिब में भी उनकी वाणी का उल्लेख किया गया, जिससे वह संपूर्ण समाज के संत माने जाते हैं। उनका दर्शन आज भी जनमानस में जागरूकता लाने में सक्षम है। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, बालक रामसागर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवजन सभा राजकुमार राजू, इस अवसर पर निम्न प्रमुख नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें। समाजवादी पार्टी ने संत रविदास जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया और सभी कार्यकर्ताओं से उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की।

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



मंगलवार देर शाम जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव-2025 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए एक समिति गठित की गई है, जिसमें नगर मजिस्ट्रेट को अध्यक्ष व जिला विकास अधिकारी तथा उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि यह महोत्सव भारत-नेपाल की मैत्री को मजबूत करने, प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने तथा युवाओं एवं विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन 22-23 फरवरी 2025 को गांधी प्रेक्षागृह एवं गांधी स्टेडियम, पीलीभीत में किया जाएगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने नामित समिति को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही, जनपदवासियों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की, ताकि इस आयोजन को सफल बनाया जा सके।

## मारपीट में महिला घायल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बकुची नेवादा गांव में बच्चों के विवाद में पट्टीदारों ने एक महिला को पीटकर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के बकुची नेवादा गांव में बुधवार को बच्चों के बीच हुए विवाद में पट्टीदारों ने 30 वर्षीय शाहिदा पत्नी रंगू को लाठी डंडे से पीटकर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# हमारा आंगन- हमारे बच्चे उत्सव आयोजित, निपुण बच्चे हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

बेसिक शिक्षा विभाग ब्लाक शाहगंज द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र शाहगंज में मंगलवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिषदीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जा रही शैक्षिक सुविधाओं और बच्चों के शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बाल वाटिका के सृजन और उसकी उपयोगिता रहा।

इस दौरान समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों की शिक्षा सुगम बनाने के लिए दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किया गया।

मुख्य अतिथि रमेश सिंह विधायक शाहगंज व विशिष्ट अतिथि डा गोरखनाथ पटेल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व उप जिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



खण्ड शिक्षा अधिकारी बसन्त कुमार शुक्ल एवं प्रदेश मंत्री ए आर पी एसोसिएशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ प्रशांत मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस दौरान प्रा वि गोरारी, पू मा वि गुरैनी व कस्तूरबा गांधी बालिका वि की बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया।

हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के तहत ब्लॉक के 16 न्याय पंचायतों से चयनित 80 निपुण बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। तथा 161 दिव्यांग बच्चो को उपकरण सामग्री वितरित किया गया। जिसमे 28 ट्राईसाईकिल, 38 व्हील चेयर, 16 बैसाखी, 2 सीपी चेयर, 12 रोलेटर, 59 एम आर किट, व 46 कान की मशीन वितरित की गई।

मुख्य अतिथि रमेश सिंह ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए इस योजना को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त जिम्मेदारी पर जोर दिया, जिसमें बच्चों का नियमित नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित करना शामिल है। आगे कहा कि हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव और निपुण बच्चों का सम्मान और दिव्यांग बच्चों को उपकरण प्रदान करने से समारोह में शिक्षा के नए आयामों की झलक देखने को मिल रही है।

विशिष्ट अतिथि डा गोरखनाथ पटेल ने सभी प्रतिभागी बच्चों की सराहना की। उन्होंने बाल वाटिका स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया, ताकि बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा में कोई कठिनाई न हो। आगे उन्होंने बताया कि टीएलएम के प्रयोग से न केवल बच्चों की शिक्षा का स्तर बढ़ेगा, बल्कि वे शिक्षा की मुख्य धारा से भी जुड़ सकेंगे। यह पहल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को समान शैक्षिक अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया ने कहा की बेसिक स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक शिक्षण साधनों से लैस किया जा रहा है, जो बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर बालिका शिक्षा विषय पर सुभाष चंद्र यादव, शैक्षिक गतिविधियों पर प्रशांत मिश्रा प्रदेश संगठन मंत्री एआरपी सघ, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर सुजीत सोनकर, सामुदायिक शिक्षा पर अखिलेश यादव व अभिषेक सिंह जिला सह संयोजक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने भी सम्बोधित किया।

बच्चों के प्रदर्शन से प्रभावित होकर डा अभिषेक सिंह ने अनुरोध पर विधायक रमेश सिंह ने पच्चीस हजार की प्रोत्साहन राशि कास्ट्यूम के लिए प्रदान किया। संचालन सै मो मुस्तफा व रत्नेश सिंह ने किया। आभार रचना जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय, वरिष्ठ सहायक विंध्यवासिनी उपाध्याय, नोडल अशोक वर्मा, अशोक कुमार मौर्य, वीरेन्द्र कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सजल सिंह, ओम प्रकाश यादव, डा.अरविन्द प्रकाश सिंह, वीरेंद्र यादव, ज्योति श्रीवास्तव, शिवानी मौर्य, राजबहादुर, अनुरूध मौर्य, बुद्धिराम, मन बहाल, ओम प्रकाश वर्मा, अखिलेश मिश्रा सहित शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने महाकुंभ जाने वाले यात्रियों से किया संवाद

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा मछलीशहर बस स्टेशन पर तथा मुंगराबादशाहपुर में माघी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पावन स्नान हेतु प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले तथा गंतव्य स्थल को लौटने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों में बिस्किट, पेयजल, फल इत्यादि का वितरण किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए उनके यात्रा, महाकुंभ स्नान, आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में स्नान करना बड़े सौभाग्य की बात है इस दौरान जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी दी जायेगी।

इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शौच के लिए गई किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव मे अपने ननिहाल आई किशोरी के साथ उक्त गांव का एक युवक दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोरशराबे की आवाज़ सुनकर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। आजमगढ जनपद के पवई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी अपने ननिहाल आई थी। बीते शनिवार को किशोरी शौच के लिए घर से बाहर खेत में गई। उसी दौरान उक्त गांव का एक युवक किशोरी से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर मौके पर भीड़ इकट्ठा होते देख युवक ने जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

## टूरिस्ट बस पर हुआ पथराव, माँ बेटे हुए घायल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जफराबाद।** जलालपुर क्षेत्र के बाकराबाद बीआरसी के पास बुधवार की दोपहर को कुछ बदमाश बच्चों ने टूरिस्ट बस पर पथराव कर दिया ।बस में सवार एक 38 वर्षीय महिला तथा उसका सात वर्ष का पुत्र घायल हो गया ।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। अमरोहा जनपद के 23 तीर्थ यात्रियों की बस कुम्भ स्नान करने के बाद काशीविश्वनाथ दर्शन करके अयोध्या धाम श्री रामलला के दर्शन पूजन के लिए जा रही थी। बस जब ऊक्त स्कूल के सामने पहुंची तभी वहां मौजूद चार पांच की संख्या मे बच्चों ने बस पर पथराव कर दिया। सभी बच्चों की उम्र 10 वर्ष के आसपास बतायी जा रही है। पत्थर लगने से बस के खिड़की का शीशा टूट गया। खिड़की के पास बैठी कुसुम देवी पत्नी राजू के कान पर पत्थर लगा गया ।उनके कान से खून निकलने लगा। तथा उनका पुत्र कृष्णा के कंधे में पत्थर लग गया।

## रत्नाकर चौबे बने ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जफराबाद।** सिरकोनी ब्लॉक के बिशुनपुर गांव निवासी रत्नाकर चौबे को भारतीय ब्राह्मण महा सभा (रा.) का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। महराजगंज क्षेत्र के ढेमा गांव में रविंद्र मिश्र के यहां अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा. की एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. श्रीपति उपाध्याय ने रत्नाकर चौबे को जिला अध्यक्ष मनोनीत कर प्रमाण पत्र दिया। डॉ.ज्ञान प्रकाश मिश्र को मुख्य संरक्षक अतिरिक्त प्रभार जौनपुर व अनिरूद्ध तिवारी को बदलापुर ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया।

# कवि कुंभ का हुआ आयोजन देर रात तक लगे ठहाके






**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

बस्ती जिले के पटेल चौक के हेरिटेज लॉन में मंगलवार को कवि कुंभ का आयोजन हुआ। जिसमे देश के कई नामचीन कवियों ने कविता का वाचन किया, साहित्य, श्रृंगार, वीर रस के कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब वाहवाही लूटी। श्रोताओं ने देर रात तक कविता का आनंद लिया और सामाजिक, राजनीतिक विसंगतियों पर किए गए व्यंग से संदेश देने का कार्य हुआ।

कवि कुंभ का शुभारंभ पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी व भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पा अर्चन कर किया। पहले कवि के रूप में मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र नेज बरसाए जो वह नयन चाहिए, कर दे पुलकित हृदय वह छुअन चाहिए, राग हो कृष्ण की बांसुरी सा मगन, प्रेम में राधिका जैसा मन चाहिए सुनाकर खूब तालियां बटोरी। वीर रस के कवि शिव कुमार व्यास नेज तन से ही कमजोर लेकिन मन शिवाला है, लीक से हटकर चलन का शौक पाला है, भीख में ले रोशनी मैं चांद सा दिखता नहीं, हूं भले जुगनू मगर अपना उजाला है सुनाकर श्रोताओं को रोमांचित कर दिया। कवयित्री कृपा संगम नेज मैं रहती गांव में हूं पर मेरा वह घर नहीं मिलता सुनाकर लोगों को अपनी परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया। संचालन कर रहे हास्य व्यंग के कभी विकास बौखल ने भारत पाकिस्तान, राजनीति और सामाजिक जीवन से जुड़े तमाम व्यंग प्रस्तुत कर लोगों को खूब हंसाया। युवा कवि स्वयं श्रीवास्तव नेज मुश्किल थी संभालना ही पड़ा घर के वास्ते, फिर घर से निकलना ही पड़ा घर के वास्ते, मजबूरियों का नाम हमने शौक रख दिया, हर शौक बदलना पड़ा फिर घर के वास्ते सुनाया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि प्रियांशु गजेंद्र नेज कहीं प्रशंसा कहीं पे ताली कहीं भरा मन कहीं से खाली, जैसे तैसे उम्र बिता ली मैंने तेरे प्यार में, रात रात भर तुमको गया सुबह छपे अखबार में सुनाया। इसके साथ ही उन्होंने राजनीतिक, सामाजिक विसंगतियों से जुड़ी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

आयोजक अनूप खरे ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से कार्यक्रम के संयोजक नितेश शर्मा, दिव्यांशु खरे, कौशलेंद्र पांडेय, अमित गुप्ता, प्रदीप चौधरी, अश्वनी श्रीवास्तव, सत्येंद्र श्रीवास्तव, अमित कुमार वर्मा, के के दुबे, प्रदीप पांडेय, वरुण सिंह, अभिनव उपाध्याय, सीमा खरे, अमित श्रीवास्तव, पल्लव, राजन, जटाशंकर शुक्ल, दुष्यंत विक्रम सिंह, अमित सिंह, श्रीराम पांडेय, श्रेयम श्रीवास्तव, नागेंद्र सिंह सिंकू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अवकाश के बाद भी सीएचसी पर उमड़ी मरीजो की भीड़



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

**रामसनेहीघाट।** बुधवार को अवकाश होने के बाद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में दोपहर बाद करीब 3 बजे मरीजों की भारी भीड़ पहुंच गई यह भी हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों की थी जिनका इलाज हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज आर्य द्वारा किया गया। आपको बता दें कि बाराबंकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में हड्डी रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने के कारण लखनऊ अयोध्या हाईवे पर होने वाले हादसों में घायलो व क्षेत्र में हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों का इलाज उन्हें स्थानीय स्तर पर नहीं मिल पाता है मजबूरन उन्हें अपने इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है, लोगों की समस्याओं को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अमरेश वर्मा व स्थानीय तमाम लोगों के अनुरोध पर इस गंभीर समस्या को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार में खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा के प्रयास से सप्ताह में शनिवार व बुधवार जिला चिकित्सालय बाराबंकी में तैनात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज आर्या को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट से संबद्ध किया गया है। बुधवार को जैसे ही मरीजों को यह सूचना मिली कि डॉक्टर मनोज आर्या अस्पताल पहुंच रहे हैं जिसके बाद अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी करीब 3 बजे जैसे ही हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचे अचानक मरीजों की भारी संख्या बढ़ गई इसके बाद हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों को लाइन में लगकर अपना इलाज करना पड़ा। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज आर्य ने बताया कि उनके पास जितने भी मरीज आते हैं

विद्वत उन्हें देखा जाता है मरीजों से जानकारी ली जाती है साथ ही जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों का समुचित इलाज किया जाता है इस दौरान कभी-कभी उन्हें मरीज का इलाज करते समय देर रात्रि हो जाती है लेकिन वह मरीज का समुचित इलाज करते है।

### वरिष्ठ पत्रकार पन्नालाल कुशवाहा का बीमारी से निधन, नगर में शोक

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव। शुक्लागंज।** कानपुर से प्रकाशित एक प्रमुख अखबार में 28 वर्षों तक सेवा देने वाले वरिष्ठ पत्रकार पन्नालाल कुशवाहा (56) का बुधवार सुबह कैंसर से निधन हो गया। वह पिछले पांच वर्षों से इस बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। चंपापुरवा मनसुख खेड़ा निवासी पन्नालाल कुशवाहा के निधन की सूचना पर नगर के गणमान्य लोग उनके घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। दोपहर में मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे पत्नी प्रेमलता कुशवाहा, बेटा शिवांश और बेटी दिव्यांशी को छोड़ गए हैं।

## रविदास जयंती पर निकली शोभायात्रा, आकर्षण का केन्द्र रही झांकी



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

**हैदरगढ़।** कस्बा सुबेहा में संत शिरोमणि रविदास की जयंती परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा में संत रविदास की आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी। कस्बे के महुवा तरे से शुरू हुई शोभायात्रा बैंड-बाजों की धुन पर निकली। यात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए स्थानीय थाने पहुंची, जहां थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह ने विधिवत स्वागत किया।

शोभायात्रा किला दरवाजा, महतेली टोला और माफी गढ़ी होते हुए अपने प्रारंभिक स्थल महुवा तरे पर लौटी, जहां इसका समापन हुआ।कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। थाना प्रभारी कृष्णकांत सिंह ने स्वयं मोर्चा संभाला और पूरे मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

इस अवसर पर राम कृषन, शिव प्रसाद, बृजेश जगप्रसाद, बसपा नेता रामलखन, राजाराम, परीदीन सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में भाग लिया।

## सन्त रविदास जयन्ती पर याद किये गये महान सन्त रविदास

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



महान सन्त रविदास को उनकी जयन्ती पर याद किया गया। भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन के संयोजन में पदाधिकारियों और विभिन्न संगठनो के नेताओं, पदाधिकारियो ने जिला अस्पताल के निकट स्थित संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

सामाजिक कार्यकर्ता डा. आर.के. आनन्द ने कहा कि संत रविदास बहुत प्रतिभाशाली थे। उन्होंने विभिन्न प्रकार के दोहों तथा पदों की रचना की। उनकी रचनाओं की विशेषता यह थी कि उनकी रचनाओं में समाज हेतु संदेश होता था। उन्होंने अपनी रचनाओं के द्वारा जातिगत भेदभाव को मिटा कर सामाजिक एकता को बढ़ाने पर बल दिया। बहुजन मुक्ति पार्टी के मण्डल अध्यक्ष हृदय गौतम, पिछड़ा मोर्चा के मण्डल महासचिव ठाकुर प्रेम नन्दबंशी संत रविदास बहुत दयालु प्रवृत्ति के थे।

वह बहुत से लोगों को बिना पैसे लिए जूते दे दिया करते थे।

भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन ने कहा कि संत रविदास दूसरों की सहायता करने में कभी पीछे नहीं हटते थे। साथ ही उन्हें संतों की सेवा करने में भी बहुत आनंद आता था। उनके इस संदेश को जीवन में उतारना चाहिये कि जहां प्रेम नहीं, वहां नरक है. जहां प्रेम है, वहां स्वर्ग है।

सन्त रविदास जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में विनय कुमार, रिफाकत अली, सत्येन्द्र सहाय, आत्मा प्रसाद, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सड़को पर बह रहा है नालियों का गंदा पानी

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

**रामसनेहीघाट।** नगर पंचायत रामसनेहीघाट के वार्ड नंबर 11 में सफाई कर्मचारियों की उदासीनता के चलते गंदगी कायम है वही नालियां चोक होने के कारण उससे निकलने वाला गंदा पानी रास्तों पर भरा रहता है जिसे लोगों को समस्याएं हो रही हैं, यहां पर कुछ लोगो ने नालियो पर ही चबूतरा बना रखा है जिससे सफाई नही ही पाती है, नगर वासियों ने अधिकारियों से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। आपको बता देंगे तहसील रामसनेहीघाट मुख्यालय स्थित नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 सुमेरगंज कस्बे में जल निकासी के लिए बनाई गई नाली चोक हो जाने के कारण लोगों के घरों का पानी नाली से ऊपर होकर रास्तों पर बह रहा है जिसके कारण यहां के निवासियों को भारी समस्याएं हो रही है। ग्रामीण विवेक, सुरेंद्र कौशल, मोन्टी, आदेश, विजय, संजय, अंकित, अशोक, दीपक, धर्मेंद्र, बृजमोहन, पिंटू सहित तमाम ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मचारी नियमित अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर रहा है इन ग्रामीणों का इधर से आना जाना होता है, वही कुछ लोगो का कहना है कि नाली पर कुछ लोगो ने चबूतरा बना रखा है जिससे नाली चोक हो जाने से लोगों के घरों का पानी नाली से उफनकर रास्ते में भरा हुआ है, ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि इस मामले की शिकायत अधिशासी अधिकारी से की जा चुकी है लेकिन समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो सका है। वही नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया की जनता को होने वाली समस्याएं उनकी समस्याएं हैं जल्द ही इस पूरे मामले की जांच कर कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, उनका साफ कहना है कि नगर वासियों ने मुझे नगर का अध्यक्ष चुना है तो मेरी भी प्राथमिकता है कि नगर के किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो पाए।

## मुंडा गोपाल आश्रम में मंत्रोच्चार के साथ 25 प्रतिमाओं की हुई स्थापना

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फतेहपुर।** ब्लॉक निंदूरा क्षेत्र के ग्राम शैली कीरतपुर के प्रसिद्ध मुण्डा गोपाल आश्रम में देवी देवताओं की 25 प्रतिमाओं का पूजन अर्चन कर उन्हें विधि विधान से स्थापित किया गया। इस दौरान आश्रम परिसर में पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ज्ञात हो कस्बा बड्डूपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध मुण्डा गोपाल आश्रम में मंगलार को पं0 अखिलेशचन्द्र शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना का कार्यक्रम शुरू किया गया। इस दौरान 33 कोटि देवताओं का पूजन अर्चन, 25 देवी देवताओं की मूर्तियों का प्राण प्रतिष्ठा विधान व हवन आरती करायी गयी। जिसके पश्चात् नौ ग्रह मंडल, शंकर भगवान परिवार, पांच गौमाता, दुर्गा माता जी, मां पिताम्बरा देवी, कुबेर जी, भगवान विश्वकर्मा, काम भैरव, हनुमान जी, शनि भगवान जी की मूर्तियों को उनके स्थानों पर साज-सज्जा के साथ स्थापित किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता आश्रम परिसर में लगना शुरू हो गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ग्रहस्थी जलकर खाक

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। मसौली।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रहरामऊ मे बुधवार की दोपहर मे खाना बनाते से समय गैस रिसाव के चलते लगी आग से फ्रिज, वासिंग मशीन सहित घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया सूचना पर पहुंची फायर विग्रेड की गाडी ने आग को शांत किया तब तक हजारों रुपये की सामग्री जल गयी। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम रहरामऊ निवासी मो. नफीस किदवाई पुत्र इरफ़ान रसूल किदवाई के घर गैस सिलेंडर पर खाना बन रहा था कि अचानक गैस रिसाव के चलते आग लग गयी आग की बढ़ती लपटो को देख ग्रामीण आग बुझाने के अथक प्रयास किये लेकिन आग पर काबू नही पा सके। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाडी ने अथक प्रयास कर आग को बुझाया तब तक किचन मे रखी फ्रिज, वशिंग मशीन, मिक्सी सहित खाने की रखी सामग्री जलकर राख हो गयी।

### महिला जागरूकता अभियान के तहत हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फतेहपुर।** तहसील क्षेत्र निन्दूरा ब्लाक अंतर्गत के ग्राम अगसण्ड कुर्सी में महिला जागरूकता अभियान के तहत संगम गुलाबी गैंग की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष राम देवी की अगुवाई में किया गया। जानकारी के अनुसार लगभग एक सप्ताह से अभियान चलाकर जिले के कई क्षेत्रों में संगम गुलाबी गैंग द्वारा बैठक कर महिलाओं को जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य उन महिलाओं को सशक्त बनाना है जो अपने अधिकारों से अनभिज्ञ हैं जो समाज की तरह तरह की प्रताड़ना झेल रही है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चले जागरूकता अभियान मे संगठन की सदस्यों ने जिलाधिकारी कार्यालय, सतरिख नाका, टेरा, कुर्सी, बहरौली, अनवारी आदि सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान विशेष रूप से अशिक्षित और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं से संवाद कर उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया आज बैठक के दौरान कई गांवों से आई हुई महिलाएं शामिल हुई गुलाबी गैंग का ये अभियान निरंतर कई वर्षों से चला आ रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राम देवी, मण्डल अध्यक्ष शिल्पी रावत, जिला सचिव सीमा रावत, तहसील अध्यक्ष अनीता गौतम, ब्लाक अध्यक्ष मीना, निर्मला रावत, सुमन रावत, गीता रावत आदि मौजूद रहे।

### आयोग के सदस्य का आगमन आज, प्रषासन सक्रिय

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नीरज गौतम गुरुवार सुबह 10:45 बजे लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के भूमिहीनों के पट्टा आवंटन एवं अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के थानावार लम्बित वादों की समीक्षा बैठक एवं विचार विमर्श करेंगे। इसके पश्चात् 11:30 बजे नेहरू युवा केन्द्र द्वारा ग्रामीण स्टेडियम बैसुवा, टेरा कला देवां में आयोजित 02 दिवसीय जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति खिलाड़ियों से परिचय भेटवार्ता एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। दोपहर 12:45 बजे विकास खण्ड देवां क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुजीबपुर में समाज कल्याण द्वारा निर्मित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों से मुलाकात एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। दोपहर 13:45 बजे जिला कारागार आगमन के साथ निरीक्षण एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बन्दियों से भेट मुलाकात एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे।

### दहेज लोभियों ने विवाहिता को पीटा, घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फतेहपुर।** थाना क्षेत्र में विवाह के 11 माह बाद ही ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के लालच में विवाहिता को मारपीट कर घर से भगा दिया। पीडित विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। वही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मामला थाना बड्डूपुर क्षेत्र के ग्राम रमपुरवा मजरे पिपरौली निवासी अनीता देवी पुत्री इंद्र कुमार का विवाह 11 माह पूर्व देवा थाना क्षेत्र के ग्राम सफीपुर निवासी अरूण कुमार के साथ हुआ था। विवाहिता का आरोप है कि विवाह के बाद से ही विवाहिता को दहेज में बाइक व सोने की चौन न लाने के कारण उसे आये दिन प्रताडित करना शुरू कर दिया। जिसमें एक फरवरी को आरोपी पति ने महिला की बेरहमी से पिटाई कर घर से भगा दिया। तब से महिला अपने मायके में ही रह रही है। इस संबंध में कोतवाल मनोज कुमार ने बताया, कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### विद्यालय के जर्जर भवन का गिरा छज्जा, चार मजदूर सहित पांच जख्मीजन

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। मोहम्मदपुरखाला।** एक प्राथमिक विद्यालय के भवन का छज्जा गिरने से चार मजदूर समेत एक नाबालिक किशोर चपेट आकर जख्मी हो गए। वही परिजनों ने घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज ले गए जहां पर दो युवको की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला मुख्यालय उपचार के लिए रेफर कर दिया। मामला मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढकवा प्राथमिक विद्यालय का है जहां पर जर्जर भवन की दीवार बुधवार को तोड़ी जा रही थी तभी छज्जा टूट कर अचानक गिरा इस दौरान मलबे में दबकर चार मजदूर एक पास में बैठा नाबालिक किशोर जख्मी हो गया। जिन्हे आनन फानन में सभी घायलों को सूरतगंज सीएससी इलाज हेतु भेजा गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने दो लोगों को हालत गंभीर होने पर जिला मुख्यालय के लिए भेज दिया घायलों में ढकवा निवासी दशरथ पुत्र शंकर (40) वर्ष अजीज पुत्र मंगत (35) वर्ष ननकू पुत्र कृपाल (53) वर्ष पप्पू पुत्र सोहनलाल (35) वर्ष वही संदीप पुत्र कौशल (17) वर्ष जिसमें पप्पू और संदीप को गंभीर चोटे आने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक राजश्री त्रिपाठी ने बताया कि दो लोगों को हल्की-फुल्की छोटे आई जिन्हें उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया और दो को उपचार कर जिला अस्पताल भेजा गया।

## पीडीए पंचायत का आयोजन कर गिनाई गयी समाजवादी पार्टी की उपलब्धियां




**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**परियर।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर पूर्व प्रत्याशी सफीपुर विधानसभा रामबरन कुरील ने विधानसभा 163 सफीपुर के पावा सेक्टर 12 में पी डी ए पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आये हुवे सम्मानित जनों को सम्बोधित कर पूर्व प्रत्याशी सफीपुर रामबरन कुरील ने कहा मौजूदा समय मे चल रही सरकार में पीड़ित गरीब शोषित सताया जा रहा है मान्यवर बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी ने जो हक हम सबको दिलाया था उसे भी खत्म करने की साजिश रची जा रही है संविधान को कुचलकर कर चुनाव आयोग का सहारा लेकर उपचुनाव चुनाव जीते जा रहे हैं। हमारे नेता अखिलेश यादव पीडीए के माध्यम से आमजनमानस की आवाज उठाने का काम कर रहे हैं समाजवादी सरकार में प्रदेश वासी खुशहाल थे भविष्य में पुनः सरकार बनाकर हमारे नेता पुनः प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर ले जायेंगे। कार्यक्रम को ऐनुल हशन कादरी, विशाल गौतम आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर ऐनुल हशन कादरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख आकाश भारती, आज़ाद भारती, छत्रपाल कुरील, विजय कुरील, राम रतन प्रधान, अखिलेश कुरील, रमेश, मुनव्वर, बुद्धिलाल यादव, रामदास प्रधान, सन्तराम, सन्तोष, रहीसुद्दीन, अबरार अंसारी, सन्तराम पाल, राजू, शन्तराम यादव, राधाकृष्ण, रजी सिद्दीकी, मनोज विश्वकर्मा, राजू राठौर, हिमांशू गौतम, कुलदीप सहित जनप्रतिनिधि एवं पीडीए के लोग उपस्थित रहें।

## कोटवाधाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

**सिरौलीगौसपुर।** कोटवाधाम में माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर समर्थ जगजीवन दास साहब के दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बुधवार की सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन और प्रसाद चढ़ाने के लिए कतारबद्ध हो गए। सीतापुर, गोंडा, बहराइच और अयोध्या सहित विभिन्न जनपदों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पहले अघहरण सरोवर में स्नान किया और फिर बड़े बाबा के दरबार का रुख किया। श्रद्धालुओं ने व्यवस्थित रूप से लाइन में लगकर बड़े बाबा की समाधि स्थल पर प्रसाद चढ़ाया और दर्शन-पूजन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने महंत निलेन्द्र बक्स दास के आश्रम में जाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महंत निलेन्द्र बक्स दास ने बताया कि माघ पूर्णिमा के अवसर पर कई जनपदों से श्रद्धालु बड़े बाबा के दरबार में अपनी मन्नतें मांगने आते हैं। जिन श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी होती हैं, वे अपने परिवार के साथ पुनः दर्शन के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोतवाली पड़ोसन पुलिस को तैनात किया गया है, जो व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाल रही है।

## समाजिक संस्था द्वारा बुजुर्गों की आंखों के ऑपरेशन के बाद दिये गये निशुल्क आई ड्रॉप

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**




समाजिक संस्था नवयुग जन चेतना सेवा संस्थान द्वारा विगत तीन फ़रवरी को आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद आई कैम्प में चिह्नित किए गए मोतिया बिंद के 156 मरीजो का कानपुर में आपरेशन कराकर चश्मा दवा देने के बाद उन सभी की नेत्र ज्योति का पुन परीक्षण कैंप ग्राम भिखारी खेड़ा में साईं आई हॉस्पिटल कानपुर के नेत्र परीक्षक अजय कुमार तिवारी और शनि कुमार ने संयुक्त रूप से किया जाँच में आपरेशन करा चुके सभी मरीज़ो की नेत्रज्योति बिलकुल ठीक पायी गई उक्त जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष पुत्तन लाल पाल ने बताया कि नेत्र ज्योति परीक्षण के बाद सभी बुजुर्गों को जहां आई ड्राप वितरित किए गए वही पुत्तन लाल पाल ने सभी मरीज़ों को संबोधित करते हुआ कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम बूढ़ों की सेवा करें कभी हम भी बूढ़े होंगे।

इसी के साथ पुत्तन पाल ने यह भी कहा कि आगामी 8 मार्च को संस्था की ओर से टेस्टेड चश्मों का निःशुल्क वितरण मोतियाबिन्द का आपरेशन इस कैंप में करा चुके मरीज़ों को ग्राम भिखारी खेड़ा में किया जाएगा ज्योति परीक्षण कराने वालों में हाफ़िज़ सरला सिद्दीक़ बृजकिशोर तिवारी शमशेर सिंह मीरा शुक्ला रामराती लीलावती कैलाशा हरिकेश उजागर के अलावा संस्था के मनोज पाल मुकेश सूरज पाल राम बिहारी भैया लाल अमरनाथ राकेश कुमार रामासरे विनोद कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## आस्था की डुबकी, हर-हर गंगे के जयघोष से गूंजे प्रमुख घाट

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

शुक्लागंज। माघ मास के आखिरी स्नान 'माघी पूर्णिमा' के अवसर पर बुधवार को गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के सुबह से ही स्नानार्थियों का तांता लगा रहा। पतित पावनी गंगा में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान सत्यनारायण की कथा सुनी और पूजा-अर्चना की। घरों और मंदिरों में भी भगवान विष्णु की आराधना की गई। पूरे दिन 'हर-हर गंगे' और 'जय गंगा मैया' के जयघोष से घाट गूंजते रहे। नगर के यात्री पुल, बालूघाट, मिश्रा कॉलोनी स्थित पक्का घाट और जाजमऊ चंदन घाट पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखने को मिली। तड़के सुबह 5 बजे से स्नान का क्रम शुरू हो गया, जो दोपहर बाद तक जारी रहा। कई श्रद्धालुओं ने गंगा जल से अभिषेक कर दान-पुण्य किया और भंडारे का आयोजन किया।

मान्यता है कि माघी पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन और नगर पालिका की ओर से घाटों पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की गई।

एनडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें भी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहीं। प्रशासन द्वारा लोगों से सुरक्षित स्नान करने की अपील की गई।

## कम्पोजिट विद्यालय मौलाबाद में हुआ बालिका सम्मेलन

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर।** कम्पोजिट विद्यालय मौलाबाद में बुधवार को पंचायत स्तरीय किशोरी बालिका सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 300 किशोरियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम किशोरियों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान राजीव कुमार और वात्सल्य कार्यक्रम प्रबंधक भुआल सिंह तथा प्रेम शेखर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने जागरूकता नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किए। प्रतिभाशाली प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया। सम्मेलन में किशोरियों को शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य जागरूकता, लैंगिक भेदभाव और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विषयों।

## नही रहे आमीन बाबा, शोक की लहर

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

**जैदपुर।** ज़ैदपुर कस्बे के मोहल्ला छेदाकटरा निवासी हाफिज़ मो मियां आमीन अंसारी बाबा का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को 5 बजे के करीब इन्तिकाल हो गया। पिछले चार दशक पहले से मझगवां शरीफ के सज्जादा नशीन मियां आरिफ अली शाह के मुरीद बने थे। तभी उन्हीं के बताए रास्ते को मानते हुए लोगों को इंसानियत का संदेश देने का काम करते थे। घर से दूर बुनकर कालोनी के पास एक अपना मिट्टी का बंगला बनाकर वहाँ पर आने वाले हर खासोआम को इज़्ज़त के साथ खाना खिलाने का लंगर चलता रहता है। आसपास के काफी लोग मियां आमीन से मिलने भी जाया करते थे। और मुरीद अक्सर हर कार्यक्रम में शामिल होते थे।

मझगवां शरीफ के हर उर्स के मौके पर आमीन मियां का लंगर अलग से चलता था। जहाँ पर कई जनपदों के मुरीद शामिल होते थे। दूसरों की मदद करना और बड़े व्यवहार के साथ लोगों से बात करना मियां की खास पहचान थी।

मियां के इन्तिकाल की खबर ज़ैदपुर कस्बे में पहुंचते ही परिवार सहित हजारों मुरीद व चाहने वालों में गम की लहर दौड़ गई।

घर से लेकर उनके बंगके तक चाहने वालों की भारी भीड़ जमा हो गई। मियां के बड़े बेटे अफ़रोज़ अंसारी व कमरूज़्ज़मा के साथ दो बेटी भी हैं।

# एयरो इंडिया 2025: हमारे रक्षा उपकरण पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बने: राजनाथ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



एयरो इंडिया 2025 में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत परिवर्तन के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है और देश के लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैनिक जहाज न केवल हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं। एयरो इंडिया 2025 के समापन समारोह पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, एयरो इंडिया ने ऐसी ऊंचाइयों को छुआ है जो न केवल अद्वितीय हैं बल्कि ऐतिहासिक भी हैं। उन्होंने कहा, मैं पिछले तीन दिनों से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से मौजूद था और अगर मुझे अपने अनुभव को तीन शब्दों में व्यक्त करना है तो वह है ऊर्जा, ऊर्जा और ऊर्जा। उन्होंने कहा कि, यहां हम जो कुछ भी देख पाए, वह ऊर्जा का प्रकटीकरण है और यह ऊर्जा और उत्साह न केवल भारत के प्रतिभागियों में बल्कि दुनिया भर से आए लोगों में देखी जा सकती है। हमारे उद्यमियों, हमारे स्टार्टअप और इनोवेटर्स में जो उत्साह देखा गया, वह सराहनीय है।

### 'देश बदलाव के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है'

रक्षा मंत्री ने कहा कि देश बदलाव के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि भारत ऐतिहासिक रूप से अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर रहा है। अगर मैं एक दशक पहले की बात करूं तो हमारे देश में 65 से 70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। उन्होंने कहा, यदि हम आज की स्थिति को देखें तो आप इसे समाधान या चमत्कार कह सकते हैं, लेकिन आज देश में लगभग उतने ही प्रतिशत रक्षा उपकरणों का निर्माण हो रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा, आज हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहां लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैन्य पोत या ऐसे अनेक उपकरण और प्लेटफॉर्म न सिर्फ हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा, आज हम छोटे तोपखानों से लेकर ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल प्रणाली जैसे बड़े प्लेटफॉर्म तक, सब कुछ कई देशों को निर्यात कर रहे हैं। इससे न केवल हमारा रक्षा निर्यात बढ़ रहा है बल्कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के साथ हमारी नई साझेदारियां भी विकसित और मजबूत हो रही हैं।

### राजनाथ सिंह ने पांच देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को यहां एयरो इंडिया 2025 शिखर सम्मेलन के दौरान जिम्बाब्वे, यमन, इथियोपिया, गाम्बिया और गैबॉन के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। जिम्बाब्वे की रक्षा मंत्री ओप्पा मुचिंगुरी काशिरी के साथ बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की और जिम्बाब्वे के सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण, सैन्य पाठ्यक्रम और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की। इसके अनुसार दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए और विश्वास व्यक्त किया कि इससे संबंधों में और प्रगाढ़ता आएगी। उन्होंने एमओयू को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए रक्षा मंत्रियों के बीच नियमित संपर्क के महत्व को रेखांकित किया।

# केंद्र ने निकाला पेंशन संकट का हल, सुप्रीम कोर्ट को दी यूपीएस की जानकारी, सुनवाई 12 सप्ताह के लिए स्थगित



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

न्यायिक अधिकारियों और हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जजों की पेंशन से जुड़े मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को अधिसूचित करने की जानकारी दी है। इस योजना से पेंशन संबंधित समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई को 12 सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया ताकि नई योजना के प्रभावों का सही तरीके से मूल्यांकन किया जा सके।

### एक नजर, क्या है यूपीएस?

वहीं बात अब यूपीएस की करें तो, इसके तहत सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन देने का प्रावधान है। यह योजना उन केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए है, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत आते हैं और यूपीएस का विकल्प चुनते हैं। अगर कर्मचारी को सेवा से हटाया जाता है या वह इस्तीफा देता है, तो उसे यूपीएस या आश्वासन भुगतान नहीं मिलेगा। यह योजना 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को यूपीएस और एनपीएस में से किसी एक को चुनने का विकल्प देती है।

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सरकार ने 25 जनवरी को यूपीएस को अधिसूचित किया है। इस योजना के तहत, न्यायिक अधिकारियों समेत सभी सरकारी कर्मचारियों को पेंशन संबंधी चिंताओं को हल करने की उम्मीद है।

## हेराफेरी के आरोपों पर सीईसी राजीव कुमार बोले डेटा प्रणाली मजबूत है, कुछ भी गलत नहीं हो सकता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि मतदान डाटा प्रणाली बेहद मजबूत है। इसमें अंतर्निहित व्यवस्था यह सुनिश्चित करती हैं कि कुछ भी गड़बड़ न हो।उनकी यह टिप्पणी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में आंकड़ों में हेराफेरी के आरोपों के बीच आई है। %लोकसभा 2024 एटलस% लॉन्च करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कुमार ने कहा कि बूथ स्तर के अफसरों सहित लाखों अधिकारी डाटा तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रणाली के डिजाइन के अनुसार इसमें कुछ भी गलत संभव नहीं है। उनहोंने कहा कि यदि किसी से गलती होती है, तो प्रणाली उस डाटा को स्वीकार नहीं करती। एटलस-2024, चुनाव और चुनाव परिणामों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह दस्तावेज अधिकतम पारदर्शिता, पहुंच और चुनाव संबंधी आंकड़ों की अभिव्यक्ति के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। 2024 का संसदीय चुनाव सात चरणों में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 10.5 लाख मतदान केंद्रों पर 44 दिनों में मतदान पूरा हुआ।

## महाराष्ट्र में जीबीएस के मरीजों की संख्या 200 के पार, मुंबई में पहली मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र में गुलियन-बेरी सिंड्रोम (जीबीएस) के संदिग्ध मरीजों की संख्या 200 के पार पहुंच गई है। वहीं, मुंबई में इस बीमारी से पहली मौत के साथ ही राज्य में एक महीने में जीबीएस से संदिग्ध तौर पर 8 लोगों की जान जा चुकी है। पुणे में जीबीएस के सबसे ज्यादा मरीज हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार पुणे क्षेत्र में जीबीएस के संदिग्ध और पुष्टि किए गए मामलों की संख्या 203 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 203 मामलों में से 176 में जीबीएस का इलाज किया जा रहा है। इसमें से 52 मरीज आईसीयू में है, जबकि 20 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। पुणे महानगरपालिका क्षेत्र में 41, ग्रामीण इलाकों से आए 94 मरीजों के अलावा जिले के पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका क्षेत्र में 29 और पुणे ग्रामीण क्षेत्र के 31 सहित अन्य जिले के 8 मरीजों का विभिन्न अस्पतालों में जीबीएस का उपचार चल रहा हैं।

### ये हैं बीमारी के लक्षण

जीबीएस एक दुर्लभ और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारी है। स्वाइन फ्लू की तरह इस बीमारी के लक्षण होते हैं, जिसमें सर्दी, जुकाम और जेलस बुखार आता है। इसके कारण मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है और शरीर के अंग सुन्न पड़ जाते हैं।

### केंद्र ने भेजी सात सदस्यीय टीम

जीबीएस के बढ़ते मामले को देखते हुए बीते 27 जनवरी को केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने सात सदस्यीय टीम पुणे भेजी थी। वहीं, जीबीएस के प्रकोप के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रशासन से मरीजों के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में विशेष व्यवस्था करने के लिए कहा था।

## आप की हार का फायदा उठाएगी कांग्रेस?

दिल्ली में आप की हार का गहरा असर ना सिर्फ केजरीवाल की राजनीति पर पड़ेगा, बल्कि पार्टी के प्रभाव को भी धुंधला कर सकता है। अब आप की सरकार सिर्फ पंजाब में बची है। इस हार से निश्चित तौर पर पार्टी हाईकमान चिंतित होगा और पंजाब के किले को बरकरार रखने के लिए नई रणनीति के साथ मैदान में उतरना पड़ सकता है। जानकार तो यह भी कहते हैं कि दिल्ली में केजरीवाल की हार से कांग्रेस के दोनों हाथों में लड्डू हैं। कांग्रेस ना सिर्फ दिल्ली में आप की जीत में रोड़ा बनी, बल्कि पंजाब में भी आप की इस हार का सीधा फायदा उठाएगी। पंजाब में कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है और आप ने दिल्ली की तरह ही पंजाब में भी कांग्रेस से सत्ता छीनी थी। हालांकि, पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल के हाथ खाली हो गए हैं। वे अब जनप्रतिनिधि नहीं रहे हैं। उनके पास कोई संवैधानिक पद नहीं रहा है। ना ही वे साल 2028 से पहले राज्यसभा के सदस्य बन सकते हैं। केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा सीट से लगातार तीन बार चुनाव जीते और चौथी बार चुनाव में बीजेपी के प्रवेश वर्मा से हार गए हैं। दिल्ली में पार्टी का विजय रथ भी थम गया है। दिल्ली में हार से केजरीवाल की अगली रणनीति पर भी ब्रेक लग सकता है। चूंकि, केजरीवाल की हमेशा कोशिश रही है कि पार्टी अन्य प्रदेशों में भी चुनाव लड़े और अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। संगठन भी अलग-अलग राज्यों में खड़ा करे. लेकिन दिल्ली की हार से पार्टी को बड़ा झटका लगा है और बिहार विधानसभा चुनाव में उतरने का प्लान धरा रह सकता है।



(डीपी शुक्ल)



जानकार कहते हैं कि दिल्ली में हार के बाद केजरीवाल को खुद को राजनीति में प्रासंगिक बनाने के लिए बहुत संघर्ष करना होगा। फिलहाल, राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी के साथ पार्टी की रणनीति को जमीन पर उतारना होगा। चूंकि, पंजाब में राज्यसभा के चुनाव साल 2028 में होंगे और दिल्ली में साल 2030 में होंगे. ऐसे में अगले तीन साल तक राज्यसभा जाने की उम्मीदें भी दूर तक नहीं दिख रही हैं। एक आशंका यह भी है कि प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आप को भी आरोपी बनाया है और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। अगर कोर्ट में दोष साबित होता है तो ना सिर्फ पार्टी खत्म हो सकती है, बल्कि केजरीवाल के पास भी संयोजक का पद नहीं रह जाएगा। राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर मिली सरकारी सुविधाएं भी छीनी जा सकती हैं।

## महाकुंभ भगदड़ को लेकर ममता बनर्जी का यूपी सरकार पर हमला, कहा मृतकों की सही संख्या नहीं बताई गई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यूपी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने मृतकों की सही संख्या जारी नहीं की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में राज्य का बजट पेश किए जाने के बाद सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर भी निशाना साधा। उन्होंने केंद्र द्वारा राज्य का बकाया जारी न करने पर निराशा जताई। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि महाकुंभ की घटना में बहुत लोग मारे गए, लेकिन वे सही संख्या में मौतों का खुलासा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने शोर मचाया कि बड़ी संख्या में लोग महाकुंभ में आए, लेकिन आयोजन स्थल पर कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई। महाकुंभ में 29 जनवरी को मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे। सीएम ने दावा किया कि केंद्र ने पश्चिम बंगाल का बकाया जारी नहीं किया। राज्य सरकार अपना धन प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की बंगाल को लेकर की गई टिप्पणियों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री के बयान पक्षपातपूर्ण हैं और तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर आम बजट में खोखले वादे करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में केवल वादे होते हैं। हम अपने राजस्व से धन आवंटित करते हैं और बजट में जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि एक मजबूत संघीय ढांचे के बिना देश मजबूत नहीं हो सकता। उन्होंने राज्य की स्वायत्तता और केंद्र तथा राज्यों के बीच संतुलित संबंधों के महत्व पर विश्वास जताया। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ममता बनर्जी सरकार का यह आखिरी पूर्ण बजट है। पिछले बजट में राज्य को 3.67 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। वित्त मंत्री भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य सरकार एक अप्रैल 2025 से राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की वृद्धि करेगी। इससे राज्य सरकार के 10 लाख से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का कुल महंगाई भत्ता बढ़कर 18 प्रतिशत हो जाएगा। उन्होंने ग्रामीण विकास और पंचायतों के लिए 44,000 करोड़ रुपये, ग्रामीण सड़कों के सुधार के लिए 1,500 करोड़ रुपये, गंगासागर में गंगा नदी पर 4.75 किलोमीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये मंजूर किए।

### ममता सरकार ने पेश किया 3.89 लाख करोड़ रुपये का बजट

पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बुधवार को विधानसभा में 3.89 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में चार प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की गई। राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में बुनियादी ढांचे और कृषि विकास परियोजनाओं की एक रूपरेखा भी पेश की जिसमें ग्रामीण संपर्क, नदी कटाव नियंत्रण और कृषि सहायता पहलों के लिए महत्वपूर्ण धन आवंटित किया गया है।

# साल भर में पांच लाख वृक्षारोपण के लक्ष्य से हरा-भरा होगा आगरा

- किशोर शक्ति फाउंडेशन द्वारा ताजनगरी को सवारने के लिए जारी है मुहिम
- अबतक लग चुके 16,300 पौधे, क्या कर रहे हैं संकल्प सिद्धि की हकीकत

जन एक्सप्रेस। आगरा




पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण के महत्व को समझते हुए किशोर शक्ति फाउंडेशन द्वारा शक्ति ऑफ फॉरेस्ट अभियान के तहत प्रतिवर्ष पांच लाख पौधे रोपने के लक्ष्य रखा गया है। बुधवार को आयोजित हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ पौधे लगने का आंकड़ा 16,300 पर पहुंच गया है। अभियान के विषय में जानकारी देते हुए किशोर शक्ति फाउंडेशन के निदेशक दीपक अग्रवाल ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से वृक्षारोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से जगह चिन्हित की जाती हैं। जिसके तहत नगर निगम, नगरपालिका, वन विभाग, उद्यान विभाग, स्कूलों और निजी कॉलोनी वासियों के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। वृक्षारोपण और उनके रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए टीम बनाई गई हैं। खास बात यह है कि प्रत्येक पौधे की जीओ टैगिंग भी की जाती है। ताजमहल के लिए विश्व मानचित्र पर पहचाना जाने वाला आगरा जरूरी है, यहां के प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी जाना जाए, यही इस अभियान का मूल उद्देश्य है। घटते वन्य क्षेत्र और दूषित होती हवा को लेकर माननीय सुप्रीम कोर्ट बार-बार अपनी चिंता व्यक्त कर चुका है और नियमित रूप से आदेश पारित किए हैं। इस पर हम सभी को मानवीय दायित्व समझकर कार्य करने की आवश्यकता है।

### विदेशी मेहमानों ने किया वृक्षारोपण स्थलों का दौरा

अभियान को मॉनिटर कर रही संयोजक साक्षी अग्रवाल ने बताया कि आज सांकेतिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, बृहद स्तर पर पेड़ मानसून से पहले लगाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण के इस अभियान को देश ही नहीं, विदेशों में भी खास तौर पर सराहा जा रहा है। इसी श्रृंखला में स्वीडन से पधारे विदेशी मेहमान नदीन और ओम ने वृक्षारोपण स्थलों का दौरा कर अभियान की जानकारी लेते हुए बारीकी से अभियान को समझा। उन्होंने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण सिर्फ भारत की जरूरत नहीं है, यह आज एक वैश्विक मुद्दा है। इसके लिए इस प्रकार के सार्थक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इस दौरान वृक्षारोपण की मुहिम शक्ति ऑफ फॉरेस्ट में जुटे कार्यकर्ताओं के साथ स्नेह अग्रवाल, सतीश अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे।

# बेघर नागरिकों द्वारा ली गई मुंबई की अनोखी तस्वीरें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी ने 'माई मुंबई प्रोजेक्ट फोटो' प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए बेघर नागरिकों द्वारा खींची गई तस्वीरों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी मुंबई को उन नजरों से दिखाती है,जो अक्सर समाज द्वारा अनदेखी कर दी जाती हैं। पहचान संस्था द्वारा 50 बेघर नागरिकों को कैमरे उपलब्ध कराए गए, जिससे उन्हें अपने दृष्टिकोण से मुंबई को चित्रित करने का अवसर मिला। कुल 1,107 तस्वीरों में से चुनी गई 40 बेहतरीन तस्वीरों की प्रदर्शनी मुंबई प्रेस क्लब में लगाई गई। इस उद्घाटन समारोह में राज्य नियंत्रण आश्रय समिति के अध्यक्ष उज्ज्वल उके, सूचना का अधिकार कार्यकर्ता अनिल गलगली, वरिष्ठ फोटोग्राफर प्रशांत नाकवे, ब्रिजेश आर्य और सार्थक बनर्जीपुरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर भूषण गगरानी ने कहा, यह प्रदर्शनी बेघर नागरिकों के अनुभवों और दृष्टिकोण से मुंबई के विभिन्न पहलुओं को सामने लाने का अनूठा प्रयास है। यह न केवल शहर की सामाजिक वास्तविकता को उजागर करता है, बल्कि हाशिए पर मौजूद नागरिकों को मुख्यधारा में शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। उन्होंने यह भी बताया कि क्लब्स्ट बेघर नागरिकों की राहत और पुनर्वास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर अनिल गलगली, उज्ज्वल उके और प्रशांत नाकवे ने भी अपने विचार साझा किए और इस अभिनव पहल की सराहना की। 'माई मुंबई प्रोजेक्ट फोटो' प्रदर्शनी समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को अपनी अभिव्यक्ति का मंच देने का एक प्रयास है, जो आने वाले दिनों में भी जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगी।




# यूएस टैरिफ वार के बीच भारत के पास निर्यात बढ़ाने का अवसर: ए. बिपिन मेनन

जन एक्सप्रेस। आगरा

- राष्ट्रीय संगोष्ठी 'निर्यात प्रोत्साहन' का किया आयोजन, आगरा सहित विभिन्न जिलों के उद्यमियों ने लिया भाग
- केंद्र और राज्य सरकार के शीर्ष अधिकारियों ने निर्यात प्रोत्साहन से जुड़ी सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, विकास कार्यालय, आगरा द्वारा बुधवार को होटल ओपल कोर्टयार्ड, एनएच-19 पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 'निर्यात प्रोत्साहन' का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ मुख्य अतिथि आयुक्त, चेयरमैन एवं सीईओ, नोएडा स्पेशल इकनॉमिक जोन, आईटीएस ए. बिपिन मेनन एमएसएमई-डीएफओ आगरा के संयुक्त निदेशक डॉ. आरके भारती, आईईडीएस, सहायक निदेशक, ग्रेड-1 आईईडीएस, अभिषेक सिंह, नैपाल सिंह, एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर, फैक्ट्री ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर खन्ना, हेंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अस्थाना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन संयुक्त निदेशक डॉ. आरके भारती ने करते हुए एमएसएमई विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उससे पूर्व स्वागत उद्बोधन सहायक निदेशक सुशील यादव ने दिया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विकास आयुक्त, चेयरमैन एवं सीईओ, नोएडा स्पेशल इकनॉमिक जोन, आईटीएस ए. बिपिन मेनन ने अपने उद्घाटन संबोधन में केंद्र और राज्य सरकार के निर्यात प्रोत्साहन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। एक्सपोर्ट प्लान बनाकर क्वालिटी, इंफ्रा, फाइनेंस और मार्केटिंग पर फोकस करके ही हम आगरा से हो रहे 7500 करोड़ के निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प से भारत के अच्छे रिश्ते चाइना, कनाडा, ब्राजील, मैक्सिको जैसे देशों पर टैरिफ वार को अवसर के रूप यदि हम लें तो निर्यात लक्ष्य हम आसानी से हासिल कर सकते हैं। मुझे उम्मीद है, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि निर्यातक बंधुओं और सरकार के पारस्परिक तालमेल से यह लक्ष्य हम अवश्य हासिल करेंगे। उसके बाद संगोष्ठी में निर्यात संवर्धन के माध्यम से नई सीमाओं का अन्वेषण, निर्यात संवर्धन के लिए योजनाओं पर चर्चा, निर्यात के लिए लॉजिस्टिक समर्थन और तकनीकी सत्र सहित चार सत्र आयोजित हुए, जिनमें विषय विशेषज्ञ के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय जीजेईपीसी नई दिल्ली के क्षेत्रीय निदेशक संजीव भाटिया, सिडबी के शाखा प्रबंधक आकाश सोनी, ईसीजीसी के प्रबंधक ऋतेश कुमार, डाकघर निर्यात केंद्र के आईपीओएस अभिषेक श्रीवास्तव, कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के सहायक अधिकारी राजीव कुमार चतुर्वेदी, फियो के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव और कोलंबस इंटीग्रेशन के अभिषेक अस्थाना ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से निर्यात से जुड़ी बारीकियों को समझाया। वहीं इस मौके पर एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा कि विश्व की 800 करोड़ की आवादी के लिए हमें प्रोडक्शन फैक्ट्री बनने के लिए हमें सरकार के साथ सामूहिक प्रयास करने होंगे भारत की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई सेक्टर का बड़ा योगदान है हवाई जहाज के इंजन तक के पुर्जे एमएसएमई बना रहा है। साथ ही इस मौके उन्होंने पर मुख्य अतिथि के समक्ष आगरा में नोएडा स्पेशल इकनोमिक जोन की तर्ज पर आगरा में इसकी आवश्यकता पर जोर दिया। नेशनल एससी एसटी हब ऑफिस के शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र सूर्यवंशी ने नेशनल एससी एसटी वर्ग से जुड़े उद्यमियों के लिए विभाग की योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। हेंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अस्थाना ने पी एल आई स्कीम्स का लाभ सभी इंडस्ट्री को दिए जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए नीतिगत सुधार की आवश्यकता जताई। लघुउद्योग भारती के प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल ने आगरा में इंडस्ट्री विस्तार की बात रखते हुए सम्भवनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान सिडबी के प्रबंधक, आकाश सोनी, जी टी भारत के मंजीत सिंह, नीलम जी, अग्रिम टेक के अचिंतय शर्मा, आगरा विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार अनूप केशरवानी, शारदा विश्वविद्यालय के बिज़नेस स्कूल के प्रभारी संजीव ठाकुर, सीसीएलए के महासचिव अजय शर्मा और समन्वयक ब्रजेश शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)